बैशाख कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 2 मई 2024
वर्ष 4, अंक 74, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कैमरे में कैद हुई निहारिका की भीतरी संरचना 14
अक्षय-अरशद शुरू करेंगे जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग 13

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## एक नजर

### वाणिज्यिक एलपीजी की दर 19 रुपये घटी



**नई दिल्ली।** विमान ईंधन की कीमत में बुधवार को मामूली 0.7% की वृद्धि के साथ ही वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में 19 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है। तेल कंपनियों ने 19 किग्रा वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 19 रुपये घटाकर 1,745.50 रुपये कर दी। इस सिलेंडर की कीमत में एक अप्रैल को 30.5 रुपये की कटौती हुई थी।

### डीआरडीओ ने किया 'स्मार्ट' का परीक्षण



**भुवनेश्वर।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार सुबह ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से सुपरसोनिक मिसाइल-असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो (स्मार्ट) प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। 'स्मार्ट' अगली पीढ़ी की मिसाइल-आधारित हल्का टॉरपीडो वितरण प्रणाली है, जिसे नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता को हल्के टॉरपीडो की पारंपरिक सीमा से कहीं अधिक बढ़ाने के लिए डीआरडीओ द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। यह प्रणाली नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता को बढ़ायेगी।

### शाहजहां के फरार भाई को सीबीआई का समन

**कोलकाता।** सीबीआई ने प. बंगाल के संदेशखालि में जमीन हथियाने के मामले की जांच में टीएमसी से निलंबित एवं गिरफ्तार शाहजहां शेख के भाई शेख सिराजुद्दीन को समन जारी किया है। सीबीआई का मानना है कि उसने इस घोटाले में अहम भूमिका निभाई है। अधिकारी ने कहा कि छह मई को कोलकाता कार्यालय में सिराजुद्दीन को पेश होने के लिए समन जारी हुआ है।

# राज्य के खनन निदेशक एसएल पैट्रिक निलंबित

ब्यूरो, देहरादून

- पैट्रिक पर लगे हैं लेन-देन, पद का दुरुपयोग जैसे गंभीर आरोप



**अमृत विचार :** शासन ने राज्य के भूतत्व एवं खनिकर्म के निदेशक एसएल पैट्रिक को निलंबित कर दिया है। पैट्रिक पर पद का दुरुपयोग, लाभ के लिए गोपनीयता भंग करना, लेन-देन और राजस्व हानि जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। 30 जून को उनका कार्यकाल पूरा हो रहा था। संभावना है कि अपर निदेशक राजपाल लेघा को निदेशक बनाया जा सकता है।

औद्यगिक विकास (खनन) अनुभाग के अपर सचिव लक्ष्मण सिंह द्वारा 30 अप्रैल को जारी निलंबन आदेश में कहा गया है कि एक व्यक्ति ने पैट्रिक पर लेनदेन व प्रलोभन के आरोप लगाए हैं। लेकिन पैट्रिक इसका खंडन नहीं कर सके। यह भी आरोप है कि पैट्रिक की लचर कार्यप्रणाली, उदासीनता, समय से काम निष्पादित नहीं होने से पत्रावलियां शासन स्तर पर ही लंबित हैं इस वजह से खनन पट्टों की स्वीकृति समय से नहीं हो सकी और राजस्व की प्राप्ति नहीं हुई।

# बना रिकॉर्ड, जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली, एजेंसी



- घरेलू लेन-देन तथा आयात में मजबूत वृद्धि से अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ रुपये का संग्रह

देश का सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत बढ़कर 2.10 लाख करोड़ के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। घरेलू लेन-देन तथा आयात में मजबूत वृद्धि से ऐसा हुआ है। यह पहला मौका है जब किसी महीने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह दो लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये के उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जो घरेलू लेनदेन (13.4%) और आयात (8.3%) में मजबूत वृद्धि के दम पर संभव हो पाया। जीएसटी मार्च में 1.78 लाख करोड़ से अधिक रहा जबकि अप्रैल 2023 में यह 1.87 लाख करोड़ था। वित्त मंत्रालय के मुताबिक गत माह केंद्रीय जीएसटी संग्रह 43,846 करोड़ और राज्य जीएसटी संग्रह 53,538 करोड़ रहा। एकीकृत जीएसटी 99,623 करोड़ रहा, जिसमें आयातित वस्तुओं पर एकत्र 37,826 करोड़ रुपये शामिल हैं। अप्रैल में कुल उपकर संग्रह 13,260 करोड़ रहा, जिसमें आयातित वस्तुओं पर संग्रहित 1,008 करोड़ रुपये भी हैं। केंद्र सरकार ने एकीकृत जीएसटी संग्रह से केंद्रीय जीएसटी के लिए 50,307 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी के लिए 41,600 करोड़ रुपये का निपटान किया।

डेलॉयट इंडिया में साझेदार महेश जयसिंह ने कहा कि जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी होने से प्रणाली में दूसरे दौर के सुधारों की दिशा में बढ़ने का मंच तैयार हो गया है। टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज में साझेदार विवेक जालान ने कहा कि जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने के शुरुआती दौर में इसका औसत मासिक संग्रह करीब 0.90 लाख करोड़ था लेकिन अब यह 2.10 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है।

### आर्थिक गतिविधियों में तेजी और दक्ष कर संग्रह से यह संभव हुआ : सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि आर्थिक गतिविधियों में तेजी और कर संग्रह में दक्षता के दम पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। सीतारमण ने 'एक्स' पर इस मील के पत्थर को हासिल करने में राजस्व विभाग के केंद्रीय और राज्य अधिकारियों तथा केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के 'ईमानदार और सहयोगात्मक प्रयासों' की सराहना की। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में मजबूत गतिविधियां और कुशल कर संग्रह की बदौलत जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। घरेलू लेनदेन और आयात में वृद्धि के कारण जीएसटी संग्रह बढ़ा है। बीते साल अप्रैल में जीएसटी संग्रह 1.87 लाख करोड़ रुपये था।

# दिल्ली-एनसीआर में 130 स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

## ईमेल के जरिए मिली धमकी से छात्रों-अभिभावकों में दहशत, रूस से भेजे जाने का संदेह

नई दिल्ली/नोएडा, एजेंसी

दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में करीब 130 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। ईमेल से मिली धमकी के बाद बुधवार सुबह विद्यार्थियों और अभिभावकों में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि जांच में उन्हें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है। गृह मंत्रालय ने कहा है कि यह धमकी एक अफवाह प्रतीत होती है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि स्कूलों को जो ईमेल मिला है, वह एक ही स्रोत से भेजा गया है जिसका मकसद दहशत फैलाना था। उन्होंने कहा कि इसके रूस से भेजे जाने का संदेह है। उन्होंने कहा कि यह भी हो सकता है कि दोषियों ने डार्क नेट का इस्तेमाल कर अपनी पहचान छिपा ली हो।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दिल्ली पुलिस आईपीसी के कड़े प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज कर सकती है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, उसे बुधवार दोपहर 12 बजे तक विभिन्न स्कूलों से ऐसे 131 फोन कॉल आए जिनमें बम रखे होने की धमकी की जानकारी दी गई थी। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम के कई निजी स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। दिल्ली पुलिस ने कहा कि उसने सभी स्कूलों की गहन जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।



डीपीएस को बम की धमकी के बाद निरीक्षण करते सुरक्षाकर्मी।

- गृह मंत्रालय ने कहा- सभी स्कूलों को एक ही स्रोत से भेजे गए ईमेल

### पुलिस ने ईमेल के स्रोत का पता लगाया

दिल्ली के उप राज्यपाल वी के सक्सेना ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने अनेक स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने के लिए भेजे गए ईमेल के स्रोत का पता लगा लिया है और दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी। सक्सेना ने मॉडल टाउन के डीएवी स्कूल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने बम रखे होने की धमकी वाले ईमेल पर बम निरोधक दस्तों और खोजी कुत्तों के साथ स्कूल परिसरों में सघन तलाशी ली। दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने 'एक्स' पर लिखा कि जांच में कुछ नहीं मिला है। नोएडा में पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली पब्लिक स्कूल की नोएडा और ग्रेटर नोएडा स्थित शाखाओं और अन्य स्कूलों को भी धमकी भरे ईमेल भेजे गए।

### बिहार राजभवन को भी धमकी, बढ़ी सुरक्षा

**पटना।** बिहार के राजभवन में बम की सूचना वाले ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पटना एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि राजभवन में जांच के दौरान कुछ संदिग्ध नहीं मिला। मंगलवार सुबह राजभवन और बिहार पुलिस को धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें राज्यपाल के आवास में बम की जानकारी है, जो अफवाह रहा।

### लखनऊ के एमिटी स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ।** वृन्दावन योजना सेक्टर आठ स्थित एमिटी इंटरनेशनल स्कूल को बम से उड़ाने धमकी मिली जो जांच में फर्जी निकली। बम स्क्वायड व पुलिस ने बच्चों को बाहर निकालकर सर्च ऑपरेशन चलाया। डीसीपी पूर्व प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में बम से उड़ाने का मेल स्कूल के आइडी पर आया था।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा कोविशील्ड का मामला

# विशेषज्ञ समिति से कराई जाए दुष्प्रभावों की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक याचिका दायर कर कोविशील्ड टीके के किसी भी संभावित दुष्प्रभाव और जोखिम कारकों की जांच के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में चिकित्सा विशेषज्ञ समिति गठित करने का अनुरोध किया गया। याचिका के अनुसार, ब्रिटेन मुख्यालय वाली दवा कंपनी 'एस्ट्राजेनेका' ने कहा है कि कोविड-19 के खिलाफ उसका टीका बहुत दुर्लभ मामलों में कम प्लेटलेट काउंट और रक्त के थक्के बनने का कारण बन सकता है। इस टीके को भारत में कोविशील्ड के रूप में लाइसेंस के तहत बनाया गया था।

वकील विशाल तिवारी की ओर से दायर याचिका में केंद्र को उन लोगों को मुआवजे के निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है, जो गंभीर रूप से दिव्यांग हैं या जिनकी कोविड के दौरान लगाए गए टीके के किसी भी दुष्प्रभाव के कारण मृत्यु हो गई है। दावा किया गया है कि एस्ट्राजेनेका ने वैक्सीन और थ्रोम्बोसिस के बीच थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम के साथ संबंध को स्वीकार किया है, जिसमें असामान्य रूप से प्लेटलेट्स का स्तर कम होता है और रक्त के थक्के बनते हैं। याचिका में कहा गया है कि कोविड-19 के बाद दिल का दौरा पड़ने और व्यक्तियों के बेहोश होने से मौत के मामलों में वृद्धि हुई है। युवाओं में भी दिल का दौरा पड़ने के कई मामले सामने आए हैं।

### कंपनी से चंदा लेकर हत्या का षड्यंत्र रचा : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर एक वैक्सीन निर्माता से राजनीतिक चंदा वसूलने के लिए लोगों की जिंदगी दांव पर लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग की।

### मामले में स्पष्टीकरण दे केंद्र सरकार : राजीव शुक्ला

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव शुक्ला ने कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार कोविशील्ड वैक्सीन प्रकरण पर तत्काल स्पष्टीकरण दे।

# सलमान के घर फायरिंग के आरोपी ने की आत्महत्या

मुंबई, एजेंसी

- हवालात में चादर से फंदा बना लगा ली फांसी
- हथियारों की आपूर्ति करने के आरोप में था गिरफ्तार

बॉलीवुड स्टार सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास के सामने गोलीबारी करने के एक आरोपी ने मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के हवालात में बुधवार को आत्महत्या करने की कोशिश और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी 23 वर्षीय अनुज थापन ने हवालात के शौचालय में चादर से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। थापन को सरकारी जीटी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में दुर्घटना से मौत का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि थापन मूल रूप से पंजाब का रहने वाला था और उसे सोनू कुमार बिश्नोई के साथ कथित तौर पर शूटर सागर पाल और विक्की गुप्ता को हथियारों की आपूर्ति करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पाल और गुप्ता को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# स्कूल के छात्रावास में बच्ची से दुष्कर्म, तीन पर केस

भोपाल, एजेंसी

- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दिए एसआईटी से जांच के आदेश

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के एक निजी स्कूल के छात्रावास में आठ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म किया गया, जिसके बाद तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मामले की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने के आदेश दिए, जबकि विपक्षी कांग्रेस ने इस घटना को लेकर उनकी सरकार पर निशाना साधा और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की।

पुलिस ने बताया कि यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि घटना वास्तव में कब हुई। मिसरोद थाना प्रभारी मनीष राज भदौरिया ने बताया कि एक निजी स्कूल के छात्रावास में आठ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया। इस संबंध में एक शिकायत के बाद पुलिस ने मंगलवार रात तीन लोगों के खिलाफ बलात्कार और पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि लड़की की मां की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) श्रद्धा तिवारी ने बताया कि आरोपियों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है क्योंकि लड़की ठीक से कुछ बता नहीं पा रही है। हम पीड़िता से दोबारा बात कर आरोपी की पहचान करेंगे। हम पहले उसकी मेडिकल जांच कराएंगे और बयान दर्ज करेंगे।

भदौरिया ने कहा कि छात्रावास की सीसीटीवी फुटेज बरामद कर ली गई है क्योंकि घटना की तारीख स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि भोपाल के एक स्कूल में छोटी बच्ची से दरिंदगी की घटना दिल दहला देने वाली है।

### उज्जैन के आश्रम में 19 बच्चों से कुकर्म

**आचार्य और सेवादार के खिलाफ रिपोर्ट**

**उज्जैन।** शहर के दंडी आश्रम के आचार्य और सेवादार पर बच्चों का यौन शोषण का आरोप लगा है। आश्रम में पढ़ने वाले 19 बच्चों ने इनके खिलाफ शिकायत की। दोनों के खिलाफ महाकाल थाने में मंगलवार देर रात 12.30 बजे मामला दर्ज किया गया। आश्रम के संचालक ने पुलिस बुलाकर आचार्य को गिरफ्तार कराया जबकि सेवादार फरार है। बड़नगर रोड स्थित 30 साल पुराने दंडी आश्रम में बच्चों के साथ कई दिनों से आचार्य राहुल शर्मा और सेवादार अजय ठाकुर गलत काम कर रहा था। दोनों बच्चों को कमरे में बुलाकर घिनौना काम करते थे। शुरू में तीन बच्चों के साथ गलत काम होने की जानकारी सामने आई। अभिभावकों ने मंगलवार को बैठक की तो पीड़ित किशोरों की संख्या तीन से बढ़कर 19 हो गई। आश्रम संचालक ने बताया कि कुछ समय पहले अभिभावकों ने सेवादार अजय ठाकुर की शिकायत की थी। उसे बाहर निकाल दिया था। फिर एक के बाद एक बच्चों की शिकायत आने लगी। इसके बाद पुलिस से शिकायत की गई।

# मधुमक्खियों का बाइक सवार पर हमला, मौत

संवाददाता, काशीपुर

- हल्द्वानी ले जाते समय एंबुलेंस में ही युवक ने तोड़ा दम



**अमृत विचार :** चैती मंदिर जा रहे युवक पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे युवक घायल हो गया। युवक को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

बुधवार 7.15 बजे सुबह कटरा मालियान के रोहित प्रजापति (32) पुत्र स्व. नन्हे बाइक से चैती मंदिर जा रहा था। तभी द्रोणा सागर के पास टीले वाले रास्ते पर उस पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। युवक की आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। लोगों ने आग जलाकर युवक को बचाया और सरकारी अस्पताल भेजा। रोहित की नाजुक हालत देखकर डॉ. सुशीला तिवारी ने हल्द्वानी के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजन युवक को लेकर हल्द्वानी के लिए निकले ही थे कि थोड़ी दूर के बाद एंबुलेंस में ही रोहित ने दम तोड़ दिया। रोहित उत्तराखंड एथलेटिक्स सलेक्शन कमेटी के चेयरमैन विजेंद्र चौधरी का निजी वाहन चलाता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रोहित करीब 20-25 मिनट मधुमक्खियों से घिरा रहा।

# सीबीआई ने की 10 राज्यों में 30 स्थानों पर छापेमारी, कई अहम चीजें बरामद

चेन्नई, एजेंसी

- एप से आधारित निवेश योजना के सिलसिले में की गई कार्रवाई

सीबीआई ने बुधवार को एप-आधारित कथित धोखाधड़ी वाले निवेश योजना से संबंधित मामले की जांच के दौरान 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 30 ठिकानों पर एक साथ छापे मारे। इस दौरान सीबीआई टीम ने लैपटॉप, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, कंप्यूटर हार्ड ड्राइव, सिम कार्ड, डेबिट कार्ड और अन्य अहम चीजें बरामद कीं।

सीबीआई ने बताया कि एचपीजेड टोकन एप से जुड़ी निवेश योजना के तहत धोखाधड़ी की शिकायत पर दो प्राइवेट कंपनियों और उनके निदेशकों तथा अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि शिगू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड और लिलियन टेक्नोकैब प्राइवेट लिमिटेड अपने निदेशकों के साथ एचपीजेड टोकन एप से संबंधित धोखाधड़ी वाली निवेश योजना में आरोपी थे। जनता को गैर-मौजूद क्रिप्टो-मुद्रा माइनिंग मशीन किराये में निवेश करने के लिए गुमराह करते थे। एचपीजेड एक एप आधारित टोकन है जो उपयोगकर्ताओं को बिटकॉइन और क्रिप्टो करेंसी के लिए माइनिंग मशीनों में निवेश करके बड़े लाभ का झांसा देते हैं। सीबीआई ने दिल्ली-एनसीआर, जोधपुर, बेंगलुरु, मुंबई, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, बिहार और मध्य प्रदेश में 30 ठिकानों पर छापेमारी की। टीम को बड़ी संख्या में ईमेल अकाउंट की भी जानकारी मिली। सीबीआई ने बताया कि आरोपी पीड़ितों को बिटकॉइन खनन में निवेश पर भारी लाभ मिलने का प्रलोभन देकर एचपीजेड टोकन ऐप में निवेश कराते थे। जांच में पता चला कि आरोपियों ने 150 बैंक खातों का प्रयोग निवेशकों से धन एकत्र करने में किया था। इन फंडों का उपयोग शुरू में निवेशकों को विश्वास में लेने के लिए भुगतान के लिए किया जाता था।

# गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की अमेरिका में हत्या


**नई दिल्ली।** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का मुख्य आरोपी गोल्डी बराड़ की कथित तौर पर अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित होटल फेयरमाउंट में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। एक अमेरिकी समाचारपत्र के अनुसार मंगलवार की शाम 5.25 बजे अज्ञात हमलावरों ने वारदात को अंजाम दिया। बाद में इसकी जिम्मेदारी डल्ला-लखबीर गैंग ने ली है। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

भारत सरकार ने बराड़ पर यूएपीए लगा रखा है। गृह मंत्रालय की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि बराड़ प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा हुआ है।

# मई में उत्तर भारत में पड़ेगी सामान्य से अधिक गर्मी

नई दिल्ली, एजेंसी

### आईएमडी का अलर्ट




- दिल्ली, यूपी सहित कई राज्यों में लू चलने से बढ़ेगी परेशानी
- न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने का अनुमान


भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी समेत उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में मई के महीने में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है और दो से चार दिन लू चल सकती है।

आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने डिजिटल माध्यम से संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केवल पूर्वोत्तर भारत के अधिकतर भागों और उत्तर पश्चिम भारत और मध्य भारत के कुछ हिस्सों तथा पूर्वोत्तर प्रायद्वीप भारत को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। उनके मुताबिक, पूर्वोत्तर भारत के अधिकतर भागों और उत्तर पश्चिम भारत और मध्य भारत के कुछ हिस्सों तथा पूर्वोत्तर प्रायद्वीप भारत में पारा सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। इसी तरह उत्तर पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों, गंगा के मैदानी इलाकों, मध्य भारत और पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर इलाकों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रह सकता है। महापात्र ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर राजस्थान समेत अन्य क्षेत्रों में मई के महीने में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहने का अनुमान है। पूर्वी मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, प. बंगाल, झारखंड और बिहार समेत अन्य इलाकों में लगभग दो से चार दिन लू चल सकती है।

### देशभर में सामान्य बारिश का अनुमान

आईएमडी प्रमुख ने बताया कि मई 2024 में देश भर में सामान्य बारिश होने का अनुमान है। उत्तर पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों, मध्य भारत के कुछ हिस्सों, दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से लेकर सामान्य से अधिक और शेष भागों में सामान्य से नीचे वर्षा होने की संभावना है। मध्य प्रदेश, विदर्भ, तेलंगाना और तमिलनाडु में सामान्य से ज्यादा बारिश हो सकती है। ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, बंगाल, पूर्वोत्तर के कुछ हिस्से, आंध्र प्रदेश और केरल में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है।

# 'शिक्षा' में बेमिसाल सरोवर नगरी 'नैनीताल'

































# सीएम साहब...सरकारी स्कूल में बच्चे लगा रहे झाड़ू

## राप्रावि देवलचौड़ में शिक्षक गैरहाजिर, 10वीं का बच्चा छठी क्लास में पढ़ा रहा, जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग नहीं लेते सुध

**02** 55 बच्चे राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवलचौड़ में पढ़ते हैं और 275 विद्यार्थी हैं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में

**16** शिक्षक तैनात हैं इन दोनों स्कूलों के लिए, एक में भी स्थायी प्रधानाचार्य नहीं प्रभारी के सहारे चल रही व्यवस्था

**15** मिनट पहले गायब हो गए स्कूल के शिक्षक छुट्टी से, जबकि छात्र-छात्राएं नियमानुसार ही निकलते हैं

पड़ताल

पवन नेगी, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जनपद में शिक्षा व्यवस्था दम तोड़ चुकी है। दूरस्थ व पर्वतीय स्कूल छोड़िए हाल यह है कि शहर से सटे देवलचौड़ में बुनियादी व्यवस्थाएं नहीं हैं। प्रदेश का भविष्य (बच्चे) क्लास में झाड़ू लगा रहा है तो किसी क्लास में शिक्षक नहीं हैं। वहां हाईस्कूल के विद्यार्थी की ड्यूटी लगा दी गई है।

देवलचौड़ में एक ही परिसर में राजकीय प्राथमिक विद्यायल और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बने हुए हैं। अमृत विचार की टीम बुधवार की दोपहर 12 बजे पहुंची तो शिक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई। कई कक्षाओं में शिक्षक ही मौजूद नहीं थे। अधिकांश बच्चे कक्षाओं में हुड़दंग मचाते हुए नजर आए तो कुछ बच्चे बाहर खेल रहे थे, जबकि यह पढ़ाई का समय था। कई कक्षाएं ऐसी थीं जहां शिक्षक तो नहीं थे, लेकिन कक्षाओं में बच्चे झाड़ू लगा रहे थे। बच्चों से पूछने पर उन्होंने बताया कि उन्हें कक्षा में झाड़ू लगानी पड़ती है। अगर झाड़ू न लगाएं तो शिक्षक डांटते हैं। बताया कि शिक्षकों के आदेश के बाद ही वह झाड़ू लगाने का काम कर रहे हैं। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की व्यवस्थाएं भी चरमराई हुई थीं। दोपहर करीब 12.30 बजे कक्षाओं में शिक्षक नदारद थे। कक्षा 10 में बच्चे शोर मचा रहे थे। बच्चों ने बताया कि शिक्षक विद्यालय में उपस्थित हैं, लेकिन कक्षा में एक बार आकर चले गए हैं। यही हाल कक्षा 6 में नजर आया। यहां बच्चों को कक्षा 10 का एक छात्र पढ़ाता मिला। जब छात्र से इस बारे में पूछा गया तो बताया कि शिक्षक ने उसे बच्चों को शांत कराने की जिम्मेदारी दी है। छुट्टी होने से करीब 15 मिनट पहले ही कई शिक्षक विद्यालय छोड़कर चले गए। सबसे बड़ी हैरानी की बात है कि बुधवार की सुबह राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवलचौड़ में प्रवेशोत्सव मनाया गया लेकिन इसके कुछ घंटे बाद ही शिक्षक कक्षाओं में विद्यार्थियों को पढ़ाना भूल गए।



कक्षा में शिक्षक की कुर्सी खाली और बच्चों को पढ़ाता 10वीं कक्षा का छात्र। ● अमृत विचार



कक्षा में शिक्षक नदारद और कक्ष में झाड़ू लगाती छात्रा। ● अमृत विचार

### पीने को शुद्ध पानी तक उपलब्ध नहीं

विद्यालय में बच्चों को पानी पीने के लिए टोंटी लगे कंटेनर तो मौजूद थे, लेकिन उसमें पानी नहीं था। यही स्थिति प्राथमिक विद्यालय की भी थी। यहां बच्चे टंकी (सीमेंट के बने टैंक) का पानी पीते हुए नजर आए। पूछने पर शिक्षक का कहना था कि टंकी का पानी साफ है। मालूम हो कि कुछ दिन पूर्व ही विभाग की ओर से सभी विद्यालयों में बच्चों के पीने के लिए स्वच्छ पानी की व्यवस्था करने के निर्देश हुए थे, लेकिन देवलचौड़ के विद्यालय में इस आदेश की धज्जियां उड़ते हुई दिखी।

### माह में एक बार होती है साफ-सफाई

प्रधानाचार्य के अनुसार एक माह पहले शौचालयों की सफाई करवाई गई थी। माह में एक बार बाहर से सफाई कर्मी को बुलाकर शौचालयों की सफाई करवाई जाती है। बच्चों को शौचालय का इस्तेमाल करने के बाद पानी डालने के लिए कहा जाता है। इसी तरह विद्यालय की ओर से केवल परिसर में झाड़ू लगवाई जाती है। कक्षाओं में बच्चों को खुद ही झाड़ू लगानी पड़ती है।

विद्यालय में सफाईकर्मी नियुक्त नहीं है, जिससे कक्षाओं में बच्चों को झाड़ू लगानी पड़ती है। शौचालयों में बाहर से सफाईकर्मी बुलाकर सफाई करवाई जाती है। शिक्षकों के कक्षा में मौजूद नहीं होने का संज्ञान लिया जाएगा। - **पूरनलाल सांगड़ी**, प्रभारी प्रधानाचार्य, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

मामला आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया। इसकी पूरी जांच की जाएगी। कुछ माह पूर्व ही प्रधानाचार्य सेवानिवृत्त हुए है जिसके बाद वरिष्ठ शिक्षक पूरनलाल सांगड़ी को प्रभार दिया गया है। -**अंशुल बिष्ट**, डीईओ, माध्यमिक

### प्राथमिक में 255 बच्चे, 8 शिक्षक, माध्यमिक में 275 बच्चे व 8 शिक्षक

प्राथमिक विद्यालय में वर्तमान में 255 बच्चे पढ़ते हैं, जिसमें 8 शिक्षक तैनात हैं। वहीं, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 275 बच्चे पढ़ते हैं, जहां 8 शिक्षक हैं। दोनों विद्यालय प्रभारी प्रधानाचार्य के भरोसे चल रहे हैं। प्राथमिक विद्यालय में मार्च से प्रधानाचार्य का पद खाली चल रहा है। जिसमें वर्तमान में कुसुम लता मुरारी को प्रभारी बनाया गया है। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी दिसंबर से पूरनलाल सांगड़ी प्रभारी के तौर पर कार्यरत हैं।

## एक नजर

### डॉ. अंजू ने संभाला उच्च शिक्षा निदेशक का पदभार



**हल्द्वानी :** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय हल्दूचौड़ की प्राचार्या डॉ. अंजू अग्रवाल ने उच्च शिक्षा निदेशालय में निदेशक का पदभार संभाल लिया है। वह कॉलेज प्राचार्या के साथ ही निदेशक का पद भी संभालेंगी। डॉ. चंद्र दत्त सूंठा के सेवानिवृत्त होने के बाद उच्च शिक्षा निदेशक का पद खाली हो गया था। उप निदेशक आरएस भाकुनी ने बताया कि निदेशालय में बुधवार को डॉ. अंजू अग्रवाल का स्वागत किया गया।

### पांच मई से बदल सकता है मौसम का मिजाज

**हल्द्वानी :** मौसम विभाग का अनुमान सही साबित हुआ तो पांच मई से मौसम में बदलाव हो सकता है। बारिश होने के भी आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार उत्तराखंड में पांच मई से मौसम में बदलाव होने की संभावना है। कुमाऊं मंडल में भी कई जगहों में बारिश हो सकती है। अगर ऐसा होता है तो लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। इधर, बुधवार को हल्द्वानी में विगत दिनों की अपेक्षा गर्मी का प्रकोप कम रहा। हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान विगत दिनों की अपेक्षा चार डिग्री कम था।

### काठगोदाम क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**हल्द्वानी :** काठगोदाम क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा रुद्र विहार निवासी अनुज कुमार ने बताया कि उनकी बाइक 29 अप्रैल की रात घर के बाहर खड़ी थी। मंगलवार की सुबह जब वह उठे तो बाइक चोरी हो चुकी थी। सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद भी सुराग नहीं मिला। पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### रात में दोपहिया वाहनों से तेल चोरी कर रहे युवक

**भीमताल :** भीमताल में रात के समय तेल चोर सक्रिय हैं। एक मामला मल्लीताल क्षेत्र में देखने को मिला, जहां दो चोर तेल चोरी करते हुए दुकानों के आगे लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। व्यापारियों के अनुसार कैमरे में दो चोर एक कार में आते दिखाई दिए हैं और दुकानों के आगे खड़े दोपहिया वाहनों से तेल चोरी करने के बाद वहां से जा रहे हैं। बुधवार को दिनभर सोशल मीडिया के माध्यम से लोग युवकों को पहचाने की कोशिश करते रहे, लेकिन देर सांय तक जानकारी नहीं जुटा पाए। व्यापारियों ने पुलिस से चोरी करने वाले युवकों को पकड़ने की मांग की है।

### सितारगंज के जस्सा से खरीदी स्मैक, पकड़ा

**हल्द्वानी :** सितारगंज के जस्सा से स्मैक खरीदकर हल्द्वानी में खपाने वाले शातिर को मुखानी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार की रात एसआई मनोज सिंह अधिकारी टीम के साथ गस्त पर थे। कुसुमखेड़ा तिराहे के पास नारायण नगर में संदिग्ध युवक को पकड़कर पूछताछ की गई। युवक ने अपना नाम गोमती सदन लालडांठ निवासी आकाश कुमार बताया। तलाशी में उसके पास से 19 ग्राम स्मैक मिली। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह स्मैक सितारगंज ऊधमसिंह नगर निवासी जस्सा से खरीद कर लाया था। जिसके बाद पुलिस ने जस्सा की भी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## रिजॉर्ट मैनेजर का पांच हजार का चालान काटा

**नैनीताल, अमृत विचार :** पर्यटन सीजन में पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है। बुधवार को चेकिंग के दौरान एक रिजॉर्ट में अनियमितता व बिना सत्यापन कर्मचारी काम करते मिले, जिस पर पुलिस ने मैनेजर का पांच हजार रुपये का चालान काटा।

मंगोली चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह मेहता के नेतृत्व में पुलिस ने खुर्पाताल क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान एलयूरा लेक फ्रंट व्यू रिजॉर्ट में कई अनियमिताएं मिलीं। रिजॉर्ट के कर्मचारी बिना सत्यापन कार्य करते मिले। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि रिजॉर्ट मैनेजर पंकज सोन का पांच हजार रुपये का चालान काटा गया है।

## नालों और सड़कों पर बह रहा पानी

**नैनीताल :** मल्लीताल क्षेत्र में पेयजल लाईनों से जगह-जगह पानी बहना आम हो चुका है। लोगों ने जल संस्थान के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। बुधवार को लोगों ने शिकायत करते हुए कहा है कि बीडी पांडे अस्पताल के पीछे दो से तीन स्थानों पर पेयजल लाइन में लीकेज होने से भारी मात्रा में पानी नाले में बह रहा है। जल संस्थान के सहायक अभियंता दिलीप सिंह बिष्ट ने बताया कि क्षेत्र की पेयजल लाईनों में लगातार नजर रखी जा रही है। जिन स्थानों पर लाईनों में लीकेज है उसे ठीक कर दिया जाएगा।

## बेटे से मिलने गई महिला को पीटा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कोर्ट का आदेश लेकर बेटे से मिलने गई महिला को उसकी ननद और पति ने पीट दिया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वैलेजली लॉज निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि कोर्ट ने उसे अपने बेटे से मिलने की इजाजत दी है। मंगलवार को जब वह बेटे से मिलने पति के घर पहुंची तो उसकी ननद ने मारपीट शुरू कर दी।

इसके बाद उसके पति ने भी हाथापाई की। जब चौकी पुलिस से शिकायत की तो सुनवाई नहीं हुई। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि महिला की ननद और पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांचशुरू करदीहै।

## जंगल में गिरा जलता ट्रक चालक कूदा तो बची जान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** माल लेने जा रहे ट्रक में अचानक आग लग गई। जलता अनियंत्रित ट्रक खाई में गिर गया और जंगल में आग लग गई।

बरेली सत्यवीर सिंह पुत्र नौबत सिंह ने बताया कि उसका यूपी 25 सीटी 6130 नंबर का 18 टायरा ट्रक है। बीती 30 अप्रैल को बरेली निवासी चालक रवि उर्फ ऋषि ट्रक को चोरगलिया से हल्द्वानी स्थित एक क्रशर में लेकर जा रहा था। जहां से उसे रेत लोड कर पीलीभीत ले जाना था। सुबह करीब पौने चार बजे अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम से गौला पुल की ओर जाते समय अचानक ट्रक के केबिन में शार्ट सर्किट हो गया औरकेबिन में आग लग गई। ट्रक काबू नहीं हुआ तो चालक चलते ट्रक से नीचे कूद गया। ट्रक गौला पुल से कुंवरपुर मोड़ से नदी की ओर खाई में गिर गया। जलते ट्रक से जंगल में भी आग लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल के एलएफएम अर्जुन सिह नेगी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। करीब आधे घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया।



## मृतक अधेड़ की हुई शिनाख्त, जांच शुरू

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अज्ञात शव की पहचान तो कर ली गई, लेकिन मौत की वजह अभी साफ नहीं हो सकी है।

मेडिकल चौकी पुलिस के मुताबिक रामनगर कोतवाली क्षेत्र निवासी 40 वर्षीय गंगू सोमवार को रामनगर-हल्द्वानी रोड पर घायल अवस्था में मिले थे। पुलिस ने इलाज के लिए उन्हें एसटीएच में भर्ती कराया था। जिसके बाद पुलिस ने घायल के पहचान की कोशिश शुरू की। मंगलवार की रात गंगू की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को ढूंढकर इसकी सूचना दी। बुधवार की दोपहर परिजन हल्द्वानी पहुंचे तो शव का पोस्टमार्टम हुआ। चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया ने बताया कि शव परिजनों को सौंप दिया है मौत की जांच की जा रही है।

## ओवरस्पीड में 46 जिप्सियां बैन

संवाददाता, रामनगर

**सख्ती**
- तेज गति से जिप्सी चलाने पर कॉर्बेट प्रशासन ने की कार्रवाई
- सफारी में जाने से 7 से 15 दिनों तक लगाई रोक, नहीं माने तो होगी कठोर कार्रवाई



**अमृत विचार :** जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के अंदर जंगल में ओवरस्पीड पर 46 जिप्सियों पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह निर्णय पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखा लिया गया है।

कॉर्बेट पार्क के विभिन्न जोन में पर्यटक भ्रमण के लिए जिप्सी पर सवार होकर जाते हैं। कॉर्बेट प्रशासन पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर हमेशा मुस्तैद रहता है। कॉर्बेट पार्क के अलग-अलग जोनों में सफारी पर जाने वाली 350 से अधिक जिप्सियों पर भी कॉर्बेट प्रशासन की निगरानी रहती है। कुछ समय पूर्व पार्क प्रशासन ने सभी जिप्सियों पर जीपीएस लगाया था, जिससे जिप्सी चालक सफारी के दौरान जंगल में ओवर स्पीड व जंगलों के नियमों का पालन कर सकें। जीपीएस के जरिए पार्क प्रशासन लगातार जिप्सियों पर नजर रख रहा था। नियमों का पालन न करने व जंगल में सफारी के दौरान ओवर स्पीड जिप्सी चलाने पर पार्क प्रशासन ने 46 जिप्सियों को 7 से 15 दिनों के लिए पार्क में जाने से बाहर कर दिया है।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के पार्क वार्डन अमित ग्वासाकोटी ने बताया कि सभी जिप्सियों में जीपीएस सिस्टम लगाया गया है। जिससे इन पर नजर रखी जाती है। पर्यटकों की सुरक्षा के चलते पार्क के अंदर 20 किलोमीटर प्रति घंटा स्पीड को निर्धारित किया गया है, लेकिन 46 से अधिक जिप्सी चालकों ने इस सीमा को पार किया है। इन को कॉर्बेट पार्क में सफारी में जाने से 7 से 15 दिनों के लिए बैन किया गया है। कहा कि आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। अगर जिप्सी चालक नहीं माने तो और कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## राज्य आपदा मोचन निधि में जिले को मिले 4 करोड़

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एडीएम फिंचाराम चौहान ने बताया कि अहेतुक सहायता, गृह अनुदान एवं अनुग्रह अनुदान के लिए जनपद को 4 करोड़ की धनराशि दी गई है। जिसके सापेक्ष 3 करोड़ की धनराशि संबंधित तहसीलों को आवंटित कर दी गई है।

चौहान बताया कि तहसील नैनीताल/रामगढ़ को 40 लाख, धारी 40 लाख, खनस्यूं 40 लाख, कोश्याकुटौली 40 लाख, बेतालघाट 30 लाख, रामनगर 30 लाख, हल्द्वानी 40 लाख, लालकुआं 20 लाख तथा कालाढूंगी को 20 लाख रुपये दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जो धनराशि दी गई है, प्रभावितों को राहत सामग्री दी जाएगी। राहत, सहायता/पुनर्निर्माण के लिए धनराशि में वितरण की जिम्मेदारी पूरी तरह संबंधित एसडीएम या तहसीलदार को होगी। अनियमितता मिलने पर इन्हीं के खिलाफ कार्रवाई होगी।

## उधार नहीं दिया तो हथौड़े से सिर फोड़ा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अपराध**
- पहले से सिर पर था पुराना कर्ज, दंपति मांग रहा था और उधार
- युवक को बीच रास्ते रोक किया हमला, सिर की हड्डी टूटी

**अमृत विचार :** सिर पर पहले से ही कर्ज था। दपंति और उधार मांग रही थी। युवक के उधार देने से इंकार किया तो उन्होंने युवक के सिर हथौड़े से फोड़ दिया। युवक को गंभीर अवस्था में लिए डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इंदिरानगर निवासी नाजरा ने पुलिस को बताया कि घर के पास ही नफीस उर्फ अंसारी अपनी पत्नी यासमीन के साथ रहता है। आरोप है कि नफीस ने उनके बेटे नाजिम से 50 हजार रुपये उधार लिए थे। समय पूरा होने के बावजूद वह पैसे वापस नहीं कर रहे थे। बीती 28 अप्रैल की रात नाजिम घर से दवा लेने जा रहा था। बरसाती रोड के पास नफीस और यासमीन ने नाजिम को रोक लिया। वह नाजिम से कुछ और रुपये उधार मांगने लगे। नाजिम ने पूर्व के पैसे मांगते हुए उधार देने से इंकार कर दिया। इस पर दंपति ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और हथौड़े से उसके सिर पर हमला कर दिया। नाजिम को डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के मुताबिक नाजिम के सिर की हड्डी टूट गई है और सिर पर 15 टांके लगे हैं।

इधर, बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी का कहना है कि घायल की मां की ओर से तहरीर मिली है। जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## 10 से 12 घंटे तक गुल रही बिजली, लोग रहे परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नवाबी रोड में बुधवार को 10 से 12 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। जिससे लोगों को पेयजल संकट से भी जूझना पड़ा। दिनभर बिजली गायब रहने से लोगों के कई कामकाज भी प्रभावित हुए। वार्ड 8 पार्षद रवि वाल्मीकि ने बताया कि विद्युत विभाग में फोन करने पर अधिकारियों ने बिजली कटौती का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया।



शखावत गंज में भी बिजली न होने से लोग परेशान रहे। इधर, विद्युत विभाग के सुभाष नगर के एसडीओ नीरज चंद्र पांडे ने बताया कि क्षेत्र में ट्रांसफार्मर की क्षमता में बढ़ोतरी की जा रही है, कार्य प्रगति पर होने से बिजली बाधित रही।

**तैयारी** एसडीएम वर्मा ने स्थलीय निरीक्षण कर दिए निर्देश, वन क्षेत्र में सफाई का जिम्मा वन विभाग का

## सिंचाई विभाग और नगर निगम करें नाले की सफाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार एसडीएम परितोष वर्मा ने बुधवार को रकसिया नाले का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने नाले में पानी निकासी के लिए नगर निगम, सिंचाई विभाग को जरूरी निर्देश दिए।

एसडीएम वर्मा सर्वप्रथम लालडांठ पहुंचे। यहां नाला भारी मात्रा में कूड़े और मलबे से पटा हुआ था। इसके बाद उन्होंने छड़ायल और अंत में प्रेमपुर लोश्ज्ञानी तक निरीक्षण किया। नाले में जगह-जगह मलबा और कूड़ा मिला। उन्होंने नगर निगम को कूड़ा हटवा कर सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नाले को वन विभाग का हिस्सा छोड़कर बाकी क्षेत्र में आधे-आधे किमी के पैच में नगर निगम और सिंचाई विभाग सफाई कराएगा। नाले से निकलने वाले मलबे को एक जगह इकट्ठा किया जाएगा, जबकि कूड़े को निस्तारित किया जाएगा। उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि नाले की सफाई के लिए एक प्रस्ताव बनाया जाए, ताकि मानसून से पूर्व काम हो सके। इस दौरान तहसीलदार सचिन कुमार, नगर निगम के एई नवल नौटियाल, पटवारी मीना कोहली, खनन सर्वेयर आदि मौजूद रहे। बता दें कि रकसिया नाला दमुवाढूगां से लेकर नीचे हल्दूपोखरा नायक, प्रेमपुर लोश्ज्ञानी तक जाता है। इस नाले में मलबा व कूड़ा जमा होने से पानी की निकासी नहीं हो पाती है। बारिश में जब पानी आता है तो निकासी नहीं होने से यह पानी नाले के आसपास सटे रिहायशी इलाके में घुसता है। इसमें भारी नुकसान होता है।



रकसिया नाले का निरीक्षण करते एसडीएम परितोष वर्मा। ● अमृत विचार

## हाईस्कूल में फेल होने पर घर से भागी छात्रा, बरामद

**हल्द्वानी :** हाईस्कूल में फेल होने पर एक छात्रा घर से फरार हो गई। सूचना मिलते ही सक्रिय हुई मंगलपड़ाव पुलिस ने उसे सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर लिया। मंगलपड़ाव पुलिस के मुताबिक मंगलवार को जारी हुए हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में अंबेडकर नगर में रहने वाली छात्रा फेल हो गई। इससे आहत होकर वह बिना बताए घर से चली गई। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और जब कहीं पता नहीं चला तो सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी दिनेश चंद्र जोशी ने टीम के साथ छात्रा की खोजबीन शुरू कर दी। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने छात्रा को बरामद कर लिया।

## स्क्रूटनी को 29 मई तक जमा होंगे फॉर्म

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के परीक्षार्थियों के लिए स्क्रूटनी के आवेदन मांगे हैं। छात्रों को आवेदन जमा करने के लिए 29 मई तक का समय दिया गया है। परीक्षार्थी शुल्क देकर उत्तरपुस्तिका की प्रति भी प्राप्त कर सकते हैं।

बोर्ड की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार जो परीक्षार्थी किसी प्रश्नपत्र की उत्तरपुस्तिका की स्क्रूटनी चाहते हैं तो उन्हें शुल्क के लिए प्रति प्रश्नपत्र 100 रुपये की दर से जमा करना होगा। स्क्रूटनी शुल्क ई-चालान के जरिये किसी भी राजकोष या भारतीय स्टेट बैंक में चालान जमा कराना होगा। आवेदन 29 मई तक बोर्ड कार्यालय में जमा होना अनिवार्य है। परीक्षार्थी स्क्रूटनी आवेदन अपने विद्यालय या बोर्ड की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in से भी डाउनलोड कर सकते हैं। स्क्रूटनी के ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट www.ubse.co.in पर उपलब्ध लिंक Apply for Scrutiny and Photocopy of Answer Books के द्वारा किए जा सकते हैं। जिन परीक्षार्थियों को जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं की छायाप्रति लेनी हों वे 400 रुपये प्रति प्रश्नपत्र की दर से आवदेन पत्र जमा करेंगे। आवेदन के साथ ई-चालान की मूल प्रति, अंकपत्र की छाया प्रति, आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति सहित आवेदन पत्र बोर्ड कार्यालय में ऑनलाइन या ऑफलाइन जमा कर उत्तर पुस्तिका की कॉपी प्राप्त की जा सकती है।

### 31 मई तक कराना होगा समर्थ पोर्टल में पंजीयन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** डिग्री कॉलेजों में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में दाखिले की प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई है। दाखिला पाने को छात्र-छात्राओं को 31 मई तक समर्थ पोर्टल में पंजीयन कराना होगा। फिर विद्यार्थी पसंद के किन्हीं 10 कॉलेजों को प्रवेश के लिए चुन सकेंगे। रिक्त सीट और वरीयता के आधार पर उन्हें दाखिला मिलेगा। एक जून से 20 जून तक विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में पंजीकृत छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग होगी। नोडल अधिकारी डॉ. शैलेंद्र सिंह ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं बीए, बीकॉम और बीएससी में दाखिले के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

## सार-संक्षेप

### जीजीआईसी दौलिया में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**हल्दूचौड़ :** छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हल्दूचौड़ के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दौलिया में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान विविध लोकगीत एवं लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान हरीश बिरखानी ने किया। उन्होंने कहा कि पढ़ी लिखी लड़की रोशनी है। घर की इस कंसेप्ट को पूरी तरह से धरातल पर उतारने के लिए बालिकाओं को प्रोत्साहन दिया जाना जरूरी है। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. भारती नारायण भट्ट ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा बालिकाओं की शिक्षा प्रोत्साहन के लिए चलाई जा रही अनेक योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय में प्रवेश लेने वाली नवीन छात्राओं का तिलक एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीना मेहरा ने किया।

### तहसील और उपकोषागार खोलने की मांग

**भीमताल :** भीमताल में तहसील और उपकोषागार खोलने की मांग फिर जोर पकड़ने लगी है। सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी ने कहा कि भीमताल में विकास भवन सहित जिला स्तर के अधिकांश विभागों के कार्यालय हैं। ऐसे में तहसील और उपकोषागार से संबंधित कार्यों के लिए लोगों को नैनीताल के चक्कर काटने पड़ते हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से लोगों की सुविधा को देखते हुए भीमताल में तहसील और उपकोषागार शीघ्र खोलने की मांग की है।

### वनाग्नि की रोकथाम के लिए किया जागरूक

**भीमताल :** जंगलों में वनाग्नि की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इसकी रोकथाम के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने ग्राम ढुंगसिल के ग्रामीणों के साथ बैठक की। साथ ही उन्हें वनाग्नि के नियंत्रण और रोकथाम की जानकारी दी। बताया कि वनाग्नि से संबंधित सूचना तुरंत जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र को दूरभाष संख्या 05942-231178/231179 तथा राज्य वनाग्नि नियंत्रण कक्ष के टोल फ्री नंबर 18001804141 पर दें।



भागीरथी फाउंडेशन के पदाधिकारियों को सम्मानित करते शिशु मंदिर के लोग।

### भागीरथी फाउंडेशन ने दो बच्चों को लिया गोद

**भीमताल :** भागीरथी फाउंडेशन ने अपने पांच वर्ष पूरे होने पर हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन किया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं फाउंडेशन ने सरस्वती शिशु मंदिर के दो बच्चों को गोद लिया। साथ ही बच्चों को कॉपी-पेन, कलर आदि वितरित किये। इस मौके पर शिशु मंदिर के लोगों ने फाउंडेशन पदाधिकारियों को सम्मानित किया। अध्यक्ष मनोज भट्ट ने बताया कि फाउंडेशन पांच वर्षों से निर्धन असहाय लोगों की सहायता करते आ रही है। साथ ही समय-समय पर स्वच्छता के लिए कार्य करती है। इस अवसर पर भाष्कर भगवाल, आशु पाठक, शिप्रा जोशी, भुवन भट्ट, रवि कुमार, धन सिंह राणा, मीना बिष्ट, भावना नौलिया, नीमा नेगी, शुभम नैनवाल, भारत लोशाली, देवकी पांडे, पुष्कर मेहरा, बीना आर्य, कमला आर्य आदि मौजूद रहे।

### गंदगी से पटे शौचालय पर्यटक परेशान

**भवाली :** नगर के सार्वजनिक शौचालय नियमित सफाई न होने से गंदगी से पटे पड़े हैं। जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। शौचालयों में टंकी तो लगी है मगर पानी नहीं है। गंदगी से आसपास का वातावरण खराब हो रहा है। गर्मी के मौसम में महामारी फैलने व मच्छरों का भय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि जब से नगर पालिका का कार्यकाल खत्म हुआ, तब से शौचालय की सफाई नहीं हुई है। पहले वार्ड सदस्य के कहने पर टैंकर से टंकी भरी जाती थी और सफाई भी होती थी। इस संबंध में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से संपर्क नहीं हो पाया।

### विक्षिप्तों से निजात दिलाने की मांग

**भीमताल :** भीमताल और आसपास के क्षेत्रों में विक्षिप्तों की संख्या बढ़ने से स्थानीय लोग परेशान हैं। उन्होंने विक्षिप्तों को चिन्हित कर नगर से बाहर भेजने की मांग की है। व्यापारी नेता अखिलेश सेमवाल ने बताया कि नगर में हर दिन एक नया विक्षिप्त दिखाई दे रहा है। यह कभी सड़कों पर घूमते नजर आते हैं तो कभी घरों व दुकानों में घुस जाते हैं। कभी-कभी विक्षिप्त जंगलों में भी दिखते हैं। कहा कि इन दिनों जंगलों में आग लग रही है, इससे इनकी जान को भी खतरा हो सकता है। उन्होंने प्रशासन और गैर सरकारी संगठनों से इस ओर ध्यान देने और विक्षिप्तों से निजात दिलाने की मांग की है।

### प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन खड़े होने से लग रहा जाम

**नैनीताल :** संभागीय परिवहन विभाग और जिला प्रशासन ने नगर के कई स्थानों को नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है। इसके बावजूद वाहन बेखौफ सड़कों के किनारे प्रतिबंधित जोन में खड़े किए जा रहे हैं। जिसके चलते जाम की स्थिति बन रही है। पुलिस इन वाहनों को हटाने में नाकाम साबित हो रही है। यातायात को व्यवस्थित करने के लिए बीते दिनों हाईकोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने 24 घंटे के लिए वन वे प्लान के तहत यातायात संचालित किया था। वहीं संभागीय परिवहन अधिकारी ने शहर में 17 स्थानों पर नो पार्किंग जोन घोषित किया था। पुलिस लगातार नो पार्किंग जोन से खड़े वाहनों को हटाने के साथ-साथ चालानी कार्रवाई भी कर रही है। लेकिन नैनीताल-हल्द्वानी रोड से अवैध रूप से सड़कों के किनारे खड़े वाहनों को हटाने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। जिसके चलते यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। एसपी यातायात/अपराध हरबंस सिंह ने बताया कि पर्यटन सीजन के दौरान यातायात को व्यवस्थित बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। सड़क किनारे वाहन खड़ा कर यातायात प्रभावित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# सैलानियों ने नैनीताल से बनाई दूरी, चिंता में व्यवसायी

## पर्यटन सीजन के दौरान पर्वतीय क्षेत्रों में वनाग्नि की घटनाओं से पर्यटन कारोबार पर पड़ रहा बुरा असर, सरोवर नगरी में पसरा सन्नाटा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पर्यटन सीजन के दौरान वनाग्नि की घटनाओं से पर्यटन कारोबार धीमा पड़ गया है। सैलानियों ने नैनीताल से दूरी बना ली है, जिसके चलते बुधवार को नगर में हर तरफ सन्नाटा पसरा रहा। इससे स्थानीय व्यापारियों को चिंता सताने लगी है।

बीते सोमवार की देर रात हुई बारिश से फिलहाल जनपद में वनाग्नि पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है, लेकिन सैलानियों ने नैनीताल समेत आसपास के पर्यटन स्थलों से दूरी बनाई हुई है। बुधवार को नगर में सन्नाटा देखने को मिला। अमूमन पंत पार्क में हर रोज सैकड़ों सैलानी व स्थानीय लोग टहलते दिखाई देते थे, लेकिन बुधवार को गिने चुने ही लोग दिखाई दिये।



नैनीझील में पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

इधर, स्थानीय होटल कारोबारियों का कहना है कि नैनीताल में चारों ओर वनाग्नि की घटनाओं से कारोबार में फर्क पड़ा है। सैलानियों में डर का माहौल है। ऐसे में जिला प्रशासन को नैनीताल में आना सुरक्षित है ऐसा संदेश जारी करना चाहिए। कहा कि पहले बर्फबारी न होने से सैलानी कम पहुंचे थे। अब पर्यटन सीजन शुरू होते ही वनाग्नि की घटनाओं ने कारोबार चौपट कर दिया है। वहीं, टैक्सी व नाव चालकों के साथ-साथ गाइडों पर भी रोजी-रोटी का संकट मंडरा रहा है।

# इस बार कुमाऊं में दोगुने जले जंगल

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार :** कुमाऊं मंडल के जंगलों में लगी आग वन विभाग के लिए मुसीबत बनी हुई है। तेजी से जंगलों में फैल रही आग का दायरा लगातार बड़ा रहा है। जिससे अब तक हजारों हेक्टेयर वन संपदा जलकर खाक हो चुकी है। जंगलों को आग से बचाने के लिए एनडीआरएफ, वायु सेना को लगाया गया है, इसके बावजूद जंगलों की आग कम होने का नाम नहीं ले रही।

जानकारों के अनुसार आने वाले समय में चीड़ के पेड़ से पीरुल गिरेगा, जिससे जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ेंगी।

**हालात**

- **मानसून समय पर नहीं आया तो बढ़ सकती हैं मुश्किलें**
- **15 जून के बाद आएगा मानसून कड़े प्रयास न हुए तो तब तक धधकते रह सकते हैं जंगल**

बीते सालों की अपेक्षा में इस साल जंगल तेजी से जल रहे हैं। एक नवंबर 2022 से 29 अप्रैल 2023 तक उत्तराखंड में 372 हेक्टेयर जंगल आग की चपेट में आया था। जबकि नवंबर 2023 से 29 अप्रैल 2024 तक 814 हेक्टेयर जंगल आग से झुलस चुका है।

बीते वर्ष कुमाऊं में 160 मामलों सामने आए थे, जिसमें 191 हेक्टेयर जंगल जला। जबकि इस वर्ष अब तक कुमाऊं मंडल में 363 मामलों सामने आए हैं, जिसमें 480 हेक्टेयर जंगल जल कर खाक हुआ है।

**बोले वन संरक्षक**

बीते वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी देखने को मिली है। वन विभाग के कर्मचारी और अधिकारी आग बुझाने के लिए कार्य कर रहे हैं। जंगलों को सुरक्षित बचाने के लिए वन विभाग, दमकल कर्मी और एनडीआरएफ की टीमों को लगाया गया है। अब आग लगने की घटनाओं में कमी देखने को मिली है। - **टीआर बीजू लाल**, वन संरक्षक उत्तरी वृत्त।



बच्चों को सम्बोधित करती ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत। ● अमृत विचार

# अच्छी शिक्षा से हर मुकाम हो सकता है हासिल : रेखा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** अच्छी शिक्षा से हर मुकाम को हासिल किया जा सकता है। यह बात मुख्य अथिथि ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत ने जीआईसी ढेला में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं के स्वागत समारोह में कही।

उन्होंने बच्चों से कहा कि वे पूरा ध्यान पढ़ाई पर दें, मोबाइल से दूर रहें तभी वे अपने उद्देश्य को प्राप्त कर पाएंगे। विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत ने बच्चों को आश्वस्त किया कि उनके स्तर से पढ़ाई और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के लिए पूर्ण सहयोग मिलेगा। उन्होंने ढेला विद्यालय के शत-प्रतिशत बोर्ड परीक्षाफल के लिए विद्यालय परिवार को बधाई भी दी। इस मौके पर नव प्रवेशी बच्चों को शैक्षणिक सामग्री के साथ-साथ कहानी की किताबें भी दी गईं। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राम यादव, मनोज जोशी, सीपी खाती, नवेंदु मठपाल, सुभाष गोला, बालकृष्ण चंद मौजूद रहे।

# विधायक भगत ने कंचन को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा विधायक बंशीधर भगत बुधवार को इंटर की टॉपर कंचन जोशी के नारायण नगर स्थित आवास पर पहुंचे। उन्होंने कंचन का मुंह मीठा कराया और शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया।


उन्होंने कहा कि उत्तराखंड बोर्ड में 97.60 प्रतिशत अंक लाकर कंचन ने राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया है। उसने हल्द्वानी का नाम प्रदेश में रोशन किया है। उन्होंने कहा कि मेहनत इतनी खामोशी से करो कि सफलता शोर मचा दे यह छात्रा ने चरितार्थ कर दिया है। यह प्रसन्नता की बात है कि हर वर्ष कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र से होनहार छात्र-छात्राएं इतिहाच रच रहे हैं।

विधायक ने छात्रा से कहा कि सफलता का यह दौर यही नहीं रुकना चाहिए, जिस क्षेत्र में जाने का मन है उस लक्ष्य की प्राप्ति तक विश्राम नहीं करना है । इस दौरान सुरेश गौड़, प्रमोद पंत, प्रकाश पटवाल, मनोज जोशी, दीपक बिष्ट, दयाकिशन पांडे, दिगंबर भोजक, सुनील जोशी, प्रवीण जोशी, कौस्तुभानंद जोशी आदि मौजूद रहे।



इंटर की टॉपर कंचन जोशी को सम्मानित करते विधायक बंशीधर भगत।

### दिव्यांग महेंद्र ने उत्तीर्ण की हाईस्कूल की परीक्षा



**हल्दूचौड़ :** इंदिरानगर द्वितीय बिंदुखत्ता निवासी दिव्यांग महेंद्र भंडारी ने उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा 58 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। महेंद्र का दाहिना हाथ बचपन से खराब है। अत्यंत निर्धन परिवार में पले बड़े महेंद्र के अंदर कुछ कर गुजरने का जज्बा है। महेंद्र ने कभी भी गरीबी और दिव्यांगता को अपनी राह में रोड़ा नहीं बनने दिया और हाईस्कूल में 58 प्रतिशत अंक पाकर परीक्षा उत्तीर्ण की। दिव्यांग महेंद्र अपने परिवार का सहारा बनना चाहता है। महेंद्र का कहना है कि उसके माता-पिता ने बेहद विषम परिस्थितियों में उसकी परवरिश की है। वह चाहता है कि उसके माता-पिता को ज्यादा कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। महेंद्र की मां पार्वती भंडारी और पिता देवेंद्र भंडारी बेटे की सफलता से बेहद खुश हैं।

### पिनरों के पूरन चंद्र ने इंटर में पाई 24वीं रैंक



**भीमताल :** भीमताल ब्लॉक के दूरस्थ गांव पिनरों के छात्र पूरन चन्द्र ने 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 91.8 प्रतिशत अंक पाकर राज्य में 24वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पूरन ने अपने बड़े भाई के साथ किराए के कमरे में रहकर राजकीय इंटर कॉलेज नारायण नगर हल्द्वानी से अध्ययन कर 12वीं की परीक्षा दी थी। सामाजिक कार्यकर्ता उमेश पलड़िया ने बताया कि पूरन ने 10वीं की परीक्षा गांव के ही राजकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सल्यूड़ा से उत्तीर्ण की थी, जिसमें उसे 84.6 अंक मिले थे। पूरन के पिता केशव दत्त खेती कर परिवार का पालन पोषण करते हैं और माता गीता देवी गृहिणी हैं। पूरन ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों सहित बड़े भाई व मित्रों को दिया है। बताया कि वह अब बीए में दाखिला लेंगे। वह कुशल प्राध्यापक बनना चाहते हैं।

# शिकायत दर्ज कराने को बनाएं एप : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने राजकीय राजमार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग, वन भूमि व राजस्व भूमि पर हुए अतिक्रमण के खिलाफ स्वतः संज्ञान ली गई जनहित याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने मुख्य सचिव को अतिक्रमण की शिकायत दर्ज कराने के लिए एप बनाने के निर्देश दिए हैं। इसमें राज्य के 13 जिलों में नागरिक अतिक्रमण की शिकायत दर्ज करा सकें। मामले की अगली सुनवाई 7 मई को होगी।

दिल्ली निवासी एक व्यक्ति ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजकर कहा था कि नैनीताल के पदमपुरी में वन विभाग की भूमि व सड़क किनारे कुछ लोगों ने अधिकारियों की मिलीभगत से अतिक्रमण किया है। इसकी वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लिहाजा इसे हटाया जाए। कोर्ट ने इस पत्र का संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की थी। साथ ही कोर्ट ने पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग, राजकीय राजमार्ग, वन व राजस्व भूमि से अतिक्रमण हटाने के आदेश सभी जिलाधिकारी व डीएफओ को देकर रिपोर्ट पेश करने को कहा था।

### सरकार बताए बाढ़ से बचाव के लिए क्या कदम उठाए ?

**नैनीताल, अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने नंधौर नदी सहित बारिश में गौला, कोसी, गंगा, दाबका में हो रहे भूकटाव व बाढ़ से नदियों के मुहाने अवरुद्ध होने के कारण आबादी वाले क्षेत्रों में जलभराव, भू कटाव को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा है कि जो सूचना याचिकाकर्ता ने कोर्ट में पेश की उसका अवलोकन कर कोर्ट को बताएं कि बाढ़ राहत के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 7 मई को होगी। बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता भुवन चन्द्र पोखरिया ने आरटीआई की प्रति पेश की। जिसमें कहा गया था कि 1 मार्च 2023 से अभी तक बाढ़ से बचाव के लिए संवेदनशील नंधौर, पचोनिया, सूखी नदी, ढोका, वन परिसर चोरगलिया सहित सुनारगड़ा में जमा मलबा व सिल्ट नहीं हटाई गई है। जिलाधकारी नैनीताल ने 6 जनवरी 2024 को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर संबंधित विभागों से रिपोर्ट तलब की थी, लेकिन डीएम ने बाढ़ से बचाव को बजट स्वीकृत नहीं किया। वहीं, सरकार की तरफ से कहा गया कि पूर्व के आदेशों का पालन किया जा रहा है। नदियों में जमा सिल्ट व मलबा हटाया जा रहा है। मामले के अनुसार चोरगलिया निवासी भुवन चन्द्र पोखरिया ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि बारिश से नदियां उफान पर आती हैं, लेकिन मुहाने अवरुद्ध होने से बाढ़ व भूकटाव हो रहा है। इसके चलते आबादी क्षेत्रों में जलभराव होता है और सरकारी योजनाएं बह गईं।

# 2 माह में शिक्षकों के दस्तावेजों की जांच कर रिपोर्ट दे सरकार

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने प्राइमरी व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में फर्जी दस्तावेजों से नियुक्ति पाए साढ़े तीन हजार शिक्षकों की नियुक्ति के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार को दो माह के भीतर सभी शिक्षकों के दस्तावेजों का निरीक्षण कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि 75 प्रतिशत शिक्षकों के शैक्षणिक दस्तावेजों का निरीक्षण किया जा चुका है जिनमें कुछ के शैक्षणिक दस्तावेज अवैध मिले हैं। उनकी याचिकाएं उच्च न्यायलय में लंबित हैं। इस पर कोर्ट ने ऐसे केसों की सूची भी देने को कहा है। बुधवार को खंडपीठ में हुई सुनवाई में सरकार ने बताया कि राज्य में 33 हजार शिक्षकों में से करीब 12 हजार शिक्षकों के दस्तावेजों की जांच हो चुकी है, बाकी की जांच जारी है। सरकार का तथ्य सुनते हुए कोर्ट ने कहा कि मामला अति गम्भीर है इसलिए जो जांच विचाराधीन है उसको शीघ्र पूरा करें। सरकार के जवाब में यह तथ्य भी आया कि 33 हजार शिक्षकों में से 69 शिक्षकों के फर्जी दस्तावेज मिले हैं जिनमें 57 को सस्पेंड कर दिया गया है। मामले में स्टूडेंट वेलफेयर सोसायटी हल्द्वानी ने जनहित याचिका दायर की है।

**उपलब्धि** | सख्त अनुशासन व मित्रपूर्ण व्यवहार से आते हैं परीक्षा में अच्छे नतीजे, छात्रों की क्षमता का चयन कर कराया जाता है अध्ययन

# बोर्ड परीक्षाओं में छाए रहते हैं हरगोविंद सुयाल के विद्यार्थी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रत्येक वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम घोषित होने पर हरगोविंद सुयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कुसुमखेड़ा खासा चर्चा में रहता है। यहां के छात्र-छात्राएं हर साल प्रदेश स्तर पर टॉप करते हैं। इस बार भी यहां की इंटरमीडिएट की छात्रा कंचन जोशी ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही इंटरमीडिएट में दो अन्य व हाईस्कूल में 7 छात्र-छात्राओं ने मैरिट लिस्ट में जगह बनाई है।



खीम सिंह बिष्ट।

स्कूल के प्रधानाचार्य खीम सिंह बिष्ट बताते हैं कि सख्त अनुशासन व शिक्षकों का छात्रों के साथ मित्रपूर्ण व्यवहार से ही परीक्षा के नतीजे अच्छे आते हैं। स्कूल में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं जाती, लेकिन छात्रों को सजा देने की बजाए उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास किया जाता है। स्कूल में प्रारंभ से ही समय-सूची बनाकर पढ़ाई शुरू हो जाती है और अतिरिक्त छुट्टियों में कटौती की जाती है। जाड़ों की छुट्टियों में भी छात्रों के लिए विशेष कक्षाएं आयोजित की जाती हैं। साथ ही प्रीबोर्ड परीक्षाओं के बाद छात्रों की क्षमताओं के अनुसार उनका अलग-अलग चयन करके अध्ययन कराया जाता है।




**इसरो आदि में अपना जौहर दिखा रहे छात्र :** स्कूल के कई छात्र वर्तमान में कई सेवाओं में अपना जौहर दिखा रहे हैं। अनुराग मिश्रा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), जबकि गर्वित गंगवार व ज्योति कोटाल भारतीय वन सेवा (आईएफएस) में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। साथ ही महेंद्र सिंह बिष्ट भारतीय इंजीनियरिंग सेवाएं (आईईएस) और भूपेश चंदोला संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) में कार्यरत हैं।

### वर्ष 2004 से टॉप कर रहे हैं छात्र

वर्ष 2004 में स्कूल के छात्र पहली बार हाईस्कूल की परीक्षा में सम्मलित हुए तो राज्यभर में टॉप पांच की सूची में सकूल के चार छात्रों ने अपने नाम दर्ज किये। जिसमें अनूप शुक्ला ने प्रथम, योगेश ने द्वितीय, महेंद्र सिंह बिष्ट ने तृतीय व दीप चंद्र कांडपाल ने पांचवां स्थान प्राप्त किया था। इसके बाद वर्ष 2007 में स्कूल के छात्र पहली बार इंटरमीडिएट की परीक्षा में सम्मलित हुए तो ज्योति कोटाल ने राज्य भर में पहला, ख्याति कांडपाल ने दूसरा व दीपिका जोशी ने सातवां स्थान प्राप्त किया। वर्ष 2005 में भी इंटरमीडिएट में छात्रा प्रियंका भट्ट ने प्रदेश भर में पहला स्थान प्राप्त किया था। प्रधानाचार्य ने बताया कि वर्ष 2004 से अब तक स्कूल ने चार बार टॉपर दिए हैं, जबकि हाईस्कूल में 55 व इंटरमिडिएट में 48 छात्रों के नाम मैरिट सूची में आ चुके हैं

### सीमित विकल्पों के बावजूद प्रवेश को रहती है होड़

स्कूल में हाईस्कूल के बाद छात्र-छात्राओं को सिर्फ विज्ञान विषय चुनना होता है, क्योंकि स्कूल में आर्ट व कॉमर्स विषयों के विकल्प नहीं हैं। साथ ही एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) भी नहीं है, लेकिन इसके बावजूद स्कूल में प्रवेश लेने के छात्रों में होड़ रहती है। प्रधानाचार्य ने बताया कि स्कूल में कक्षाओं के संचालन के लिए कुल 22 कमरे हैं, इसलिए सीमित बच्चों को ही प्रवेश दिया जाता है। स्कूल में कक्षा 6 से 12वीं तक लगभग 1100 बच्चे अध्ययन करते हैं।

**साल 1999 में हुई स्कूल की शुरुआत :** उप प्रधानाचार्य जगदीश चंद्र परगाई ने बताया कि स्कूल की शुरुआत वर्ष 1999 में कक्षा छह के दो सेक्शनों से हुई थी, जिसके बाद कुसुमखेड़ा निवासी हरुली देवी ने अपने दिवंगत पति हरगोविंद सुयाल की याद में अपनी जमीन स्कूल को दान दी। स्कूल का संचालन विद्या भारती संस्था करती है।

# बगीचे में आम व लीची के 37 हरे पेड़ काट डाले

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** निकटवर्ती ग्राम चिल्किया में काशीपुर हाईवे से सटे बगीचे में आम व लीची के 37 पेड़ काट दिए गए। फल पट्टी क्षेत्र में फलदार पेड़ों पर आरी चलने की सूचना पर तहसीलदार ने राजस्व विभाग की टीम के साथ मुआयना किया।

उद्यान विभाग ने बाग मालिक को नोटिस जारी कर उच्चाधिकारियों को सूचित किया है। रामनगर के फलपट्टी क्षेत्र में प्लाटिंग के लिए हरे पेड़ों का कटना जारी है। चिल्किया क्षेत्र में फलदार बगीचे में पेड़ काटे जाने की सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी राहुल शाह के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

तहसीलदार कुलदीप पांडे ने बताया कि फलपट्टी क्षेत्र चिल्किया में लक्ष्मी-नारायण मंदिर के निकट प्लाटिंग के इरादे से अवैध रूप से फलदार पेड़ कटे पाये गए। उन्होंने इस संबंध में उद्यान प्रभारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उद्यान प्रभारी एएस परवाल ने बताया कि आम के 7 और लीची के 30 पेड़ काटे गए हैं। सभी पेड़ हरे थे और इन्हें काटने की भी अनुमति नहीं ली गई। उन्होंने बताया कि बगीचे के मालिक डॉ. केके अग्रवाल को नोटिस जारी कर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है।

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार कुलदीप पांडे, नायब तहसीलदार दयाल चंद्र मिश्रा, राजस्व निरीक्षक आरिफ़ हुसैन आदि मौजूद रहे।

**नोटिस जारी**

- **तहसीलदार ने राजस्व विभाग की टीम के साथ किया मुआयना**
- **जमीन में प्लटिंग करने के लिए पेड़ काटने की बात आ रही सामने**

# ट्राउट मछली पालन की दो तकनीक हस्तांतरित

**भीमताल, अमृत विचार :** शीतजल मात्स्यिकी अनुसंधान निदेशालय भीमताल में निक्रा प्रोजेक्ट के तहत आरएएस तकनीकी से पिछले 4 वर्षों से ट्राउट (मछली) का उत्पादन किया जा रहा है। सभी पहलुओं का अध्ययन करने के बाद दो तकनीक को एग्रीनोवेट के माध्यम से दास एंड कुमार कंपनी और ग्रोवेल कंपनी को हस्तांतरित कर दिया गया है। जिससे अब ट्राउट का कमर्शियल उत्पादन हो सकेगा।

इस योजना को डीसीएफआर के निदेशक पीके पांडे की लीडरशिप में वैज्ञानिक डॉ. राजेश एम, डॉ. बीजू सैमकमलम, डॉ. आरएस पटियाल व अन्य वैज्ञानिकों ने पूरा किया। वैज्ञानिक डॉ. रवि पतियाल ने बताया कि नई तकनीक से हिमालयी राज्यों में मछली पालन उद्योग को नया आयाम मिलेगा। शोध में मुख्य रूप से वैज्ञानिक डॉ. बीजू सैमकमलम, डॉ. राजेश एम शामिल रहे। कार्यक्रम में निदेशक पीके पांडे, राष्ट्रीय शोध सलाहकार समिति के अध्यक्ष डॉ. एजी पोनैया आदि रहे।

# साहब...एक बारिश भी नहीं झेल पाएगी वर्कशॉप लाइन की सड़क

## सड़क बनने के 15 दिन बाद ही उखड़ने लगा डामर, गुणवत्ता पर उठे सवालिया निशान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रेलवे वर्कशॉप लाइन में काफी इंतजार के बाद सड़क बना दी गई, लेकिन सड़क की गुणवत्ता पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। सड़क बनने के करीब 15 दिन बाद ही बजरी उधड़ रही है। सड़क अभी से खस्ताहाल नजर आने लगी है। यही हाल रहे तो अगली बारिश में ही सड़क फिर से जर्जर स्थिति में आ जाएगी।

तिकोनिया से वर्कशॉप लाइन होते हुए रेलवे स्टेशन तक की सड़क काफी सालों से जर्जर हालत में थी। गौला पुल, रेलवे स्टेशन, केमू स्टेशन और रोडवेज स्टेशन जाने के लिए इस सड़क का मुख्य तौर पर इस्तेमाल होता है। काफी समय बाद शासन ने सड़क को बनाने के लिए मंजूरी दी। आखिरकार ढाई करोड़ की लागत से सड़क पर डामरीकरण कर दिया गया। सड़क पर डामर किए हुए अभी मुश्किल से 15 दिन का ही समय बीता है, लेकिन सड़क के हाल-बेहाल हो रहे हैं। सड़क से बजरी उधड़ रही है। सड़क के किनारों को अभी से नुकसान पहुंच रहा है।

बजरी उधड़ने की वजह से दुर्घटना का भी भय बना हुआ है। सड़क में फिनिशिंग भी ठीक तरह से नहीं दी गई है। यही हाल रहे तो यह सड़क एक बारिश भी मुश्किल से झेल पाएगी और फिर से जर्जर स्थिति में पहुंच जाएगी। सड़क की गुणवत्ता को लेकर आमजन भी सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि देख कर नहीं लगता कि यह सड़क अभी 15 दिन पहले ही बनाई गई है।


ये है वर्कशॉप लाइन की सड़क का हाल, जहां वाहन मिस्त्रियों और ठेले वालों ने सड़क पर अतिक्रमण किया है। ● अमृत विचार

### अतिक्रमणकारियों ने भी सड़क को किया खराब

**हल्द्वानी :** जैसे-तैसे काम चलाऊ तौर पर सड़क पर डामर कर दिया गया और अब सड़क पर लोग अतिक्रमण करके बैठ गए हैं। वर्कशॉप लाइन में वाहनों की मरम्मत सड़क पर ही की जा रही है। नहर के समीप सड़क पर पूरी तरह से दुकानदारों का ही कब्जा है। सड़क पर वाहनों की मरम्मत होने से नहर की तरफ सड़क और भी बुरी स्थिति में पहुंच गई है।

क्षेत्र में अभी कई सड़कों का निर्माण होना है। निर्माण की गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जा रहा है। अगर कहीं कमी होगी तो उसे भी देखा जाएगा। **– अशोक कुमार चौधरी, ईई लोनिवि**

## लाखों की धोखाधड़ी करने वाला सुनार गिरफ्तार, जेल भेजा

**लालकुआं, अमृत विचार :** पुलिस ने नगर के एक प्रतिष्ठित सुनार को ग्रामीणों के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वार्ड 6 रेलवे बाजार लालकुआं निवासी आरोपी पवन रस्तोगी पुत्र प्रेम रस्तोगी को उसके आवास से गिरफ्तार किया गया है।

मामले में दो लोगों सीमा देवी और गोविंद निवासी तिवारी नगर बिंदुखत्ता को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। 21 दिसम्बर 2023 को रेखा देवी पत्नी भुवन लाल निवासी तिवारी नगर प्रथम बिंदुखत्ता ने ग्रामीणों के साथ थाना लालकुआं में तहरीर देकर कहा कि लालकुआं निवासी सुनार पवन रस्तोगी व सीमा देवी अन्य ने उनके व ग्रामीणों के साथ लाखों रुपए की नगदी व सोने के जेवरातों में धोखाधड़ी की है।

जांच में धोखाधड़ी के साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने न्यायालय से अभियुक्त पवन रस्तोगी के खिलाफ गैर जमानती वारंट प्राप्त किया था। जिसके तहत पुलिस ने पवन रस्तोगी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि सीमा देवी और गोविंद को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

# खेलों के लिए न्याय मित्र नियुक्त

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने गली मोहल्लों में खेलने वाले बच्चों की क्रीड़ा संबंधित परेशानियों के मामले पर स्वतः संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अधिवक्ता सिद्धान्त मनराल को न्याय मित्र नियुक्त किया है।

न्याय मित्र याचिका की अगली सुनवाई की तिथि पर कोर्ट को सुझाव देंगे कि खेलों से वंचित बच्चों के लिए खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने में आम समाज कैसे योगदान दे सकता है, ताकि इन बच्चों को बेहतर नागरिक बनाने में मदद मिल सके।



मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश रितू बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने की। मामले के अनुसार, क्रिकेट खिलाड़ी विराट कोहली के एक वीडियो के आधार पर कुछ बच्चों ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर उनके खेलने के लिये मैदान न होने व गली मोहल्लों में लोगों द्वारा खेलने से मना करने से उनका बचपन प्रभावित होने की शिकायत की थी। इस पत्र का हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया। मामले में हाईकोर्ट ने पूर्व में खेल मंत्रालय भारत सरकार, खेल निदेशक उत्तराखंड, सचिव शहरी विकास उत्तराखंड को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि खेलो इंडिया के तहत कोई ऐसी पॉलिसी है, जिसके तहत बच्चों के शारीरिक विकास के लिए खेल के मैदान बनाए जा सकें। हाईकोर्ट ने कहा है कि खेल के मैदान न होने से बच्चे मोबाइल, कम्प्यूटर आदि में समय बर्बाद कर रहे हैं, जिससे उनका शारीरिक व मानसिक विकास बाधित हो रहा है।

### घोड़ाखाल गोल्ज्यू मंदिर में भंडारा आज

**भवाली, अमृत विचार :** घोड़ाखाल गोल्ज्यू मन्दिर में बुधवार को रामायण पाठ का आयोजन किया गया। पंडित कैलाश जोशी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर पाठ का शुभारंभ किया। हल्द्वानी के पवन जोशी ने अपनी मंडली के साथ पाठ गायन किया। प्रधान पुजारी कैलाश जोशी ने कहा कि रामायण पाठ के बाद गुरुवार को हवन पूजन कर भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान चेतन पाठक, कमल तिवारी, मोहित बुडलाकोटी, बसंत पाण्डे आदि रहे। वही लेख ( नगारीगांव) में गौरी दत्त भट्ट ने रामायण पाठ कर भंडारा किया।

### ईओ आईएएस राहुल आनंद को दी विदाई

**नैनीताल :** नगर पालिका में ईओ व एसडीएम न्यायिक के पद पर तैनात 2022 बैच के आईएएस अधिकारी राहुल आनंद को बुधवार को पालिका सभागार में कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह में कर्मचारियों व अन्य संगठनों ने बुके व शॉल देकर उन्हें सम्मानित किया। साथ ही उनके कार्यकाल की भी सराहना की। ईओ राहुल आनंद ने बताया कि एक दिसंबर 2023 को उन्होंने पालिका में पदभार ग्रहण किया तो उस समय उनके पास काफी चुनौती थी। पालिका कर्मचारियों व प्रशासक केएन गोस्वामी के संयुक्त प्रयास से पालिका को वित्तीय हालत से उबारने में वह काफी हद तक सफल रहे।


राहुल आनंद का सम्मान करते कर्मचारी।

## सार-संक्षेप


कार्यक्रम में डाक्टरेट की मानद उपाधि लेतीं डॉ. ममता कुमार।

### डॉ. ममता को जर्मनी की यूनिवर्सिटी ने दी मानद उपाधि

**हल्द्वानी :** डॉ. ममता कुमार को वाधवान इंडिया अवॉर्ड्स काउंसिल की ओर से आयोजित दीक्षांत समारोह में हेसेन अंतर्राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी जर्मनी की ओर से डॉक्टरेट की मानद उपाधि दी गई है। इंदिरापुरम हैबिटेट सेंटर गाजियाबाद में आयोजित दीक्षांत समारोह में एमिटी यूनिवर्सटी के निदेशक अजय राणा, यूजीसी निदेशक प्रो. अंसुर रहमान आदि ने उन्हें उपाधि प्रदान की। डॉ. ममता को यह उपाधि करियर काउंसलिंग के क्षेत्र 15 वर्षों से निरंतर कार्य को देखते प्रदान की गई। डॉ. ममता एसएसबीएम जेनेवा में रिसर्च स्कॉलर भी हैं। उनके पति अशोक कुमार लोक निर्माण विभाग में अधिशासी अभियंता हैं।

### सड़कों पर पशु छोड़ने पर चार लोगों का चालान

**हल्द्वानी :** सड़कों पर पशुओं को छोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। नगर निगम व पशुपालन विभाग की टीमों ने बुधवार को शहर की सड़कों में निराश्रित गौवंश को पकड़ने की कार्रवाई की। इस दौरान विभिन्न स्थानों से कई गायों को पकड़ा गया, जिसमें से चार बिना ईयर टैगिंग वाली थीं। गायों का रजिस्ट्रेशन सुमन अधिकारी पत्नी सुरेश अधिकारी, मंडी गेट, तल्ली हल्द्वानी, चंदन नाथ गोस्वामी पुत्र किशन नाथ, इंदिरानगर वार्ड-17, शशि गुप्ता पत्नी भानु प्रकाश गुप्ता, गौजाजाली उत्तर और आशा गोस्वामी पत्नी चंदन नाथ गोस्वामी, उजाला नगर के नाम से थी। इसके बाद उक्त लोगों के खिलाफ सिटी मजिस्ट्रेट ने 10-10 हजार रुपये का चालान काटने की कार्रवाई की। नगर निगम ने सभी पशुपालकों से अनुरोध किया वे अपनी गायों को प्राप्त करने के लिए नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

### प्रवेश उत्सव मनाकर किया छात्राओं का स्वागत

**कालाढूंगी :** पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कालाढूंगी व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कोटाबाग में बुधवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा 6 एवं 9 में प्रवेश लेने वाली छात्राओं का स्वागत किया गया। कालाढूंगी कॉलेज में प्रभारी सचिव उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद विनोद प्रसाद सिमल्टी एवं संयुक्त सचिव श्याम सिंह बिष्ट मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सत्य नारायण, प्रधानाचार्या बसंती अधिकारी, ब्लॉक समन्वयक प्रेम चंद्र कांडपाल आदि शिक्षिका उपस्थित रहीं। संचालन हेमा प्रोहित ने किया। वहीं कोटाबाग में अध्यनरत छात्राओं की माताओं को भी आमंत्रित किया गया। विद्यालय में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली माताओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्या विनीता पाठक सहित समस्त शिक्षिकाएं एवं अनेक अभिभावक व कर्मचारी उपस्थित थे।

### 1335 बच्चों ने लिया विद्यालयों में प्रवेश

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी ब्लॉक के सभी विद्यालयों में बुधवार को प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान विद्यालयों में जगह-जगह कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। विद्यालयों में अभिभावकों को बुलाया गया और विद्यार्थियों के साथ मिलकर शिक्षकों ने शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले कार्यों पर चर्चा की। बुधवार तक प्राथमिक स्तर में कुल 791 नामांकन हुए, जिसमें कक्षा एक में 293 नामांकन, कक्षा दो में 141, कक्षा तीन में 132, कक्षा चार में 124 और कक्षा पांच में 101 नामांकन हुए। उच्च प्राथमिक स्तर में कक्षा छः में 510 नामांकन, कक्षा सात में 20, कक्षा आठ में 14 नामांकन हुए। वहीं, माध्यमिक स्तर में बुधवार तक एक भी प्रवेश नहीं हुआ।

### कराटे चैंपियनशिप में प्रतिभागियों ने जीते स्वर्ण पदक

**हल्द्वानी :** आरटीओ रोड में बुधवार को जिला कराटे चैंपियनशिप का समापन हुआ। प्रतियोगिता में 100 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। सीनियर वर्ग में बालिका निकिता यादव, तारा बिष्ट, पायल, मानसी और टीना ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सीनियर वर्ग बालक में अतुल, विरेंद्र, प्रियांशु और चेतन भट्ट ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग में कनिका, किरन और फरीन ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी 4 से 7 मई तक देहरादून में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान विरेंद्र सिंह राठौर, कोच चेतन भट्ट, निकिता यादव, नरेंद्र सिंह, विनोद लखेरा आदि मौजूद रहे।

### पीयूष विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

**हल्द्वानी :** शक्ति फिल्म प्रोडक्शन ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार सम्मानित किया। वर्चुअल रूप से आयोजित कार्यक्रम के तहत प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। उत्तराखंड से पीयूष जोशी को सम्मानित किया गया है। युवाओं के हितों की लड़ाई लड़ने व स्वामी विवेकानंद की तरह जगाने का कार्य कर रहे पीयूष जोशी को स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### श्रमिकों के कार्यों के प्रति कृतज्ञता का भाव किया प्रकट

**हल्द्वानी :** शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल में विश्व श्रमिक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने अपनी भावनाओं से श्रमिकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। विद्यालय के बस चालकों, परिचालकों और परिचारिकाओं को मंच पर बुलाकर उनके प्रति सम्मान का भाव प्रकट किया गया। छात्र मयंक कोहली ने श्रमिक दिवस मनाने के इतिहास की जानकारी दी। साथ ही छात्रों ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य पीएस अधिकारी ने बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा की।

# सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में खुला मोंटेसरी स्कूल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल समूह केंद्र (सीआरपीएफ) काठगोदाम में मोंटेसरी स्कूल खुल गया है। इसका संचालन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल करेगा।

बुधवार को स्कूल का उद्घाटन क्षेत्रीय परिवार कल्याण केंद्र की अध्यक्ष रिचा पांडे ने किया। इस दौरान सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक शंकर दत्त पांडेय ने कहा कि मोंटेसरी स्कूल में उच्च स्तर की शिक्षा मुहैया कराने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उप महानिरीक्षक चिकित्सा डॉ. एमवी राव, कमांडेंट विजय कुमार आदि मौजूद रहे।


स्कूल का उद्घाटन करतीं क्षेत्रीय परिवार कल्याण केंद्र की अध्यक्ष रिचा पांडे व अन्य।

# अजय भट्ट के जन्मदिन पर जीत की प्रार्थना


नैनीताल नयना देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


सांसद के जन्मदिन के मौके पर भीमेश्वर मंदिर में एकत्र भाजपाई। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के जन्मदिन पर बुधवार को जगह-जगह कार्यक्रम हुए।

नैनीताल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मां नयना देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर अजय भट्ट की लंबी उम्र की कामना की। साथ ही चुनाव में जीत के लिए प्रार्थना की। जिसके बाद गोवर्धन हॉल में विधायक सरिता आर्य के नेतृव में केक काटा गया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत, अध्यक्ष आनंद बिष्ट, पूर्व मंडल मंडल अध्यक्ष मनोज जोशी, महामंत्री मोहित लाल साह, नितिन कार्की, अरविंद पडियार, भूपेंद्र बिष्ट, संतोष कुमार, विक्रम रावत मौजूद रहे।

इधर, भाजपा गौलापार मंडल अध्यक्ष डॉ. मुकेश बेलवाल के नेतृत्व में अजय भट्ट के जन्मदिन पर कालीचौड़ मन्दिर में पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान दिग्विजय भट्ट, मोहित कांडपाल, बसंत सनवाल, तारा तिवाड़ी, जगदीश नौला, गोविन्द मिश्रा, प्रकाश बेलवाल, बसन्त आर्या, जीवन आर्या, कैलाश राज, हरीश सम्मल, योगेश बोरा मौजूद रहे। इधर, अपणि-पाठशाला बाल संस्कार केंद्र/विरासत वृद्ध आश्रम गंगापुर गौलापार में अजय भट्ट के जन्मदिन पर केक काटा गया। इस मौके पर त्रिलोक नौल, राजेन्द्र तिवारी, आनंद मेहत आदि मौजूद रहे।

### भीमेश्वर महादेव मंदिर में की साफ-सफाई

**भीमताल :** सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भीमेश्वर महादेव मंदिर में साफ-सफाई की। साथ ही भजन कीर्तन, फल व मिष्ठान वितरण किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कमला आर्या, नवीन तिवारी, योगेश, कमलेश, पुष्कर मेहरा, नीमा नेगी, महेश जोशी, बच्ची सिंह मेहता, सुनीता पांडे, शरद, दिनेश सांगुडी, विनोद भट्ट, गोपाल राम मौजूद रहे।

# प्रिंसिपल व लेबर डे पर बच्चों को पढ़ाया नैतिकता का पाठ

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ऑल सेंट्स कॉलेज में बुधवार को प्रिंसिपल डे और लेबर डे मनाया गया। इस मौके पर बच्चों को नैतिकता का पाठ भी पढ़ाया गया। वहीं छात्राओं ने प्रधानाचार्या किरन जरमाया को उनके प्रति अपना स्नेह एवं आदर प्रकट करने के लिए फूलों का गुलदस्ता और कार्ड भेंट किया।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कक्षा 12 की छात्राओं ने किचन के कर्मचारियों के कार्य में हाथ बंटाते हुए पूरे विद्यालय के लिए दिन का खाना बनाने में सहायता। प्रधानाचार्या किरन जरमाया ने उनके कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं कर्मचारियों ने भी प्रधानाचार्या के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया।

इसके अलावा विद्यालय में चल रहे सांस्कृतिक विनिमय के तहत महाराष्ट्र से आई छात्राओं ने भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। छात्राओं ने यूरोपीय पैटर्न पर बनाए गए भवन से जुड़े इतिहास और इससे जुड़े कई रोचक तथ्यों की जानकारी हासिल की। साथ ही वनस्पतियों और जैव विविधिता का अवलोकन किया। छात्राओं ने गवर्नर हाउस स्थित गोल्फ कोर्स पर गोल्ड भी खेला और खेल की बुनियादी बारीकियों से भी रूबरू हुईं।


प्रधानाचार्य को सम्मानित करता स्कूल स्टाफ। ● अमृत विचार

## जायका योजना में जिले के 1296 किसानों को ट्रेनिंग

**हल्द्वानी :** नैनीताल जिले में पालतू मवेशियों के लिए चारे की कमी को दूर करने व पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए जायका योजना के तहत अब तक 1296 किसानों को प्रशिक्षण व बीज वितरित किया जा चुका है। यह परियोजना जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी (जायका) के सहयोग से चल रही है। साल भर चारे की उपलब्धता बनाए रखना और पशुपालकों की आय बढ़ाना इसका मुख्य लक्ष्य है। आंचल डेयरी फेडरेशन के प्रबंधक प्रशासन डॉ. मोहन चंद ने बताया कि योजना के तहत किसानों को प्रशिक्षण देने के बाद मक्का आदि का बीज उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे साइलेज बनाकर उनकी उपज को बाजार भी उपलब्ध कराया जाएगा।

# चुनौतियों से निपटने के वन आरक्षियों ने सीखे गुर

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व रामनगर में नवनियुक्त वन आरक्षियों को कालागढ़ में आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में मानव वन्यजीव संघर्ष, वनाग्नि सुरक्षा, अवैध पातन, शिकारियों से मुकाबला करने समेत कई चुनौतियों से निपटने के गुर सिखाए गए।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन एसडीओ कालागढ़ डॉ. शालिनी जोशी ने किया। इस दौरान प्रशिक्षार्थियों को शारीरिक व्यायाम, योगा, ड्रिल के अतिरिक्त औषधीय पादपों का संरक्षण, वन्यजीव प्रबन्धन एवं पर्यटन, मानव वन्यजीव संघर्ष, पक्षी जगत, वनाग्नि सुरक्षा, वन मापकी, एमएस ट्राइप्स, कैमराट्रैप, वायरलैस कम्युनिकेशन, वाटरहोल प्रबन्धन, लैण्टाना उन्मूलन, चौड़ विकास, पेट्रोलिंग, जीपीएस, आर्म्स प्रशिक्षण, स्नैक रेस्क्यू, ड्रोन, पर्यावरण, वनलेखा, भारतीय वन अधिनियम-1927 एवं वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम-1972 संशोधित, एच 2 केस जारी करना, फर्द बरामदगी, जाँच रिपोर्ट आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। एसडीओ डॉ. शालिनी जोशी, प्रशिक्षण केंद्र के रेंजर इंदर सिंह बिष्ट, एसओजी के वन क्षेत्रधिकारी संजय पाण्डेय, सतीश चन्द्र उपाध्याय ने प्रशिक्षित किया। इस दौरान रेंजर नन्दकिशोर रूबाली, रेंजर इन्द्र सिंह बिष्ट, हरीश चन्द्र सुन्दरिया, सुनील मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** — मई दिवस पर निकाला जुलूस, शहीद पार्क लखनपुर में सभा कर शहीदों को किया याद

# मेहनतकश जग वालों से जब अपना हिस्सा मांगेंगे....



रामनगर में जुलूस निकालते विभिन्न संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** मजदूर दिवस पर मई दिवस आयोजन समिति के बैनर तले संघ भवन फॉरेस्ट कंपाउंड से एक जुलूस निकाला गया, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुए शहीद पार्क लखनपुर पहुंचकर जनसभा में तब्दील हो गया। जनसभा की शुरुआत छात्र संगठन आइसा की सांस्कृतिक टीम की प्राची बंगारी, हिमानी बंगारी की टीम ने हम मेहनतकश जग वालों से जब अपना हिस्सा मांगेंगे...और इसलिए राह संघर्ष की हम चुनें...गीतों से हुई। समिति संयोजक चंद्र बल्लभ छिमवाल ने मई दिवस के इतिहास और शिकागो के शहीद मजदूरों पर विस्तार से बात रखी। इस दौरान ट्रेड यूनियन नेता रोहित रुहेला, शिक्षक नेता नवेंदु मठपाल, प्रभात ध्यानी, राज पांडे, मुनीश कुमार, सुमित कुमार, सूरज सैनी, भुवन, कमला, शीला शर्मा, सुभाष गोला, बालकृष्ण चंद, विक्रम मावडी मौजूद रहे।

### मजदूरों की दशा पर जताई चिंता

**हल्द्वानी :** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और ट्रेड यूनियनों ने रोडवेज परिसर में सभा का आयोजन किया। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान मोदी सरकार मजदूर आंदोलन के बल पर हासिल किए गए मजदूर पक्षीय 44 श्रम कानूनों को खत्म कर मजदूरों के लिए गुलामी के 4 श्रम कोड थोपने पर आमादा है। सभी मजदूर संगठनों और यूनियनों को एकजुट होकर मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठानी होगी। वक्ताओं ने भारत में मजदूरों-कर्मचारियों की दुर्दशा पर रोष व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रगतिशील भोजन माता यूनियन की रजनी ने किया। इस अवसर पर रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद से जगदीश कांडपाल, भाकपा (माले) से कैलाश पाण्डे, सनसेरा श्रमिक संगठन से दीपक कांडपाल, धन सिंह गड़िया, कमला कुंजवाल, बहादुर सिंह जंगी, जगत सिंह डोभाल, महेश, पंकज, धन सिंह मौजूद रहे।



रोडवेज परिसर में सभा को संबोधित करते वक्ता।

## लोकमंच कार्यालय पर लहराया लाल झंडा

**रामनगर :** एक दिन पूर्व सेवानिवृत हुए जमनराम ने मजदूर दिवस पर समाजवादी लोकमंच कार्यालय में लाल झंडा फहराकर शिकागो के शहीद मजदूर नेता स्पाइस, फिशर, पार्सन्स व को श्रद्धांजलि दी। मंच के संयोजक मुनीष कुमार ने सेवानिवृत्त कर्मचारी जमन राम का स्वागत करते हुए कहा कि आज हमें अपने पूर्वज शहीदों से प्रेरणा लेकर नियमित नियुक्ति व संविधान में रोजगार को मौलिक अधिकार का दर्जा दिए जाने को लेकर अपनी आवाज उठाने की जरूरत है। इस दौरान उपपा नेता प्रभात ध्यानी, रोहित रुहेला, भुवन आर्य, किशन शर्मा, शेखर आर्य, ललिता रावत, नीलू रस्तोगी, दिगंबर बवाड़ी, मुकेश जोशी, मदन मेहता, रवि मेहता, मौ सफी आदि थे।

# गैस उपभोक्ताओं का ई-केवाईसी के लिए घर-घर सत्यापन शुरू

## रुद्रपुर में इंडेन गैस के उपभोक्ताओं की संख्या है 21800, गलत प्रयोग करने वाले उपभोक्ताओं के पंजीकरण होंगे निरस्त

बीरेंद्र बिष्ट, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** इंडेन गैस उपभोक्ताओं को अब ई-केवाईसी करना जरूरी होगा। इसके लिए गैस एजेंसी ने उपभोक्ताओं के सत्यापन करने शुरू कर दिए हैं। इस दौरान एजेंसी के कर्मचारी उपभोक्ताओं का ई-केवाईसी कराने के साथ ही कागजातों की भी जांच कर रहे हैं। अगर कोई उपभोक्ता गलत तरीके से दूसरे उपभोक्ता के कनेक्शन का प्रयोग करते मिला या फिर गलत सूचना दी गयी होगी तो ऐसी कनेक्शनों को निरस्त करने की भी कार्रवाई की जाएगी।

यहां बता दें कि रुद्रपुर शहर में इंडेन गैस एजेंसी से करीब 21800 उपभोक्ताओं ने गैस के कनेक्शन ले रखे हैं। इसमें घरेलू गैस सिलेंडर के साथ ही कॉमर्शियल गैस के कनेक्शन शामिल हैं। गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी को रोकने के लिए एजेंसी ने इस तरह का कदम उठाया है। ताकि गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर रोक लगायी जा सके। इसके लिए एजेंसी की ओर से सभी उपभोक्ताओं के ई-केवाईसी कराए जा रहे हैं।

गैस एजेंसी के कर्मी उपभोक्ताओं के घरों पर जाकर उनके कागजातों की जांच कर रहे हैं और जिन लोगों के कनेक्शन ई-केवाईसी से नहीं जुड़े हैं। ऐसे उपभोक्ताओं के कनेक्शनों को सीधे ई-केवाईसी से जोड़ा जा रहा है।

एजेंसी के अधिकारियों के अनुसार उपभोक्ताओं का सत्यापन करने से कई जानकारियां मिलेंगी। इसमें उपभोक्ता का पता, जिसके नाम पर गैस कनेक्शन है वह जीवित है या नहीं और कनेक्शन का पात्र व्यक्ति ही उपयोग कर रहा है या फिर और कोई।

### 900 उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं का सत्यापन पूर्ण

**रुद्रपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ ईंधन बेहतर जीवन के नारे के साथ 1 मई 2016 से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शुरू की गई थी। इसके तहत महिलाओं को फ्री में गैस कनेक्शन के साथ ही सिलेंडर की पहली रीफिलिंग भी मुफ्त में की जाती है। इस योजना के तहत रुद्रपुर शहर में करीब 1800 महिलाओं को फ्री में गैस कनेक्शन दिए गये। ऐसे उपभोक्ताओं का सत्यापन भी 17 अप्रैल से शुरू हो गया था अब तक करीब 900 उपभोक्ताओं के कनेक्शनों का सत्यापन के साथ ई-केवाईसी से जोड़ा जा चुका है। जल्द ही अन्य उपभोक्ताओं का भी सत्यापन पूर्ण कर ई-केवाईसी से जोड़ा जाएगा।

> शहर में सभी रसोई गैस कनेक्शन के उपभोक्ताओं के सत्यापन के साथ ही ई-केवाईसी से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इसके अलावा अब तक 900 उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं का सत्यापन पूर्ण कर ई-केवाईसी से जोड़ा जा चुका है। जिन उपभोक्ताओं ने अपने कनेक्शन को ई-केवाईसी से नहीं जोड़ा है वे एजेंसी में आकर ई-केवाईसी करवा सकते हैं या फिर घर पर आने वाले डिलीवरी मैन से भी ई-केवाईसी करवा सकते हैं।
> **-राजीव कुमार, मैनेजर, इंडेन गैस एजेंसी, रुद्रपुर**

### ईकेवाईसी की समयावधि बढ़ाने की मांग

**गदरपुर :** इंडेन गैस एजेंसी में ईकेवाईसी की समयावधि बढ़ाने की मांग को लेकर व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने गैस एजेंसी प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि ईकेवाईसी की समय सीमा को बढ़ाया जाए। बुधवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ के नेतृत्व में व्यापारी गैस एजेंसी पहुंचे। जहां उन्होंने गैस एजेंसी प्रबंधक कुंवर राम आर्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि इंडेन गैस एजेंसी में चल रही ईकेवाईसी की समय सीमा को आगे बढ़ाने की मांग की। इस संबंध में व्यापारियों ने एजेंसी के सेल्स मैनेजर दीपक राणा से भी वार्ता की। वार्ता के उपरांत एजेंसी प्रबंधक कुंवर राम आर्य ने जल्द ही कैंप लगाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर व्यापार मंडल महामंत्री संदीप चावला, कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा, मुकेश भुसरी, राजकुमार मौजूद थे।

## सार संक्षेप

### भाजपा ने वार्डों के प्रभारी, सह प्रभारी नियुक्त किए



खटीमा के झनकट मंडल की बैठक में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी झनकट मंडल की बैठक में निकाय चुनाव के मद्देनजर सभी 20 वार्ड के प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किए गए। वहीं मतदाता सूची संशोधन के लिए सात दिन का विशेष शिविर लगवाने के आदेश पर राज्य निर्वाचन आयोग और मुख्यमंत्री का आभार जताया। झनकट मंडल अध्यक्ष विमला बिष्ट की अध्यक्षता में हुई बैठक में निकाय चुनाव को गंभीरता से लेते हुए सभी 20 वार्ड के प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किए गए। जिनमें गोकुल ओली, तस्लीम अहमद, सद्दाम हुसैन, होशियार सिंह, तारिक मलिक, अनीता ज्याला, दीपक भट्ट, राधा पांडे, प्रकाश शर्मा, जानकी पांडे, राजेंद्र बिष्ट और महेश राणा को प्रभारी तथा नरेश राणा, संतो, याकूब कुरैशी, कैलाश पांडे, मो सलीम, सूरज धामी, प्रेम प्रकाश जोशी, चंद्र प्रकाश जोशी, नवीन पंत, रमेश कार्की, अंबा दत्त ओली और धन सिंह बोरा को सह प्रभारी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री किशोर जोशी, भुवन जोशी, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता ज्याला, प्रकाश शर्मा आदि मौजूद थे।

### गुरु एग्रो सीड्स प्लांट में कम मिला स्टॉक



मैसर्स गुरु एग्रो सीड्स प्लांट का निरीक्षण करती संयुक्त टीम। ● अमृत विचार

**बाजपुर :** जिलाधिकारी के दिशा-निर्देशों पर गठित संयुक्त टीम ने बुधवार को भोना इस्लामनगर में स्थित मैसर्स गुरु एग्रो सीड्स प्लांट का स्थलीय निरीक्षण किया जिसमें भौतिक सत्यापन के दौरान गोदामों में मौजूद माल का मिलान अभिलेखों से किया गया तो स्टाक 11.70 क्विंटल कम पाया गया जिसके संबंध में सीड प्लांट स्वामी सतीश चंद्र अग्रवाल को स्टॉक में आए अंतर को स्पष्ट करने के लिए तीन दिन के अंदर कमेटी अध्यक्ष के सम्मुख स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है। निरीक्षण दल में राजस्व उपनिरीक्षक विपिन चौहान, मंडी सचिव कैलाश चंद्र शर्मा, प्रभारी सीड सर्टिफिकेशन बल्देव सिंह, विपणन अधिकारी नलनीकांत, कृषि विकास अधिकारी वीरेंद्र कुमार चौहान आदि शामिल रहे।

### भूसे की ट्रॉली में लगी आग, दमकल टीम ने बुझाई

**किच्छा :** कलकत्ता चौकी क्षेत्र में ग्राम निवासी नंदकिशोर के खेत में जीत सिंह की ट्रॉली में भूसा भरने के दौरान अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में ट्रॉली से धुआं उठने लगा। सूचना पर दमकल टीम प्रभारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। टीम के मदन सिंह रावत एवं संजय सिंह की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### काशीपुर में खुले में कूड़ा डालने के बाद लगा दी आग

**काशीपुर :** नगर निगम के वार्ड नंबर 40 में खुले में कूड़ा डालने के बाद अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। दोपहर में तेज हवा चलते ही आग विकराल रूप लेने लगी। धुआं और तेज आग को देखकर लोग घरों से बाहर आए और आग बुझाई। निगम के वार्डों में कई जगहों पर कूड़ा खुले में फेंका जा रहा है। लोगों का आरोप है कि कूड़ा उठाने वाली गाड़ी नहीं आने से आग लगाना लोगों की मजबूरी बन रही है। बताया कि वार्ड नंबर 40 में भी कई दिनों से कूड़ा उठाने आने वाली गाड़ी नहीं पहुंची है। इससे नाले के सामने ही कई टन कूड़ा खुले में फेंक दिया गया। बुधवार को अज्ञात लोगों ने कूड़ा में आग लगा दी। पॉलीथिन जलने से आग विकराल होने लगी। धुआं भी लोगों के घरों में घुसने लगा, तब जाकर लोग बाहर आए और आग बुझाई। नगर निगम के आयुक्त विवेक राय ने बताया कि खुले में कूड़ा फेंकना और आग लगाना गंभीर मामला है। कूड़े वाली गाड़ी क्यों नहीं जा रही है, मामले की जानकारी ली जाएगी।

### पड़ोसी राजमिस्त्री की हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

**बाजपुर :** पड़ोसी राजमिस्त्री की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दे दिए गए हैं। नई आबादी हरिपुरा हरसान निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को बताया कि हमारे पड़ोस में रहने वाला संजय कुमार उसके पिता रंजीतराम के साथ मजदूरी करता था और उनके साथ ही उठना-बैठना करता था। 29 अप्रैल की रात करीब 10.30 वह घर पर आया और रंजीतराम से बात करते हुए घर से करीब 20 मीटर आगे मनीष के घर की तरफ ले गया। अचानक पिताजी के चीखने-चिल्लाने कि आवाज आई तो परिजन व पड़ोसी भागकर बाहर गए। आरोप है कि संजय कुमार ने उसके पिताजी के सिर पर गहरी चोट मारी हुई थी जिससे वह खून से लथपथ हो कर जमीन पर गिरे हुए थे। उनके वहां पहुंचने पर आरोपी जंगल की तरफ भाग गया। इस घटना में उसके पिता की मृत्यु हो गई। बुधवार को कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि नामजद हमलावर संजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है जिसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दे दिए गए हैं।

### शहर के खस्ताहाल बिजली के खंभे बदलने हुए शुरू

**काशीपुर :** शहर के खस्ताहाल बिजली के खंभों को बदलने का काम शुरू हो गया है। इसके लिए बिजली विभाग ने संबंधित ठेकेदार को निर्देश जारी कर दिए हैं। शहर में कई जगहों पर बिजली के पोल खस्ताहाल हैं। गिरीताल समेत कई वार्डों में सीमेंट के पोल टूट गए हैं। इससे बिजली की लाइनें पेड़ व सड़क के आसपास से गुजर रही हैं। बुधवार को बिजली विभाग के ईई विवेक कांडपाल ने बताया कि शहर में बिजली के पोल बदलने के निर्देश दिए हैं। गिरीताल, नीझड़ा आदि जगहों पर सीमेंट के पोलों को बदलने का काम भी शुरू हो गया है। बताया कि सीमेंट के पोल विभाग के पास हैं। सीमेंट के पोल बदलने से बिजली की समस्या भी दूर होगी। उन्होंने कहा कि बिजली की समस्या कहीं पर भी होने पर लोग इसकी जानकारी दें, ताकि समय रहते हुए समस्या को दूर किया जा सके।

# बेटियों को पढ़ाने के लिए जागरूक हों

## काशीपुर के जीआईसी में मनाया प्रवेशोत्सव, कार्यक्रम में निदेशक विद्यालय शिक्षा ने की अपील

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर में अलग-अलग स्कूलों में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान जीजीआईसी में विद्यालय शिक्षा निदेशक बंशीधर तिवारी पहुंचे। उन्होंने स्कूली बच्चों और उनके परिजनों को संबोधित करते हुए बेटियों को पढ़ाने को लेकर जागरूक किया। अभिभावकों से भी बेटियों की शिक्षा के लिए आगे आने की बात कही।

बुधवार को काशीपुर के अलग-अलग स्कूलों में प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जीसीआईसी स्कूल में आयोजित प्रवेशोत्सव में विद्यालय शिक्षा निदेशक बंशीधर तिवारी शामिल हुए। जहां पर उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महोत्सव का मुख्य उद्देश्य लोगों को शिक्षा के प्रति आकर्षित करना है और शिक्षा विभाग के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जानकारी देना है। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की है कि जब बच्चा स्कूल से पढ़कर घर को जाता है। तब उससे बात करें और पूछे उसने स्कूल में क्या पढ़ा। इस दौरान नव प्रवेश पांच छात्राओं को किताबें व बैग देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जीजीआईसी की प्रधानाचार्य गीता जायसवाल, उर्मिला भारती, गोविंद बल्लभ पंत के प्रधानाचार्य अजय शंकर कौशिक, प्रभारी बीईओ धीरेंद्र कुमार शाहू, अनिल चौहान मौजूद रहे। राजकीय प्राथमिक विद्यालय सरबरखेड़ा में भी प्रवेशोत्सव मनाया गया। प्रवेशोत्सव का शुभारंभ मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक हरेन्द्र कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष मोहम्मद इरफान, सुमनलता चौहान, मधु चौहान, रक्षिता जोशी, सुनीता, प्रमिला चौहान आदि मौजूद रहे।





कार्यक्रम में बंशीधर तिवारी का स्वागत करते शिक्षक।



शांतिपुरी में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानाचार्य।



गदरपुर में अभिभावकों को कमला नेहरू पुरस्कार से सम्मानित करते अधिकारी।

**गदरपुर :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में नए सत्र के प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान नव प्रवेशित बालिकाओं को पाठ्य सामग्री का सेट प्रदान किया गया। बुधवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित नव प्रवेश कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य रश्मि आर्या एवं अभिभावक संघ की अध्यक्षा नादरा ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने बताया कि कक्षा 12 तथा कक्षा 10 में 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाली सात छात्राओं की माताओं को स्वर्गीय कमला नेहरू पुरस्कार के रूप में 1000 रुपये की धनराशि का चेक भी प्रदान किया गया। इस मौके पर नंदिनी शर्मा, कुसुम लता, माया भोज, उर्वशी गंगवार, मिनती विश्वास, नीरू जोशी, नीरजा वर्मा, निधि पनेरु, नीतू नेगी, ललिता, अंजलि मिश्रा, गुड़िया रानी, दीपा, तारा जोशी, व नितेश शर्मा, देवेंद्र रौतेला आदि मौजूद थीं।

**पंतनगर:** आदर्श राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में नव प्रवेशित छात्राओं के अभिभावकों का स्वागत व अभिनंदन प्रधानाचार्या शाइस्ता जमाल अंसारी ने किया। यहां विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अंगद सिंह, संरक्षक शिवानंद पांडेय व विमला तिवारी आदि मौजूद थे।

**शांतिपुरी :** राजकीय इंटर कॉलेज व राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को प्रवेश उत्सव आयोजित कर विद्यालय में आने वाले नये छात्र-छात्राओं का जोरदार स्वागत किया गया। जीआईसी शांतिपुरी में प्रधानाचार्य नर बहादुर चंद, ग्राम प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा, पीटीए अध्यक्ष बीएस कोरंगा व विद्यालय स्टाफ ने संयुक्त रूप से विद्यालय में नए प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। प्रधानाचार्य नर बहादुर चंद ने छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें बांटीं। राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शांतिपुरी में विद्यालय के संरक्षक पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डॉ. गणेश उपाध्याय, प्रधानाचार्य बृजेश गुप्ता ने नवीन प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। डॉ. उपाध्याय ने बोर्ड परीक्षा 2024 में 90% से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को दस-दस हजार रुपये इनाम के तौर पर देने की घोषणा की। कार्यक्रम में अभिवाहक संघ के अध्यक्ष केदारनाथ जोशी, एसएमसी के अध्यक्ष खिमानंद जोशी आदि उपस्थित थे।





मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की वीडियो कांफ्रेंसिंग में उपस्थित डीएम और अन्य।

# सूख रहे जल स्त्रोतों एवं नदियों को करें चिह्नित

संवाददाता, रुद्रपुर

**तीन दिन में जनपद स्तरीय कमेटी की बैठक कर फीडबैक देने के निर्देश**

**अमृत विचार:** जल संरक्षण अभियान 2024 के तहत मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जल संपदा के संरक्षण, संभरण एवं जल संवर्द्धन के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने सूख रहे संवेदनशील जल स्रोतों एवं सहायक नदियों, तालाबों, धाराओं को चिह्नित कर योजना बनाने और उस पर कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही तीन दिन में जनपद स्तरीय कमेटी की बैठक कर फीडबैक देने के निर्देश दिए।

बुधवार को मुख्य सचिव ने बैठक के दौरान कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में जल स्रोत कम उपलब्ध होते हैं। ऐसे क्षेत्रों में कंटूर ट्रेंचेज व रिचार्ज पिट्स निर्मित किये जा सकते हैं, जबकि मैदानी क्षेत्रों में कच्चे तालाब, चेक डैम व रिचार्ज पिट्स के माध्यम से भूजल को संरक्षित कर सकते हैं। इसके साथ ही ग्रामों के समीप वन क्षेत्रों एवं चारागाह क्षेत्रों में चाल-खाल का निर्माण किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान को 1 से 7 जून 2024 तक जल उत्सव सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि जनपद में जल स्रोतों को चिह्नित कर लिया गया है। जसपुर व काशीपुर ब्लॉक को संवेदनशील क्षेत्रों में सम्मिलित किया गया है। वहां की नदियों को कार्ययोजना के तहत शामिल किया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, डीएफओ यूसी तिवारी, एपीडी संगीता आर्या, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पांडे, जल निगम ज्योति पालनी, जल संस्थान तरुण शर्मा आदि मौजूद थे।

### गन्ने के बकाया भुगतान को लेकर कांग्रेस मुखर

**बाजपुर :** किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान अतिशीघ्र करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर किसान कांग्रेस कमेटी मुखर हो गई है। बुधवार को काफी संख्या में कार्यकर्ता उत्तराखंड किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो की अगुवाई में एकत्र होकर एसडीएम दफ्तर जा पहुंचे और वहां मौजूद एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी से मुलाकात कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में हरेंद्र सिंह लाडी, विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी, कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष पवन शर्मा मौजूद रहे।

# पॉलिटेक्निकों में शुरू होगी बीटेक व एमटेक की पढ़ाई

संवाददाता, काशीपुर

**पहल**
- उत्तराखंड में हैं करीब 71 पॉलिटेक्निक कॉलेज
- कुमाऊं में काशीपुर पॉलीटेक्निक को किया गया चिन्हित

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के पॉलिटेक्निक कॉलेजों में भी विद्यार्थी बीटेक और एमटेक की इंटीग्रेटेड कोर्स की पढ़ाई जल्द करते दिखेंगे। इसके लिए तकनीकी शिक्षा विभाग राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेजों में डिप्लोमा कोर्सों की तरह ही बीटेक व एमटेक की पढ़ाई कराने का निर्णय लिया है। इससे विद्यार्थियों को मोटी फीस देकर इंजीनियर कॉलेजों की ओर रूख नहीं करना होगा।

प्रदेश में 71 पॉलिटेक्निकों में डिप्लोमा संबंधित पढ़ाई कराई जाती है। ताकि डिप्लोमा मिलने के बाद विद्यार्थियों को आसानी से रोजगार मिल सके। प्राविधिक शिक्षा विभाग के निदेशक आरपी गुप्ता ने बताया कि तकनीकी शिक्षा विभाग पॉलिटेक्निक कॉलेजों में इंजीनियरिंग कॉलेजों की तरह बीटेक और एमटेक की पढ़ाई कराने की तैयारी में है।

राजकीय पॉलिटेक्निकों में डिप्लोमा संबंधित कोर्स विद्यार्थियों के लिए काफी लाभदायक साबित हो रहे हैं। बताया कि बीटेक और एमटेक के इंटीग्रेटेड कोर्स के लिए प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों में विद्यार्थी धक्के खाते हैं।

मोटी फीस देने के बाद भी रोजगार नहीं मिल पाता है। सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेजों में बीटेक और एमटेक के लिए भी प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। शासन-प्रशासन इसके लिए तैयारी कर रहा है।

### कुमाऊं में काशीपुर, गढ़वाल में नरेंद्रनगर चिन्हित

**काशीपुर :** इसी साल प्रदेश के काशीपुर व नरेंद्रनगर राजकीय पॉलीटेक्निक में बीटेक व एमटेक की पढ़ाई कराई जाएगी। काशीपुर पॉलिटेक्निक के प्राचार्य बीपी सिंह ने बताया कि काशीपुर में तकनीकी शिक्षा विभाग बीटेक एमटेक की पढ़ाई करवाने की तैयारी कर रहा है। इसके बाद अन्य राजकीय पॉलिटेक्निकों में यह विषय लागू कर दिए जाएंगे।

### 70 पॉलीटेक्निक कॉलेजों को किया जाएगा अपग्रेड

**काशीपुर :** प्राविधिक शिक्षा विभाग के निदेशक आरपी गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के 70 राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेजों को अपग्रेड किया जा रहा है। बताया कि डिप्लोमा संबंधित कोर्स वाले व बीटेक-एमटेक वाले विद्यार्थी एक छत के नीचे ही कोर्स पूरा कर सकेंगे। इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

### सूचना

मैं अपनी पुत्री गीता को उसके गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं इसके द्वारा भविष्य में किए गए किसी भी लेन देन, गलत कृत्यों की स्वयं जिम्मेदार होंगी। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।
- जगत सिंह पुत्र रामगोपाल निवासी जसपुरखुर्द काशीपुर जिला उधमसिंह नगर।

**उत्साह** काशीपुर में कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया, गदरपुर में शरबत बांटा गया, शांतिपुरी में केक काटा, किच्छा में हुई पूजा

# भाजपाइयों ने धूमधाम से मनाया अजय भट्ट का जन्मदिन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने श्री नीलकंठ धाम शैलजा कॉलोनी में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री व भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट का जन्मदिन बुधवार को धूमधाम से मनाया। कार्यकर्ताओं ने केट काटकर और हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रसाद वितरण कर अजय भट्ट के दीर्घायु की कामना की। इस अवसर प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि अजय भट्ट जमीन से जुड़े हुए नेता हैं। इस दौरान जिला महामंत्री अमित नारंग, उत्तरी मंडल के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, दक्षिणी मंडल के महामंत्री सुनील ठुकराल, विकास सागर, आशीष यादव, प्रीति धार, राजू चौहान, मोर्शी यादव, जितेंद्र चौहान जितेंद्र संधू, देव मेनन, सौरव राजपूत, राजन राठौर, राजू चौहान, राकेश लोधी, गोविंद शर्मा आदि मौजूद थे।



सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट के जन्मदिन पर केके काटते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**काशीपुर :** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में एलडी भट्ट उप जिला राजकीय चिकित्सालय काशीपुर में नैनीताल लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के जन्मदिन को रक्तदान दिवस के रूप में मनाया गया। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने राजकीय चिकित्सालय के ब्लड बैंक में रक्तदान किया। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन मौजूद रहे।

**गदरपुर :** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने शरबत का वितरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में हुआ। इस मौके पर भाजपा नेता राजेश कुमार मिन्नी, परमजीत सिंह पम्मा, बाबू सिंह तोमर, पंकज सेतिया, नरेश हुड़िआ, मनोज गिरी, हरीश रहलन मौजूद थे।

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी नंबर दो मुख्य बाजार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को अजय भट्ट के जन्मदिन पर केक काटा और मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान मंडल महामंत्री तारा सिंह कोरंगा, दुग्ध संघ निदेशक इंद्र सिंह मेहता, नवीन टाकुली, विजेंद्र जोशी, देवेंद्र सिंह कोरंगा, प्रेम सिंह कोरंगा, खुशाल सिंह कोरंगा, कल्याण सिंह मटियानी आदि मौजूद रहे।

**किच्छा:** खाद्य मंत्रालय भारत सरकार के उत्तराखंड सलाहकार समिति सदस्य लवी सहगल एवं भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अक्षय अरोड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में विशेष पूजा की। मौके पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अक्षय अरोड़ा सहित राजेश कश्यप, पूजा राठी, विकास गगनेजा, अमित कश्यप, ओम कश्यप आदि मौजूद रहे।

**खटीमा :** कार्यकर्ताओं ने लोनिवि परिसर में सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट का जन्मदिन मनाया। भाजपा जिला महामंत्री सतीश गोयल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नगर अध्यक्ष जीवन धामी मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## बाइक सवार की मौत पर ट्रैक्टर चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**खटीमा:** एक सप्ताह पूर्व ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत के मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बानूसी निवासी सोमपाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 25 अप्रैल को ट्रैक्टर संख्या यूपी26 यू 5107 के चालक ने लापरवाही से ट्रैक्टर चलाकर खड़ी बाइक संख्या यूके06 एएल 2337 में टक्कर मार दी। हादसे में उसका साला बाबू राम व भाई रोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उप जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने बाबू राम को मृत घोषित कर दिया तथा रोहित की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने इस मामले में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नाक, कान और मुंह के जरिये शरीर के आंतरिक अंगों को नुकसान पहुंचने पर मौत की रहती है आशंका, काशीपुर में युवक की मौत के बाद बोले विशेषज्ञ

# गर्मियों में हमलावर होती मधुमक्खियों से नाक, कान, आंख और मुंह को बचाएं

दहशत

अजीत प्रताप गोस्वामी, काशीपुर

**अमृत विचार :** काशीपुर में मधुमक्खियों के हमलों के बाद युवक की मौत ने लोगों में दहशत का माहौल बना दिया है। वहीं विशेषज्ञ भी एकदम से युवक पर मधुमक्खियों का झुड़ चिपक जाने को लेकर हैरत में हैं। उनका कहना है कि गर्मियों में मधुमक्खियां अधिक हमलावर होती है। मौजूदा समय में जंगल जल रहे हैं, मधुमक्खियां वास स्थल की खोज कर रही है। हमले के दौरान मुंह, नाक, कान और आंख को बचाना बेहद जरूरी है। शरीर के आंतरिक अंगों में हमला होने से ही मौत की संभावनाएं रहती हैं।



उत्तराखंड के जंगल धधक रहे है। खासकर कॉर्बेट से सटे तराई पश्चिम के घने जंगलों में मधुमक्खियों के छत्ते अक्सर दिखते हैं। विशेषज्ञों की माने तो फरवरी माह से अप्रैल तक मधुमक्खियां फूलों से रस लेकर छत्ता तैयार करती है। इसके लिए अनुकूल स्थल का चयन किया जाता है। बताया कि बरसात से पहले छत्ते में बनाए गए शहद को खाकर मधुमक्खियां अन्य जगह चले जाती है। जंगल में आग व बढ़ती गर्मी के चलते मधुमक्खियां हमलावर हो रही है। काशीपुर जिस जगह पर युवक पर मधुमक्खियों का हमला हुआ है, गोविषाण का टीला जंगल नुमा ही है।

### आठ से दस प्रजाति की होती हैं मधुमक्खियां

**काशीपुर :** डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि मधुमक्खियों के झुड़ से बेहद खतरा रहता है। उन्होंने बताया कि झुंड का हमला होने पर लोग कुछ मधुमक्खियों को हाथों से मार देते हैं। इससे एक के बाद एक मधुमक्खियां हमला कर देती है। बताया कि झुंड से दूरी बना लेनी चाहिए। बताया कि तराई में आठ से दस प्रजाति की मधुमक्खियां पाई जाती है।

### मधुमक्खियों के हमले में मिलता है मुआवजा

**काशीपुर :** वन विभाग के अनुसार मधुमक्खियों और ततैया के हमले व मौत होने पर मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिया जाता है। बताया कि घायल होने पर 15 हजार रूपये, आंशिक रूप से अपंग होने पर एक लाख, पूर्ण रूप से अपंग होने पर तीन लाख और मृत्यु होने पर करीब छह लाख तक का मुआवजा वन विभाग देता है। बताया कि मुआवजा की जानकारी नहीं होने पर कई लोगों के परिजनों को राशि नहीं मिल पाती है।

### मधुमक्खियों का जहर होता है खतरनाक

**काशीपुर :** पंतनगर विश्वविद्यालय के मधुमक्खी अनुसंधान के वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद मल्ल ने बताया कि मधुमक्खियों के हमले में घायल व्यक्ति की मौत मधुमक्खियों के जहर फैलने से होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि जंगली मधुमक्खियों के डंक में जहर काफी खतरनाक होता है। इन दिनों गर्मी के कारण मधुमक्खियां काफी आक्रामक होती हैं। इस बीच इनके हमले में लोगों को एक जगह रुकने के बजाय भागकर कहीं छिपकर व धुंआकर अपनी जान बचानी चाहिए। साथ ही दूर से मधुमक्खियों के घूमते हुए दिखने पर रूक कर सुरक्षित स्थान पर चले जाना चाहिए।

### ऐसे बचें हमले से



**काशीपुर :** डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि मधुमक्खियों का हमला होने पर कतई घबराना नहीं चाहिए। झुंड यदि दूर है तो धुंए की व्यवस्था करनी चाहिए, कंबल आदि को शरीर में ओढ लेना चाहिए। मधुमक्खियों को नहीं मारना चाहिए।

### ऐसे करें उपचार

हमला होने पर डंक को खींचने के बजाय उसे नाखून से खुरच कर डंग को निकाल लेना चाहिए। सूजन होने पर डॉक्टरों को तुरंत जानकारी दें। अत्यधिक दर्द होने पर पेरासिटामोल आदि दवा डॉक्टरों की सलाह से ले लेनी चाहिए।

## सार-संक्षेप

### पति ने पत्नी को तीन तलाक बोलकर कर लिया दूसरा निकाह

**रुद्रपुर :** कोतवाली इलाके की रहने वाली विवाहिता ने अपने पति पर तीन तलाक बोलकर दूसरी शादी करने का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सीरगोटिया निवासी शहनाज ने बताया कि उसकी शादी मुस्लिम रीति रिवाज से वहां के रहने वाले जावेद के साथ छह साल पहले हुई थी। बताया कि परिवार ने हैसियत के अनुसार गृहस्थी का सामान भी दिया था। आरोप था कि शादी के कुछ माह बाद ही ससुराली कम दहेज लाने का ताना मारने लगे और दहेज नहीं देने पर दूसरी शादी की धमकी देने लगे। असमर्थता जताने पर मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना शुरू कर दी। आरोप था कि 23 जून 2023 को पति ने तीन तलाक दे दिया और घर से बाहर निकाल दिया। बाद में पता चला कि पति ने फैजिया नाम की एक महिला से दूसरा निकाह कर लिया। 28 जून 2023 को तीन तलाक और दूसरी शादी करने की शिकायत पुलिस से की। बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। आरोप था कि निरक्षर होने के कारण पति ने कूटरचित तरीके से राजीनामा लिखवा लिया। थाना-चौकी के चक्कर काटने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। इसके बाद न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुस्लिम महिला अधिकार विवाह संरक्षण अधिनियम 2019 और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

### शादी के एक माह पहले दहेज लोभियों ने मांगी कार

**रुद्रपुर :** रंपुरा बस्ती में शादी की घोषित तिथि के एक माह पहले ही कार नहीं देने पर वर पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया। आरोप था कि कई बार वधु पक्ष को गुमराह किया गया। इस कारण लड़की पक्ष का काफी खर्चा भी हो गया है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रंपुरा वार्ड-23 निवासी मिथलेश ने बताया कि उसने अपनी बेटी लक्ष्मी का विवाह वहीं के रहने वाले धर्मेंद्र के साथ तय किया था। 21 मई 2023 को सगाई घर पर हुई थी। घर पर आए कई मेहमानों का मान सम्मान भी किया गया। साथ ही सगाई में सामर्थ्य अनुसार उपहार भी दिया गया। जिसमें 2.50 लाख रुपये का खर्चा आया था। 23 नवंबर 2023 को शादी की तिथि तय हुई थी। बेटी की शादी की सारी तैयारी पूर्ण कर ली गई। आरोप था कि शादी की तिथि के एक माह पहले अचानक वर धर्मेंद्र, उनके पति दयाराम और माता ने दहेज में कार देने की डिमांड कर दी। जब मजबूरी बताई तो रिश्ता तोड़ने की धमकी देने लगे। आरोप था कि इस संबंध में पंचायत की गई और वर पक्ष को बाइक देने पर राजी किया गया। हामी भरने के बाद जब शादी के 15 दिन शेष रह गए तो वर पक्ष ने फिर कार देने की मांग शुरू कर दी। इंकार करने पर वर पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया, जबकि उनके द्वारा शादी का कार्ड सहित सारी तैयारी पूर्ण कर ली थी। आरोप था कि इसी दौरान वर पक्ष के लोग आए और सगाई में दिया सामान वापस करने लगे। जब बेटे ने विरोध जताया तो अभद्रता व हाथापाई की। आरोप था कि वर पक्ष ने दहेज की लालच में बेटी का रिश्ता तोड़ा।

### महिला सिपाही को जबरन घुमाने पर ई-रिक्शा सीज

**रुद्रपुर :** शहर में ई-रिक्शा चालकों की मनमानी इतनी बढ़ गई है कि एक महिला सिपाही ने अपने गंतव्य पर रुकने को कहा तो ई-रिक्शा चालक रिक्शा रोकने की बजाय महिला सिपाही को जबरन पूरे शहर में घुमाता रहा। सूचना मिलने पर यातायात पुलिस ने चालक को पकड़ा और दस्तावेज नहीं होने पर रिक्शा को सीज कर दिया। इंदिरा चौक पर एक महिला सिपाही ई-रिक्शा पर बैठी और डीडी चौक पर उतारने को कहा। बताया जा रहा है कि चालक ने महिला सिपाही को रिक्शा पर बैठाकर तेज गति से वाहन चलाने लगा और बताए चौक के स्थान पर शहर में घुमाने लगा। रुकने का इशारा करने के बाद भी रिक्शा नहीं रोका तो महिला सिपाही ने इसकी सूचना यातायात पुलिस को फोन पर दी। पुलिस ने रिक्शा चालक का पीछा किया और कड़ी मशक्कत के बाद भगत सिंह चौक से दबोच लिया और यातायात चौकी लाकर पूछताछ की। जब पुलिस ने ई-रिक्शा के दस्तावेज मांगे तो चालक पर कोई दस्तावेज नहीं मिला। जिस पर पुलिस ने ई-रिक्शा को सीज कर दिया। उधर यातायात निरीक्षक नरेंद्र आर्या ने बताया कि ई-रिक्शा चालक निर्धारित मार्ग को छोड़कर बेवजह शहर में घूम रहा था और दस्तावेज नहीं होने के कारण ही कार्रवाई की है।

### मोबाइल लूटकर भाग रहे युवक के पीछे दौड़े लोग

**रुद्रपुर :** पैदल जा रहे युवक से बाइक सवारों द्वारा मोबाइल लूटने का मामला सामने आया है। बताया कि घटना के दौरान आरोपियों का पीछा करने पर युवक नीचे गिर गए और बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और बाइक को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चुटकी देवरिया किच्छा निवासी मनोज हल्दार ने बताया कि 30 अप्रैल की दोपहर ढाई बजे वह पैदल नगर निगम से इंदिरा चौक की तरफ जा रहा था। अचानक बाइक पर सवार दो युवक आए और जेब में रखा स्मार्ट टच फोन लूटकर भागने लगे। आरोप था कि घटना के दौरान पीछे से उसका परिचित पुष्पेंद्र शर्मा निवासी दूधिया नगर ने पीछा किया और बाइक सवार को दबाने की कोशिश की। इस कारण आरोपियों की बाइक नीचे गिर गई और आरोपी अपनी बाइक संख्या यूके-06 एवाए-6711 को छोड़कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

# सड़क हादसे में गई बाइक सवार मामा-भांजे की जान

### हरिद्वार से लखीमपुर जा रहे थे दोनों, पुलभट्टा के पास हुआ हादसा

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में मंगलवार देर रात्रि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मामा भांजे की मौत हो गई। मामा-भांजे हरिद्वार से लखीमपुर जा रहे थे।

ग्राम आहाटी, थाना लखीमपुर, यूपी निवासी 24 वर्षीय राघव पुत्र रामदत्त हरिद्वार की एक फैक्ट्री में काम करता था। जबकि उसका भांजा ग्राम कलुआ मोती, थाना लखीमपुर, यूपी निवासी 30 वर्षीय बलराम शुक्ला पुत्र अनिल शुक्ला हरिद्वार में वाहन चालक का काम करता था। बताया जाता है कि दोनों मामा भांजा मंगलवार को अपने दोस्त हरिद्वार निवासी मान सिंह पुत्र अनिल सिंह की मोटर साइकिल संख्या यूपी 20 जी जे 5210 पर सवार होकर अपने घर लखीमपुर जाने के लिए रवाना हुए थे। मध्यरात्रि जब वह पुलभट्टा के पास पहुंचे तो तेज गति से अज्ञात वाहन चालक ने उनकी मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। इस घटना में राघव व बलराम गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलभट्टा थाना अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों को सरकारी चिकित्सालय किच्छा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत



रवि सैनी।

**गदरपुर :** अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। ग्राम भजवा नगला बेरिया दौलत, थाना केलाखेड़ा निवासी रवि सैनी ग्राम खेमपुर पर टंकी बनाने का कार्य करता था। मंगलवार रात्रि काम खत्म करके 9 बजे वापस अपने घर जाने के लिए सड़क किनारे खड़ा होकर सवारी का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना मृतक रवि सैनी के परिजनों को दी। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे मृतक रवि सैनी अपने पीछे अपनी पत्नी मीना सैनी और 8 साल की बेटी लवी सैनी को रोते बिलखते छोड़ गया है।

### साइकिल सवार बुजुर्ग को कार ने मारी टक्कर

**बाजपुर :** साइकिल पर पशुओं का चारा लेकर जा रहे एक बुजुर्ग को तेज रफ्तार कार सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घायल को आसपास के लोगो ने उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। ग्राम नमून दियोहरी निवासी नानक सिंह (75) पुत्र जवाहर सिंह मंगलवार की देर शाम साइकिल पर पशुओं का चारा लेकर घर की ओर जा रहे थे। बताया जाता है कि इसी बीच नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर ग्राम नमूना दियोहरी के नजदीक तेज रफ्तार शिफ्ट कार के चालक ने अनियंत्रित होकर बुजुर्ग की साइकिल में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह साइकिल से उछलकर काफी दूर जा गिरे जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए तथा साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों व आसपास के लोगों की मदद से घायल को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

## विद्युत लाइन ठीक कर रहे युवक की करंट से मौत

**रुद्रपुरः** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में विद्युत लाइन ठीक कर रहे एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।



रामजन्म।

30 वर्षीय रामजन्म उर्फ जीतू श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर ट्रांजिट कैंप में परिवार के साथ रहता था। पिछले कई सालों से बिजली का कार्य करता था और दिहाड़ी पर घरों में विद्युत सुधार करने का काम करता रहता था। बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह जगतपुरा वार्ड-चार के रहने वाले कोमल प्रसाद की पिछले दो दिन से विद्युत व्यवस्था ठप पड़ी हुई थी। संपर्क करने पर रामजन्म मौके पर पहुंचा और घर की छत पर जा रहे विद्युत लाइन को ठीक करने लगा। तभी अचानक करंट की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने मौका मुआयना किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि युवक की दो साल पहले शादी हुई थी। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है।

# काशीपुर में युवक की छत से गिरकर हुई मौत

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** सबमर्सिबल लगाने काशीपुर आए यूपी निवासी युवक की छत से गिरकर मौत हो गई। युवक देर रात तक काम करने के कारण यही रूककर मकान की छत पर सो गया था। सुबह उसका शव घर के बाहर नाली किनारे पड़ा हुआ मिला। संभावना जताई जा रही है कि छत की बाउंड्री छोटी होने के कारण नींद में युवक छत से गिरा।



रामपाल।

जिला मुरादाबाद के थाना भगतपुर के ग्राम बढ़ापुर अलीगंज निवासी रामपाल (35) काशीपुर के मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी वार्ड नंबर 22 में स्वराज सिंह सैनी के घर सबमर्सिबल लगाने गांव के ही निवासी साथी हरदास के साथ आया था। बताया जाता है रामपाल ने मंगलवार की रात लगभग 12 बजे तक सबमर्सिबल लगाने का काम किया। रात अधिक होने के चलते वह रात को उसी मकान की छत पर सो गया था। सुबह रामपाल का शव मकान के बाहर नाली किनारे पड़ा हुआ मिला। जिसके बाद लोगों ने उसकी सूचना पूर्व पार्षद अब्दुल कादिर को दी। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंच घटना की सूचना पुलिस को दी। उधर पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक रामपाल दो भाई है और बड़ा भाई धर्मपाल है।

### एचएम का कोर्स कर रहा छात्र नहाते समय डूबा

**खटीमा :** नगर के एक संस्थान के तीन बच्चे झनकईया स्थित शारदा नहर में नहाने गए थे जहां एक छात्र नहर में डूब गया। नगर स्थित एक शिक्षण संस्थान के हॉस्टल में रहकर होटल मैनेजमेंट का कोर्स कर रहे छात्र राजा रसीला निवासी डीडीहाट पिथौरागढ़ अपने दो साथियों के साथ शारदा नहर में एक टुकटुक से नहाने पहुंचे थे। 19 वर्षीय राजा रसीला सबसे पहले नहर में नहाने उतरा और उसका पैर फिसल गया और नहर में बहने लगा तो थल निवासी पंकज भी नहर में उसे पकड़ने का प्रयास किया तो सफल नहीं हुआ लेकिन वह बहने लगा क्योंकि वह तैरना नहीं जानता था। जिसपर ऊपर से देख रहे टुकटुक चालक ने नहर में जाकर पंकज को बच लिया लेकिन राजा आगे बहकर लापता हो गया। थाने के सामने हुई घटना में पुलिस ने तैराकों के साथ ही जल पुलिस को बुलवाया जो देर शाम तक तलाश करती रही।



राजा रसीला।

## चालक की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुरः** विगत दिनों लंबावड मार्ग पर छोटा हाथी (टाटा मैजिक वाहन) की टक्कर से बाइक सवार की मौत प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। साथ ही आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। ग्राम बैरखेड़ी फैजाबाद बिलासपुर यूपी निवासी बलविंदर कौर ने बताया कि 24 अप्रैल की सुबह साढ़े नौ बजे उसका पति बलजीत सिंह अपनी बाइक संख्या यूके-18 एएम-5016 को लेकर नानकमत्ता कंबाइन चलाने के लिए निकला था कि जहांगीरपुर-लंबावड़ मार्ग में ईंट भट्टा के समीप सामने से छोटा हाथी संख्या यूके-06 सीवी 1767 ने बाइक को टक्कर मार दी। पति को अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# धोखे से बुलाया, फिर तमंचे से कर दिया फायर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** ग्राम भूरारानी के रहने वाले एक युवक को धोखे से बुलाकर सीने पर तमंचा सटाकर फायर करने का मामला सामने आया है। गनीमत यह रही कि गोली बगल से होते हुए निकल गई और युवक की जान बाल-बाल बच गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

वार्ड-32 भूरारानी निवासी राजू साहनी ने बताया कि 29 अप्रैल की रात्रि साढ़े दस बजे वह अपने घर पर सो रहा था। इस दौरान रोहित साहनी निवासी तेल मिल पटरी कॉलोनी का फोन आया और जरूरी काम की बात कहकर धोखे से बाहर बुलाया। आरोप था कि जैसे ही घर से 20 मीटर की दूरी पर जब वह खड़ा हुआ और रोहित का इंतजार करने लगा। तभी अचानक आरोपी युवक अपने साथ पांच से छह युवक के साथ आया और पलक झपकते ही रोहित ने तमंचा निकालकर कंधे पर सटा दिया और फायर कर दिया। गोली बगल से होते हुए दुकान की शटर में धंस गई। आरोप था कि बचाव होने के बाद हमलावर सन्नी व राहुल ने भी तमंचे से दो फायर किए। चीख पुकार की आवाज सुनकर जब कॉलोनी के लोग एकत्रित होने लगे तो हमलावर तमंचा लहराते हुए फरार हो गए।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES
JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
FACULTY OF MEDICAL SCIENCES
(All Clinical and Non-Clinical Specialties)
FACULTY OF NURSING
M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
FACULTY OF DENTAL SCIENCES
All Specialties)
HUMANITIES AND JOURNALISM
English
FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

## कार्रवाई

### पक्के निर्माण को ध्वस्तीकरण के दौरान टीम की जमीन स्वामी से नोकझोंक

# भमरौला रिंग रोड के बीच जमीन पर लिया कब्जा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** एनएचएआई ने प्रशासन और पुलिस टीम के साथ भमरौला रिंग रोड के बीच आ रही साढ़े तीन एकड़ की जमीन पर कब्जा ले लिया है। इस दौरान टीम ने वहां बने पक्के निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया है। जमीन को कब्जा लेने के दौरान टीम की जमीन स्वामी के साथ नोकझोंक भी हुई।

बुधवार को कार्रवाई के बाद एनएचएआई के पीडी विकास मित्तल ने बताया कि रामपुर रोड से रेलवे क्रासिंग के पास से रिंग रोड निकलकर रुद्रपुर में राधास्वामी सत्संग भवन के पास भमरौला होते हुए निकल रही है। इसकी कुल लंबाई 20.4 किलोमीटर है। रिंग रोड के बीच में अरुण कुमार शुक्ला उर्फ किन्नू की साढ़े तीन एकड़ जमीन आ रही थी। इसके लिए निर्धारित मुआवजा लेने की पेशकश की थी। लेकिन जमीन स्वामी की ओर से मुआवजा न लिए जाने पर आगे की कार्रवाई भूमि एवं अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय के माध्यम से की जानी है। यह राशि भी संबंधित कार्यालय को दी जा चुकी है। इसके बाद भी जमीन पर शुक्ला की तरफ से कब्जा नहीं दिया जा रहा था।



भमरौला में जमीन में कब्जा लेने के दौरान मौजूद एनएचएआई और प्रशासन की टीम।

इससे रिंग रोड का कार्य प्रभावित हो रहा था। उन्होंने बताया कि इसको लेकर कई बार वार्ता की गई लेकिन हल नहीं निकला। इसी को लेकर एसडीएम मनीष बिष्ट के निर्देश पर तहसीलदार दिनेश कुटौला पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पक्के निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कर कब्जे में लिया।

एनएचएआई के साइट इंजीनियर तुषार गुप्ता ने बताया कि कब्जा लेने की कार्रवाई की जा रही है। जमीन स्वामी ने मुआवजा न लेकर डीएम कार्यालय में आर्बिटेटर दाखिल किया गया है। उन्होंने बताया कि आगे जो भी मुआवजा को लेकर कार्रवाई होगी वह डीएम की तरफ से की जाएगी।

### मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**बाजपुर :** चार दिन पहले कोसी नदी में अवैध खनन को लेकर हुई मारपीट व फायरिंग प्रकरण में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी के कब्जे से 32 बोर की पिस्टल बरामद हुई है। 28 अप्रैल को कोसी नदी क्षेत्र में दो पक्षों के बीच में मारपीट हो गई थी जिसमें फायरिंग होने की बात भी सामने आई। ग्राम गोबरा नई बस्ती दाबका पार निवासी भजन सिंह द्वारा तहरीर देकर तीन नामजद व 20-25 अन्य व्यक्तियों पर लाठी-डंडों व धारदार हत्यारों के साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। सीओ अन्न राम आर्य व कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि दो और आरोपितों बंगाली कालोनी कुंडेश्वरी काशीपुर निवासी शुभम उर्फ अंडा व जगतपुर कुंडेश्वरी काशीपुर निवासी गुरपेज सिंह को ग्राम बन्नाखेड़ा से गिरफ्तार किया है जिसमें शुभम के पास 32 बोर की पिस्टल बरामद की गई है।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma
Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

# श्रमिकों ने उठाई चार लेबर कोर्ट कानून वापस लेने की मांग

## मजदूर दिवस पर श्रमिक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर सिडकुल के नेस्ले चौक पर विशाल आम सभा आयोजित हुई, कई श्रमिक पहुंचे

मजदूर दिवस

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मजदूर दिवस पर श्रमिक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर सिडकुल के नेस्ले चौक पर विशाल आम सभा आयोजित हुई। इस दौरान श्रमिकों ने मजदूर विरोधी चार लेबर कोर्ट कानून को वापस लेने की मांग उठाई। सभा में सिडकुल की विभिन्न यूनियनों, मजदूर संगठनों और किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने भागीदारी की।

बुधवार को आयोजित सभा को संबोधित करते हुए श्रमिक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि आज इस सभा को आयोजित करने में हमें अपने संवैधानिक अधिकार के पालन के लिए हाईकोर्ट से आदेश लाना पड़ा। इस अवसर पर श्रमिक संयुक्त मोर्चा के महासचिव चंद्र मोहन लखेड़ा, मजदूर सहयोग केंद्र के अध्यक्ष मुकुल, एक्टू प्रदेश महामंत्री केके बोरा, इंकलाबी मजदूर केंद्र के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश भट्ट, नगर सचिव दिनेश कुमार, भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष बलजिंदर सिंह मान आदि मौजूद रहे।

**मजदूर दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग**

**काशीपुर:** हिन्द मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश विद्यार्थी भैया ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने समेत कई मांगें सरकार से की है। साथ ही उन्होंने शिकागो में शहीद हुए श्रमिकों को श्रद्धांजलि दी। बुधवार को प्रेस नोट जारी करते हुए विद्यार्थी भैया ने कहा कि देश को आजाद हुए लगभग 77 वर्ष हो गए हैं, लेकिन अब तक मजदूरों के कल्याण के लिए कोई कार्य नहीं किया गया है।



रुद्रपुर में आम सभा को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार



शहीद चौक पर सभा करते विभिन्न संगठनों के लोग। ● अमृत विचार



किच्छा स्थित सेंट पीटर स्कूल में कर्मचारियों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

### सेंट पीटर स्कूल में मनाया गया श्रमिक दिवस

किच्छा : नगर स्थित सेंट पीटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में श्रमिक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं उप प्रधानाचार्य ने कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। नगर के किशनपुर स्थित सेंट पीटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अलेक्सांडर मोंतेरो एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मौके पर सिस्टर लूसिया, सिस्टर सिल्वी, बैन्सन जॉन, वॉल्टर खुजूर, अमृत सिंह, हरपाल, मीनू देवी, राजेश चौहान, लवकुश, प्रेमा देवी, सरिता सिंह, नोबिना, मीना आदि मौजूद रहे।



बाजपुर के विकास भारती स्कूल में कार्यक्रम का शुभारंभ करते चेयरमैन संसार सिंह।

### स्कूलों में धूमधाम से मना मजदूर दिवस

**खटीमा :** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म में श्रमिक दिवस पर प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चंद्र भट्ट ने श्रमिकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, मनीष जोशी, विक्टर आईवन, हरीश भट्ट, सुरेश ओली आदि थे। नव चेतना पब्लिक स्कूल श्रीपुर बिछुआ में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें मजदूर दिवस पर वाद-विवाद, भाषण एवं ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता कराई गई। बच्चों द्वारा चार्ट पर सुंदर व आकर्षक पेंटिंग बनाई और लघु नाटिका भी प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य सुमन कापड़ी ने छात्र-छात्राओं को मजदूर दिवस के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रबंधक विनोद कापड़ी, मनोज भट्ट आदि थे। इधर नोजगे पब्लिक स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रबंधिका सुरेंद्र कौर और प्रधानाचार्य आरिज अल्वी ने जानकारी दी।

### समाज के लिए कड़ी मेहनत करते हैं श्रमिक

बाजपुर : विकास भारती स्कूल में श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन संसार सिंह व प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस मौके पर चेयरमैन संसार सिंह ने कर्मचारियों की सेवा की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्रमिक अपने और समाज के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता ने श्रमिकों को उपहार प्रदान किए। इस बीच बच्चों ने नाटक प्रस्तुत किया। विद्यालय की ओर से श्रमिक ड्राइवर्स, माली, गार्ड सहित अन्य सभी कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

### मजदूर दिवस पर जुलूस निकालकर सभा की

**पंतनगर :** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर बुधवार को इंकलाबी मजदूर केंद्र, ठेका मजदूर कल्याण समिति एवं प्रगतिशील महिला एकता केंद्र ने परिसर में जुलूस निकालकर शहीद स्मारक पर सभा की। इसमें ठेका प्रथा खत्म करने, मजदूर विरोधी चार लेबर कोड रद्द करने, महिलाओं से रात्रि में काम बंद कराने सहित 26 हजार रुपये न्यूनतम मासिक वेतन घोषित करने की मांग की गई। इस दौरान राशिद, सुभाष प्रसाद, भरत यादव, अभिलाख सिंह, अर्जुन सिंह, श्रवण कुमार, रमेश कुमार, रामप्रताप, भूपेंद्र शर्मा, पृथ्वीराज गौतम, चंद्रशेखर, रमेश चंद्र आदि मौजूद थे। उधर ट्रेड यूनियन सयुंक्त मोर्चा की ओर से शहीद चौक पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। यहां मोर्चा अध्यक्ष जनार्दन सिंह, डॉ. महेंद्र शर्मा, आरडी यादव, ओएन गुप्ता, संतोष कुमार, जगदीश कुमार, शिवानंद पांडे, राजू श्रीवास्तव, एडी मिश्रा, कैलाश यादव आदि मौजूद थे।

### बिना श्रमिक की सहभागिता राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय स्थित सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के संसाधन प्रबंधन विभाग में डॉ. छाया शुक्ला के निर्देशन में श्रमिकों के संघर्ष के प्रति कृतज्ञता जताने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच कराई गई। इस दौरान विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा क्वात्रा, डॉ. दिव्या सिंह, डॉ. संध्या रानी, टीए खस्तगीर, डॉ. अनुपमा पांडे आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर फेयरवेल पार्टी का शुभारंभ करते अतिथि।

### सम्राट पृथ्वीराज चौहान कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फेयरवेल पार्टी

**काशीपुर :** खोखराताल रोड स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान कॉलेज ऑफ फार्मेसी में डी. फार्मा प्रथम वर्ष के छात्रों ने द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर महेश सिंह चौहान, चेयरमैन गोपाल सिंह चौहान, निदेशक डॉ. कपिल कुमार, विभागाध्यक्ष अमित कुमार सेन, हिमांशु लोहनी, हिमानी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में डी.फार्मा प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर महेश सिंह चौहान एवं चेयरमैन गोपाल सिंह चौहान ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। निदेशक डॉ.कपिल कुमार ने डी.फार्मा फाइनल ईयर के छात्रों को फार्मेसी में निरंतर आगे बढ़ने एवं कार्यरत रहने के लिए भी प्रेरित किया। डी.फार्मा फाइनल ईयर की छात्रा अंशिका एवं छात्र गौरव को मिस एवं मिस्टर फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। फेयरवेल पार्टी का संचालन रितिका, अनुष्का एवं अरुण द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान प्रीति, जफर, वैशाली, रीना, मीना, सीमा, अंकित राजपूत, शुभम, योगेश, देवेश, अंजलि, सचिन आदि मौजूद रहे।



सिटी कान्वेंट स्कूल में 5 यूके नेवल एनसीसी कैडेट्स की भर्ती करते अधिकारी।

### सिटी कान्वेंट 5 यूके नेवल एनसीसी के 25 कैडेट्स चयनित

**खटीमा :** 5 यूके नेवल एनसीसी नैनीताल के तत्वावधान में सिटी कॉन्वेंट स्कूल में जूनियर डिवीजन एनसीसी भर्ती का आयोजन किया गया। भर्ती प्रक्रिया का शुभारंभ नेवल एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन चंदर विजय नेगी को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सलामी देकर किया गया। भर्ती प्रक्रिया का प्रारंभ नेवल एनसीसी, नैनीताल से आए चीफ पैटी ऑफिसर सीपीओ अंकुर यादव तथा पैटी ऑफिसर मुकेश कुमार आर्य ने किया। भर्ती प्रक्रिया में 87 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 25 विद्यार्थियों का चयन किया गया। विद्यार्थियों का चयन उनकी शारीरिक दक्षता, लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार द्वारा किया गया। नेवल एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन चंदर विजय नेगी ने स्वयं बच्चों के साथ साक्षात्कार किया तथा विद्यार्थियों को एनसीसी के महत्व को समझाया। इस अवसर पर प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान, सीनियर विंग एएनओ सब लेफ्टिनेंट वंदना जोशी, जूनियर विंग एएनओ थर्ड ऑफिसर प्रवीण बोरा, पीआई इंस्ट्रक्टर सतीश नाथ गोस्वामी आदि मौजूद रहे।



बाजपुर पीजी कॉलेज में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

### विशाल यादव छात्र तो शीतल छात्रा चैंपियन बने

**बाजपुर :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन हो गया है। इस दौरान विशाल यादव को छात्र एवं शीतल को छात्रा चैंपियन घोषित किया गया। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बुधवार को कार्यक्रम के प्रारंभ में विभिन्न श्रेणी के दौड़, प्रक्षेप एवं कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य प्रोफेसर कमल किशोर पांडे, क्रीड़ा प्रभारी डॉ. विकास रंजन, छात्र संघ अध्यक्ष प्रशांत भट्ट, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि विशाल सिंह आदि मौजूद रहे।



बाजपुर में उर्स के मौके पर सजी दरगाह। ● अमृत विचार

### पांच दिवसीय उर्स का आगाज

**बाजपुर :** मुड़िया पिस्तौर स्थित हजरत दादा मियां व हजरत सूखा शाह मियां के पांच दिवसीय 73वें उर्स-ए मुबारक का बुधवार को आगाज कुरान ए ख्वानी के साथ हो गया है। दोपहर में रजा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती सलीम रजा की अगुवाई में कुरान ख्वानी की गई। इस मौके पर दरगाह सेवादार मुजफ्फर अली, अनवार हुसैन, जाहिद खां, शोएब, शाकिब, मौ.उस्मान, अहसान, आसिफ आदि मौजूद थे। बताया गया कि इस 5 दिवसीय उर्स के मौके पर दरगाह को सजाया गया है। 2 मई (आज) की रात 9 बजे एक अजीमोशान जलसा होगा।

# मदरसे के प्रशासक को धमकी देने का आरोप

लामबंद

▸▸ एसडीएम से मिले भाजपाई और जनप्रतिनिधि

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में रहमानिया मदरसा कमेटी के प्रशासक क़ामिल खान को राजस्व विभाग द्वारा फोन पर गिरफ्तारी की धमकी देने के विरोध में एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट से मिले और आक्रोश जताया।



खटीमा में एसडीएम के समक्ष समस्या रखते जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

कामिल खान ने बताया कि पुरानी कमेटी द्वारा मस्जिद में बनी दुकानदारों से मार्च तक का एडवांस किराया वसूल किया जा चुका है। उनके प्रशासक नियुक्त होने पर मात्र 11 हजार रहमानिया कमेटी के कोष में था। अब नगर पालिका एवं राजस्व प्रशासन द्वारा दो लाख 83 हजार रुपये की वसूली जमा न होने पर उन्हें जेल भेजने का नोटिस जारी किया जा रहा है। कमेटी की गलतियों की वजह से उनके विरुद्ध नोटिस जारी होना गैरकानूनी है। नोटिस जारी होने पर रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम से मुलाकात की और इस समस्या के निराकरण की मांग रखी। एसडीएम से मुलाकात करने वालों में रमेश चंद्र जोशी, नगर महामंत्री मनोज बाजवा, तारिक मलिक, सतीश गोयल, राहुल सक्सेना, तरुण ठाकुर, अब्दुल शकूर, शकील अंसारी, जावेद रज़ा आदि मौजूद थे।



साईं में खिलाड़ियों की शारीरिक व खेल दक्षता का परीक्षण करते चयनकर्ता।

### साईं में वेटलिफ्टिंग, बॉक्सिंग खिलाड़ियों का चयन शुरू

**काशीपुर :** खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन के तहत साई सेंटर में खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। खिलाड़ियों की शारीरिक व खेल दक्षता का परीक्षण किया गया। बुधवार को साई की सेंटर प्रभारी ज्योति शाह ने बताया कि उत्तराखंड में साई सेंटर को भी आयोजन करने की जिम्मेदारी दी गई। इसमें एक हजार खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य रखा गया है। इसमें उभरते हुए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। चयन में नौ साल से 18 साल तक के बच्चे प्रतिभाग कर सकते हैं।

# अर्पिता व कशिश बनीं टॉपर

▸▸ महंगा राम मिगलानी बालिका इंटर कॉलेज का हाई स्कूल व इंटर का परीक्षा परिणाम 100% रहा

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाफल में स्वर्गीय महंगा राम मिगलानी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज का इंटरमीडिएट में परिणाम 93% एवं हाईस्कूल का परिणाम 86% रहा। इंटर के परिणाम में विज्ञान वर्ग की अर्पिता बैरागी 85% व कला वर्ग की कशिश 87% अंक लाकर विद्यालय टॉप किया। इंटर में 65 छात्राएं प्रथम व 18 द्वितीय स्थान पर रहीं। हाई स्कूल बोर्ड में शालिनी वर्मा 80% अंक प्राप्त कर टॉपर रही। जबकि हाईस्कूल बोर्ड में 25 छात्राएं प्रथम व 65 छात्राएं द्वितीय स्थान पर रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनीता कश्यप ने मेधावी छात्राओं के अच्छे प्रदर्शन के लिए छात्राओं के साथ विद्यालय के शिक्षकाओं व माता-पिता की अहम भूमिका बताई। उन्होंने बताया कि नया सत्र प्रारंभ हो गया है। प्रवेश लेने वाली छात्रों को निशुल्क पुस्तकें व बैग वितरण किया जाएगा। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनीता कश्यप, शिक्षका पूनम कुशवाहा, हंसी जोशी, सविता आर्य, तृप्ति कपूर, कमल उप्रेती, सरिता पाल आदि सहित अभिभावकों ने इंटर व हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा परीक्षाफल 100% रहने पर मेधावी छात्राओं को बधाई दी है।



मेधावी छात्राओं के साथ प्रधानाचार्य सुनीता कश्यप व शिक्षकाएं। ● अमृत विचार

उपलब्धि

हाईस्कूल में 144 में से 120 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी पायी, इंटरमीडिएट में 159 में से 128 विद्यार्थी आए प्रथम

# रामलाल चौहान कॉलेज ने इस बार भी लहराया परचम

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** रामलाल सिंह चौहान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, महुवाडाबरा, जसपुर के छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अपना परचम लहराया है।

विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में 144 में से 120 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी तथा इंटरमीडिएट में 159 में से 128 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। विद्यालय में 8 छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंड की वरीयता सूची में स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल में छात्र मो. उवेश रजा ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में 19वां स्थान प्राप्त किया। दीपिका पाल ने 94.8% के साथ प्रदेश में 24वां स्थान प्राप्त किया।

लक्ष्य गहलौत ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश मे 20 वां स्थान प्राप्त किया। अनुज कुमार ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में 25वां स्थान प्राप्त किया। इसी कॉलेज के इंटरमीडिएट के परीक्षाफल की वरीयता सूची में भी चार छात्र-छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट परीक्षा में रीतिका ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में 11वां स्थान प्राप्त किया। जीविका प्रताप ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में 19वां स्थान प्राप्त किया। वंशिका राजपूत ने 93.263 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 17वां स्थान प्राप्त किया। श्रद्धा 91.8% के साथ प्रदेश में 24वां स्थान प्राप्त किया। पिछले वर्ष के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के परीक्षाफल की वरीयता सूची में इस कॉलेज के 18 छात्र-छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया था। इनमें हाईस्कूल के 7, इंटरमीडिएट के 11 छात्र-छात्राएं शामिल थे।





### गुरु नानक इंटर कॉलेज का शत प्रतिशत रहा परिणाम

**काशीपुर :** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा 2024 के परीक्षा परिणाम में श्री गुरुनानक इंटर कॉलेज का हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल की छात्रा शिफा ने 82 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही इंटर में अनमता सैफी ने 83 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं श्री गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज काशीपुर का परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा। विद्यालय की कक्षा 10 की छात्रा अनम ने 93 प्रतिशत एवं कंचन शर्मा ने 91 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर विद्यालय की प्रधानाचार्या सुरूचि सक्सेना ने विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं उत्तम प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। विद्यालय के प्रबंधक बाबा सुरेंद्र सिंह व समस्त प्रबन्ध समिति ने इस अवसर पर विद्यालय के परीक्षा परिणामों पर हर्ष व्यक्त किया।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India / Medical Council Of India / Dental Council of India / Pharmacy Council of India / Indian Nursing Council / Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council / Association of Indian Universities / Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## सार-संक्षेप

### मकान तक पहुंची आग, बुझाने के दौरान झुलसा युवक

**टनकपुर :** मकान तक पहुंची जंगल की आग बुझाने के प्रयास में एक ग्रामीण झुलस गया। उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए अमोड़ी लाया गया। इलाज के बाद ग्रामीण की हालत में सुधार है। चम्पावत से 38 किलोमीटर दूर लड़ाबोरा गांव के जंगल में लगी आग बुधवार को आबादी वाले क्षेत्र तक पहुंच गई। मकान को बचाने के लिए गांव के कई लोग आग बुझाने जुट गए। इसी दौरान दशरथ सिंह (34) निवासी लड़ाबोरा के पांव व कई हिस्से आग की चपेट में आ गए। आग से झुलसे दशरथ को लड़ाबोरा गांव से नौ किलोमीटर दूर अमोड़ी के एक निजी क्लीनिक ले जाया गया। भगवान सिंह ने बताया कि दशरथ की स्थिति में सुधार है।

### प्रवेशोत्सव के तहत रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन



प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र।

**रानीखेत :** विद्यालय में नए सत्र में प्रवेश को लेकर स्थानीय चिलियानौला पीएम श्री राआप्रा विद्यालय व राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कक्षा में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर व स्कूली बस्ता देकर सम्मानित किया। खंड शिक्षा अधिकारी आरएल टम्टा ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में छात्रों के लिए सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही प्रशिक्षित शिक्षक यहां शिक्षा का ज्ञान बाट रहे हैं। बुधवार को यहां प्रवेशोत्सव का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। छात्रों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी आरएल टम्टा ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में सभी प्रकार की सुविधा सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई हैं। अभिभावकों को अधिक से अधिक संख्या में अपने बच्चों को भेज कर इसका लाभ लेना चाहिए।

### एनएचपीसी में कर्मचारी संघ ने मजदूर दिवस मनाया

**बनबसा :** टनकपुर पावर स्टेशन एनएचपीसी में कर्मचारी संघ द्वारा मजदूर दिवस धूमधाम से मनाया गया। बुधवार को शारदा वैली एनएचपीसी कर्मचारी संघ इंटक के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय एनएचपीसी वर्कर्स एंड इम्पलाइज फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष विनोद उप्रेती ने मजदूर दिवस का महत्व बताया। इंटक के विशिष्ट सदस्य हरीश परगाई तथा रमेश यादव ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। यहां हरीश राय, रघ्घू भट्ट, तारा चन्द, रमेश यादव, नौशाद, जावेद अंसारी, मोमिन, राजेन्द्र सिंह, सुरेश प्रसाद रहे।

### चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं किया तो करेंगे आंदोलन

**अल्मोड़ा :** नगर में चोरी और सरेआम लूटपाट की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हुई है। जिससे अब स्थानीय लोग नगर में अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। लेकिन इस मामले में पुलिस द्वार कोई कार्रवाई ना किए जाने से नगर के लोगों के सब्र का बांध टूट गया। नगर के कई लोग कोतवाली पहुंचे और उन्होंने अधिकारियों का घेराव किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि पिछले दिनों ही एडम्स से पास चोर महिला का मंगलसूत्र लूटकर ले गया था। लेकिन अब तक चोर को पकड़ा नहीं जा सका है। लोगों ने पुलिस से सुनसान और सार्वजनिक स्थानों पर गश्त बढ़ाए जाने और आपराधिक प्रवृत्ति के तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

# जलता पेड़ सड़क पर गिरा, यातायात बाधित

## छतीना के जंगल में आग लगने से गिरा चीड़ का विशालकाय पेड़, सौभाग्य से कोई वाहन नहीं आया चपेट में

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** मंगलवार रात छतीना के जंगल में आग लगने से बुधवार सुबह सड़क पर विशालकाय पेड़ गिर गया। जिस कारण बागेश्वर- पिथौरागढ़ एनएच पर घंटों जाम लगा रहा। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

मंगलवार सायं छतीना के जंगल में आग लगने से रात भर जंगल जलते रहे। बुधवार सुबह लगभग दस बजे सड़क से लगा एक जलता पेड़ अचानक सड़क पर आ गिरा। सौभाग्य से उस वक्त वहां से कोई वाहन या राहगीर गुजर नहीं रहा था। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। सड़क पर पेड़ गिरने से कांडा-पिथौरागढ़ राष्टीय राजमार्ग बाधित हो गया। बाद में अग्निशमन दल के जवान वहां पहुंचे और पेड़ को हटाकर यातायात सुचारू करवाया। जाम लगने से कई वाहन घंटों जाम में फंसे रहे।

इधर जनपद के धरमघर, शिखरकोट, कांडा, कपकोट, काफलीगैर आदि क्षेत्रों में जंगलों में

# रात भर बुझाते रहे जंगल की आग, नहीं मानी हार

▸▸ करीब बारह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले के ताकुला विकास खंड के भेंटा और बड़सीला के जंगलों में सोमवार की रात लगी आग ने मंगलवार को विकराल रूप धारण कर लिया।

इन जंगलों में लगी आग आसपास के जंगलों में भी फैल गई। जंगल की आग कई गांवों की सीमाओं तक पहुंच गई। खतरा भांप गांव के ग्रामीणों ने मोर्चा संभाला और मंगनवार रात आग बुझाने में जुटे रहे। ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत से बुधवार सुबह आग पर काबू पाया। ताकुला ब्लॉक के कई जंगल सोमवार रात से सुलग रहे थे।



ताकुला विकास खंड के गांवों में लगी भीषण आग। ● अमृत विचार

मंगलवार को जंगलों में लगी यह आग विकराल हो गई। जंगल की आग ने भेंटा और बड़सीला वन पंचायत के जंगलों को भी आगोश में ले लिया। रात के समय हवा चलने के कारण वनाग्नि से निकलने वाली लपटें आसमान छूने लगी। आग मंगलवार की देर शाम गांव की सीमावर्ती क्षेत्रों तक पहुंच गई। लगातार बढ़ रही आग को देखकर ग्रामीणों ने खतरा भांप लिया। हंस फाउंडेशन के मोटिवेटर कमल सिंह वनाग्नि की सूचना वन रेंज सोमेश्वर में दी, लेकिन वन कर्मी अन्य जगह आग बुझाने में जुटे थे। इस पर फाउंडेशन के ग्राम स्तर पर चयनित फायर फाइटरों, महिला मंगलदल, युवक मंगल दल और ग्रामीणों ने आग बुझाने का जिम्मा उठाया। रात में ही भी आग बुझाने में जुट गए लेकिन सफलता नहीं मिली। ग्रामीणों ने हार नहीं मानी और बुधवार सुबह वन कर्मियों के साथ फिर अभियान शुरू किया गया। करीब बारह घंटे के लगातार प्रयास के बाद आग पर बमुश्किल काबू पाया जा सका। आग बुझने के बाद भेंटा के सरपंच ने ग्रामीणों के आराम करने की व्यवस्था अपने गांव में की। आग बुझाने वालों में फायर फाइटर पुष्पा राणा, कविता राणा, कमला राणा, तारा देवी, राधिका देवी, वन दरोगा हीरा सिंह बिष्ट, आकाश कुमार, धीरेंद्र कुमार उप्रेती, हरीश सिंह भाकुनी, मोहन राम, रतन राम, दीवान सिंह राणा शामिल रहे।

आग लगी हुई है। उधर चौंगांवछीना में आग लगने की सूचना पर अग्निशमन अधिकारी गोपाल रावत वहां पहुंचे तथा आग को आबादी की ओर जाने से रोक दिया। आग लगने से ग्रामीणों के 12 घास के ढेर और ईमारती लकड़ी आग की चपेट में आ गई। उधर गरूड़ के अग्निशमन दल ने कोट भ्रामरी मंदिर के पास जिला पंचायत परिसर में पहुंची आग पर काबू पा लिया। इसके अलावा गरूड़ अग्निशमन दल द्वारा देवनाई के जंगल समेत आर्मी सिग्नल कोर कौसानी के समीप लगी आग को बुझाकर आबादी की ओर बढ़ रही आग पर काबू पाया।

## एनएच का सुधारीकरण नहीं होने पर आंदोलन करने की दी चेतावनी

**अल्मोड़ा :** जिले को तराई से जोड़ने वाले अल्मोड़ा हल्द्वानी नेशनल हाइवे के सुधारीकरण के लिए कोई कार्रवाई न होने से नगर के लोगों में खासा आक्रोश व्याप्त है। बुधवार को स्थानीय लोगों ने पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री बिट्टू कर्नाटक के नेतृत्व में एनएच के अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी।

एनएच के अधिकारियों को दिए ज्ञापन में स्थानीय लोगों ने कहा है कि सड़क का सुधारीकरण नहीं होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नालियां नहीं होने से बारिश का पानी घरों में घुस रहा है। जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना सामने आ सकती है। ज्ञापन में स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग की नालियों का सुधारीकरण, झाड़ियों का कटान, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में क्रश बैरियर लगाने की मांग भी की है। लोगों का कहना है कि इस हाइवे पर संवेदनशील स्थानों पर सड़क सुरक्षा के इंतजाम न होने से कई बार सड़क हादसे भी सामने आ चुके हैं।

### पुलिस ने गांजे के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

**अल्मोड़ा :** भतरौंजखान पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक को सीज कर दिया है। जबकि युवक के खिलाफ भतरौंजखान थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। भतरौंजखान के थानाध्यक्ष मदन मोहन जोशी के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम मोहान पुलिस सहायता केंद्र के आसपास चेकिंग अभियान पर थी। अभियान के दौरान संदेह होने पर बाइक में सवार शावेज (19) पुत्र शमशाद निवासी ग्राम टांडा मल्लू, रामनगर की तलाशी ली गई तो उसके पास से एक बैग में रखी सफेद पन्नी में से 2.271 किलोग्राम गांजा बरामद किया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि वह पर्वतीय इलाकों से गांजा खरीदकर उसे महंगे दामों में बेचने के लिए तराई की ओर ले जा रहा था। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त बाइक को सीज किया और शावेज के खिलाफ भतरौंजखान थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष जोशी ने बताया कि पकड़े गए गांजे की कीमत करीब पचास हजार रुपये के आसपास है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुनील कुमार, देवेंद्र प्रताप, सदीप मलिक आदि मौजूद रहे।

### विधायक ने टॉपर पीयूष का घर जाकर बढ़ाया हौसला

**अल्मोड़ा :** विधायक मनोज तिवारी ने बुधवार को उत्तराखंड बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में प्रदेश की वरीयता सूची में पहला स्थान बनाने वाले अल्मोड़ा निवासी पीयूष खोलिया को शुभकामनाएं दी। विधायक तिवारी पीयूष के घर पहुंचे और उन्हें और उनकी माता को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देकर उनकी हौंसला अफजाई की। विधायक ने पीयूष की सफलता को उनकी मेहनत, कठिन परिश्रम और लगन और उनकी माता के समर्पण का प्रतिफल बताया। इस दौरान उन्होंने पीयूष के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जिला अस्पताल में सीटी स्कैन शुरू

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** लंबे समय के बाद ही सही लेकिन अब अल्मोड़ा के जिला अस्पताल में भी सीटी स्कैन की सुविधा शुरू हो गई है।

इस सुविधा के शुरू होने के बाद अब यहां उपचार के लिए आने वाले रोगियों को सीटी स्कैन के लिए बेस अस्पताल और निजी चिकित्सालयों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। इस सेवा के शुरू होने के बाद आर्थिक रूप से कमजोर तबके को भी



इसका लाभ मिल पाएगा। जिला अस्पताल में प्रतिदिन सैंकड़ों मरीज उपचार के लिए आते हैं।

सीटी स्कैन की सुविधा न होने के कारण रोगियों के तीमारदारों को रोगी को लेकर बेस अथवा निजी चिकित्सालयों की दौड़ लगानी पड़ती थी। जनदबाव को देखते हुए अब सीटी स्कैन मशीन ने यहां काम करना शुरू कर दिया है। अस्पताल के पीएमएस डा. एचसी गढ़कोटी ने बताा कि अस्पताल में सीटी स्कैन होने शुरू होने लगे हैं। उन्होंने कहा कि इस सेवा के आरंभ होने से जहां अब रोगियों को काफी राहत मिलेगी।वहीं चिकित्सकों को भी समय से रोगी की रिपोर्ट मिलेगी और उन्हें उपचार करने में भी सुविधा प्राप्त होगी।

# चढ़ावे के फूलों से बनेंगे धूप और सुगंधित तेल

संवाददाता, टनकपुर

▸▸ यूकास्ट की टीम ने किया पूर्णागिरि मंदिर क्षेत्र का भ्रमण

**अमृत विचार :** उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् यूकॉस्ट देहरादून, सीमैप लखनऊ और रीड्स टनकपुर की संयुक्त टीम ने मां पूर्णागिरि मन्दिर क्षेत्र का भ्रमण किया और स्थानीय फूल विक्रेताओं से वार्ता की। भ्रमण का उद्देश्य इस क्षेत्र में औषधि एवं सगंध पौधों का उत्पादन और मन्दिर में चढ़ावे के फूल से धूप, सुगन्धित तेल आदि का निर्माण किया जाना है।

इसके लिए टीम ने मन्दिर समिति से मुलाकात कर स्थानीय ग्रामीणों से वार्ता की। स्थानीय लोगों ने सिंचाई जल, जंगली जानवरों से फसल या पौधों को नुकसान पहुंचाने को रखा। सीमैप के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. मनोज सेमवाल ने अवगत कराया कि गुलाब, गुड़हल, लैमन ग्रास आदि की खेती हम सभी को अच्छी आय दे सकती है। यूकॉस्ट के संयुक्त निदेशक डॉ. डीपी उनियाल ने कहा कि आदर्श चम्पावत के सपने को यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत के कुशल निर्देशन में पूरा किया जाएगा। यूकॉस्ट द्वारा इस संबंध में सीमेप और स्थानीय संस्था रीड्स को सहयोग किया जाएगा। यूकॉस्ट के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पीयूष जोशी ने महिला प्रौद्योगिकी केन्द्र की स्थापना की योजना बताते हुए कहा कि इससे महिलाओं को आयवर्धक कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। रीड्स की किरन गहतोड़ी ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद के तहत जिले को तेजपात आवंटित हुआ है, इसके लिए तेजपात की खेती कर रहे कृषक संस्था के पास पंजीकरण करा लें। मां पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष किशन तिवारी के निर्देशन पर सचिव सुरेश तिवारी और महेश पाण्डेय ने टीम को आश्वस्त किया कि स्थानीय समुदाय द्वारा इसके लिए पूरा सहयोग किया जाएगा। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी भगवत पाटनी ने आभार व्यक्त किया। भ्रमण के दौरान सीमैप के मनीष आर्य, रीड्स के इंद्रेश लोहनी, बबिता गहतोड़ी, मन्दिर समिती के महेश पांडेय, गिरीश तिवारी, कमला पति पाण्डेय, विनोद, देव नाथ गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# पिथौरागढ़ में पेयजल संकट भड़के लोगों ने किया प्रदर्शन

▸▸ सड़कों पर उतरे कांग्रेस कार्यकर्ता, एसडीएम दफ्तर पर देंगे धरना

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सीमांत जिले पिथौरागढ़ में भी पेयजल की समस्या विकराल रूप धारण करने लगी है। नगर की पेयजल समस्या को लेकर जहां बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ता खाली बर्तनों के साथ सड़कों पर उतर आए। वहीं लोहाघाट के तड़ाग क्षेत्र में भी स्थानीय लोगों ने प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। तड़ाग क्षेत्र के लोगों ने कहा है कि अगर शीघ्र पेयजल समस्या का समाधान नहीं किया तो वह एसडीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन शुरू कर देंगे।

बुधवार को पूर्व दर्जा राज्य मंत्री महेंद्र लुंठी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता नगर के सिल्थाम में खाली बर्तनों के साथ एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लुंठी ने कहा कि जिले में जगह जगह लोग पानी के लिए तरस रहे हैं।



पिथौरागढ़ में खाली बर्तनों के साथ प्रदर्शन करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

लेकिन सरकार के पास ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है कि लोगों की प्यास बुझाई जा सके। उन्होंने कहा कि पहले आर्थिक रूप से कमजोर लोग सार्वजनिक पेयजल स्टेंडों से पानी भर लिया करते थे। लेकिन भाजपा सरकार में गरीबों से यह सुविधा भी छीनने का प्रयास किया जा रहा है। लुंठी ने कहा कि पिथौरागढ़ नगर पालिका के बीस वार्डों में से पंद्रह वार्डों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। जबकि मूनाकोट ब्लॉक के कई गांवों में भी पेयजल की किल्लत बनी हुई है। लेकिन विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभाग और सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की चेतावनी दी। इधर लोहाघाट के तड़ाग क्षेत्र में भी ग्रामीणों ने पेयजल किल्लत को लेकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने कहा कि पेयजल कनेक्शनों में पिछले कई दिनों से एक बूंद पानी नहीं टपका है। क्षेत्र में जो हैंडपंप लगाए गए हैं, उनसे मटमैला पानी आ रहा है। ऐसे में ग्रामीणों को मीलों दूर से पानी ढोना पड़ रहा है। विधायक प्रतिनिधि होशियार सिंह ने कहा है कि अगर शीघ्र पेयजल समस्या दूर नहीं की गई तो एसडीएम कार्यालय की चौखट पर धरना शुरू कर दिया जाएगा।

## वर्ग पहेली-57

**बाएं से दाएं**

4. साथ चलने या रहने वाला।

5. ख़र्च या व्यय किया हुआ, किसी कार्य या व्यवसाय में लगाया हुआ, निवेश किया हुआ (धन)।

7. 1. बंगाल नामक प्रांत 2. एक दवा जो ताकत बढ़ाती है।

8. धन या रुपया प्राप्त करने की घोर लालसा; प्रबल धनलिप्सा; संपत्ति हासिल करने की लालसा या घोर तृष्णा।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. विस्तार, फैलाव, प्रसार 2. परिमाण 3. समूह, झुंड।

2. आपत्तिजनक संवादों

3. 1. (इस्लाम) ख़ुदा या ईश्वर का हुक्म जिसका पालन करना बंदों का फ़र्ज़ होता है

5. 1. निरोध करने की क्रिया या भाव, बंधक या रोक में रखना 2. रोक, रुकावट 3. वैद्यक या आयुर्वेद में पारा का शोधन करते समय किया जाने वाला एक संस्कार।

6. झींगा मछली।



### वर्ग पहेली-56 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 के | द | | | | | 2 धूँ |
| मा | | 3 पे | 4 प | र | वे | ट |
| | 5 स् | | चे | | | ना |
| 6 अ | व | हे | लि | त | | |
| | यं | | म | | 7 म | |
| | से | | | 8 जू | झ | ना |
| 9 नि | वा | र | ण | | ला | |

## सुडोकू-136

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | | | | | | | |
| | | 1 | | 7 | 2 | | | |
| 6 | | | | 9 | | | 5 | 3 |
| 7 | | | 8 | 6 | | | | |
| | 8 | | | | | | 3 | |
| | 6 | | | 5 | 1 | | | |
| 2 | 9 | | | | | | | 5 |
| | | | 6 | 3 | | | | |
| | | 6 | | | 4 | | 7 | 8 |

### सुडोकू-135 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 5 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 5 | 7 | 6 | 2 | 1 |
| 5 | 9 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 7 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 9 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 2 | 5 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 9 | 6 | 4 | 2 | 7 | 8 | 1 | 5 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 2 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 2 | 3 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 3 मई 01.52 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-घनिष्ठा 3 मई 01.49 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** – आज कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली परेशानी दूर होगी। आप जितनी मेहनत करेंगे आपको उसका परिणाम तुरन्त प्राप्त होगा। नए भावनात्मक रिश्तों की शुरुआत हो सकती है। आपको मित्रों से भरपूर सहयोग मिलेगा।

**वृष** – आज युवा अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आप अपने काम का पूरी तरह से आनन्द ले पायेंगे। कारोबार में कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। अपने लाभ के लिये स्वार्थी बनना ठीक नहीं है। आज लोगों के प्रति अपना व्यवहार न बिगाड़ें।

**मिथुन** – घर में आज बिना बुलाये मेहमान आ सकते हैं। जल्दबाजी में आपके काम बिगड़ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में थोड़ी अनियमितता हो सकती है। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। मसालेदार व तामसिक भोजन का सेवन न करें। हर विषय पर आपको राय देने से बचना चाहिए।

**कर्क** – आज सुबह आप किसी महत्वपूर्ण कार्य से यात्रा कर सकते हैं। लेकिन आज आपको यात्रा करने से बचना चाहिए। थकान और बुखार जैसी परेशानी हो सकती है। कार्यस्थल पर आप काफी सक्रिय रहने वाले हैं। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**सिंह** – आज आप धर्म-कर्म में काफी व्यस्त रहने वाले हैं। आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ रहेगा। किन्तु आप अनावश्यक बातों को लेकर क्रुद्ध हो सकते हैं। अपना मन शांत रखें व अच्छी संगत में रहें। चल-अचल सम्पत्ति के विवाद शांत होंगे।

**कन्या** – आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध मिलने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगाना चाहिए। आय की दृष्टि से दिन बहुत ही उत्तम है। विरोधियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। सेहत की समस्या दूर होगी।

**तुला** – आज शेयर मार्केट में कार्य कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। बच्चों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। मन आज थोड़ा व्यथित रहेगा। प्रेमी जन से बहसबाजी हो सकती है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। कमर दर्द की शिकायत हो सकती है।

**वृश्चिक** – आज महत्वपूर्ण मीटिंग आदि से बचें। कार्यक्षेत्र में लोगों से बहुत ज्यादा अपेक्षा न करें। अपनी इच्छानुसार कार्य होने से मन संतुष्ट रहेगा। परिजनों के लिए कुछ उपहार खरीद सकते हैं। जीवनसाथी से झगड़ा हो सकता है।

**धनु** – आज बॉस आपके ऊपर कुछ ज्यादा निर्भर रहेंगे। आज किसी को धोखा न दें। रुके हुए बहुत से काम आसानी से हो जायेंगे। पिता के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा करना उत्तम होगा। लम्बी दूरी की यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**मकर** – आज आप अपने जीवनसाथी से मन की बातें शेयर कर सकते हैं। कारोबार को लेकर आप थोड़े तनाव में हो सकते हैं। नींद में बाधा उत्पन्न हो सकती है। योग और प्राणायाम को अपनी जीवनशैली का अङ्ग बनाएं। निजी जीवन में परेशानियों का अनुभव करेंगे।

**कुंभ** – आज आपका मानसिक तनाव पहले से काफी कम होगा। रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। जोश में आकर कोई गलत निर्णय न लें। सभी कार्य समय पर हो जायेंगे। शाम के समय आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**मीन** – आज दिन का शुरुआती भाग आपके लिए बेहद सुखद रहेगा। भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। जीवनसाथी को लेकर थोड़ी चिन्ता रहेगी। दांपत्य सुख में कमी आ सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखें। अपनी जीवनशैली में बदलाव न करें।

## आज की फिल्में

B4U Movies
तकदीर का तमाशा – सुबह : 09.55
आखिरी गुलाम – रात : 07.11

&pictures
धड़क – सुबह : 10.41
जवानी जानेमन – रात : 08.00

SONY PIX
टैक्सी ड्राइवर – सुबह : 07.11
जर्नी 2 : द मिस्टीरियस आइलैंड – शाम : 05.11

ZEE CINEMA
त्रिमूर्ति – सुबह : 11.50
डार्लिंग्स – रात : 08.45

colors CINEPLEX
777 चार्ली – सुबह : 10.07
भगवंत केसरी – शाम : 06.42

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर : दिल्ली से आगरा की दूरी 210 किमी है तो मेरी उम्र क्या है?
स्टूडेंट : 50 वर्ष।
टीचर : सही है, कैसे पता चला?
स्टूडेंट : मेरे भाई की उम्र 25 वर्ष है और वो आधा पागल है।

पति : मैं नाश्ता नहीं करूंगा, लेट हो रहा है।
पत्नी : मैंने पराठे आज वाइन डालकर बनाए हैं।
4 पराठे के बाद पति : मजा आ गया, कौन सी वाइन डाली थी?
पत्नी : अजवाइन।

अर्थागमो नित्यमरोगिता च प्रिया च भार्य प्रियवादिनी च ।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन् ॥

धन प्राप्ति, स्वस्थ जीवन, अनुकूल पत्नी, मीठा बोलने वाली पत्नी, आज्ञाकारी पुत्र तथा धनार्जन करने वाली विद्या के ज्ञान से छह बातें संसार में सुख प्रदान करती हैं ।

## संपादकीय

# संघर्ष विराम का समय

गाजा में हर दिन हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। राफा पर इजराइल के सैन्य हमले से संघर्ष में वृद्धि होगी और इसके कारण हजारों फिलिस्तीनी नागरिक मारे जाएंगे। शीघ्र ही अगर युद्ध विराम समझौता नहीं किया गया तो यह युद्ध गाजा में चौतरफा विनाश और भीषण परिणामों के साथ, पूरे क्षेत्र में और भी भयंकर नतीजों के साथ फैल जाएगा। गाजा में युद्ध 7 अक्टूबर 2023 को उस समय भड़का था, जब हमास ने इसराइल के दक्षिणी इलाके में घातक हमला किया था जिसमें लगभग 1200 लोग मारे गए थे। उसके बाद इजराइली सैन्य हमलों में 34,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से अधिकांश नागरिक हैं और 73 हज़ार से अधिक घायल हुए हैं, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने एक बार फिर इजराइल और हमास से युद्ध विराम के लिए सहमति की अपील की है। गुटेरेस की यह अपील ऐसे समय में जारी की गई है जब इजराइल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौते के लिए बातचीत चल रही है। उधर युद्ध विराम समझौते को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन बुधवार को इजरायल पहुंच गए हैं। हमास और इजरायल के बीच युद्ध छिड़ने के बाद से एंटनी ब्लिंकन की यह सातवीं यात्रा है। उन्होंने इजराइली नेताओं से मुलाकात की। क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन इजराइल को गाजा पट्टी के एक हिस्से में बड़ा जमीनी हमला शुरू करने से रोकने की कोशिश कर रहे थे, जहां फिलिस्तीनियों ने युद्ध के दौरान शरण मांगी थी।

इजराइल ने इजराइली जेलों में बंद लगभग 600 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में हमास की हिरासत में अपने 33 बंधकों (महिलाओं, बुजुर्गों और बीमारियों से पीड़ित) को रिहा करने के मध्यस्थों के सुझाव पर सहमति व्यक्त की है। जेलों में बंद इन फिलिस्तीनियों में से कई हत्या के मामलों में आरोपी हैं। ब्लिंकन और बिडेन के अन्य शीर्ष सहयोगी भी हमास से छह सप्ताह के संघर्ष विराम और कुछ फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में बंधकों को मुक्त करने के लिए एक समझौते पर सहमत होने का आह्वान कर रहे हैं। वार्ता महीनों से रुकी हुई है और इजराइली अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि वे अपनी मांगें कम करने पर सहमत हुए हैं। नवंबर में, हमास ने सात दिवसीय संघर्ष विराम के दौरान 100 से अधिक बंधकों को मुक्त कर दिया। वास्तव में अब और देरी नहीं कार्रवाई करने का समय आ गया है। क्योंकि कोई अन्य विकल्प नहीं है। अस्थायी संघर्ष विराम से स्थायी संघर्ष विराम हो सकेगा।

# आर्थिक उदारवाद से मध्यवर्ग की आकांक्षाओं को लगे पंख



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

> अवतारवाद की अवधारणा में विश्वास रखने वाले और इस विश्वास की चारदीवारी में अपनी चेतना को कैद कर देने वाले भारतीय जनमानस में इन कृत्रिमताओं की जड़ें जमाना आसान साबित हुआ और एक नए दौर का आगाज हो गया।

> आर्थिक उदारवाद ने मध्यवर्ग के एक हिस्से को इतनी समृद्धि तो दे ही दी है कि बतौर बकरा उनके जिस भी हिस्से में दांत गड़ाया जाए, मांस ही मांस मिलेगा। हास्यास्पद यह कि अपने नोंचे जाने पर भी ये बकरे गर्व का उत्सव मनाते हैं और डिजाइनर स्कूलों, अस्पतालों में खुद के लूटे जाने को स्टेटस सिंबल मानते हैं। सरकारी अस्पतालों और स्कूलों की कल्पना से ही इन्हें उबकाई आती है। इसलिए इन्होंने इस पर सोचना ही छोड़ दिया है कि इनकी दशा सुधारने से देश और समाज का भला होगा, खुद उनका भी। कारपोरेट नेशनलिज्म ऐसे बिजनेस मॉडल को आदर्श मानता है जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य मुनाफा की संस्कृति की बलि चढ़ जाए।

90 के दशक से ही निजीकरण के महिमा मंडन ने मध्य वर्ग को बेहद उत्साहित कर रखा था और दस वर्ष के मनमोहन काल में बढ़ी समृद्धि ने इस वर्ग की आकांक्षाओं को जैसे पंख लगा दिए थे। इन्हीं पंखों पर चढ़ कर कारपोरेट नेशनलिज्म ने अपनी ऊंची उड़ान भरी जिसे जमीन पर रेंगता आर्थिक रूप से निम्न तबका हसरत भरी निगाहों से ताकता रहा।

कारपोरेट नेशनलिज्म इसी तरह आता है जैसे भारत में आया। स्वप्नों को त्रासदियों में बदल देने वाले छद्म राष्ट्रवाद और पुनरुत्थानवाद की आड़ में मुनाफे का निरंकुश खेल, जिसमें राजनीति बंधक बन जाती है और लोकतंत्र जैसे किसी प्रहसन में तब्दील हो जाता है। चल रही व्यवस्था से नाराज लोगों को अच्छे दिनों के ख्वाब दिखाना, बेरोजगारी से त्रस्त समाज को नौकरी के सब्जबाग दिखाना, अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का भरोसा दिलाना और जनता की तमाम जहालतों का ठीकरा व्यवस्था पर काबिज लोगों और उनकी नीतियों पर फोड़ना। इस तरह यह अपना रास्ता बनाता है।

इतना ही काफी नहीं होता। कारपोरेट नेशनलिज्म को अपने पांव पसारने के लिए एक ऐसे प्रायोजित नायक की जरूरत होती है जिसके छद्म छवि निर्माण से जनता को भ्रमित और चमत्कृत किया जा सके ताकि उसे लगे कि हमारा उद्धार करने वाला आ गया और कि हमें उसका खैर मकदम करते हुए अपने सिस्टम की चाबी उसे सौंप देनी चाहिए।

अवतारवाद की अवधारणा में विश्वास रखने वाले और इस विश्वास की चारदीवारी में अपनी चेतना को कैद कर देने वाले भारतीय जनमानस में इन कृत्रिमताओं की जड़ें जमाना आसान साबित हुआ और एक नए दौर का आगाज हो गया।

ऐसा दौर, जिसने भारतीय पत्रकारिता का घोर नैतिक पतन देखा, जिसने मध्य वर्ग की जटिल मानसिकता के भीतर की कुरूपताओं को उजागर किया, तथाकथित सवर्णों के बड़े हिस्से की सांप्रदायिक चेतना को उभारा और जिसने तथाकथित निचली जातियों के कई भ्रष्ट राजनीतिक ठेकेदारों के राजनीतिक चरित्र को खोल कर सामने रख दिया। सबसे महत्वपूर्ण कि इस दौर ने नवउदारवाद के भारतीय संस्करण की परतों को उधेड़ कर रख दिया और हमें अहसास दिलाया कि अपने मुनाफे के लिए कारपोरेट का एक प्रभावशाली तबका किस कदर जन विरोधी हो सकता है।

कारपोरेट नेशनलिज्म ने निजीकरण को मुक्ति का मार्ग घोषित किया। हमारे देश के बिजनेस क्लास ने साबित किया कि मुनाफे की संस्कृति में अधिकाधिक लाभ कमाने के लिए वह नैतिक रूप से कितना नीचे गिर सकता है। अधिकाधिक मुनाफा कमाना, अधिकाधिक श्रम लेना, न्यूनतम वेतन देना। नीति निर्माण की प्रक्रिया पर अपनी पकड़ को निरंतर सख्त करता यह वर्ग अमानवीयता की हदों से गुजरता गया जहां शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत संरचनाओं पर उसके बढ़ते आधिपत्य ने एक पतित संस्कृति का निर्माण किया।

जब हम नवउदारवाद के भारतीय संस्करण की बातें करते हैं तो हम इसके चरित्र को यूरोप और अमेरिका से अलग कर देखने की कोशिश करते हैं। लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक और पढ़े लिखे देशों में निजी उपक्रमों पर नियामक संस्थानों का कठोर नियंत्रण होता है और वे निर्धारित मानकों की उपेक्षा नहीं कर सकते। हमारे देश में ये उपक्रम तय मानकों को धता बताने में बिलकुल भी गुरेज नहीं करते। ऐसा हर क्षेत्र में है जिस कारण हमारे देश में निजीकरण संगठित लूट का एक माध्यम बन गया है। क्या कोई सोच सकता है कि यूरोप के पढ़े लिखे देशों के डिजाइनर प्राइवेट स्कूल हमारे देश की तरह बच्चों की स्तरीय शिक्षा से अधिक चिंता उनके ड्रेस और उनकी किताबों के माध्यम से अधिकाधिक मुनाफा लूटने पर करें?

आर्थिक उदारवाद ने मध्यवर्ग के एक हिस्से को इतनी समृद्धि तो दे ही दी है कि बतौर बकरा उनके जिस भी हिस्से में दांत गड़ाया जाए, मांस ही मांस मिलेगा। हास्यास्पद यह कि अपने नोंचे जाने पर भी ये बकरे गर्व का उत्सव मनाते हैं और डिजाइनर स्कूलों, अस्पतालों में खुद के लूटे जाने को स्टेटस सिंबल मानते हैं। सरकारी अस्पतालों और स्कूलों की कल्पना से ही इन्हें उबकाई आती है। इसलिए इन्होंने इस पर सोचना ही छोड़ दिया है कि इनकी दशा सुधारने से देश और समाज का भला होगा, खुद उनका भी।

कारपोरेट नेशनलिज्म ऐसे बिजनेस मॉडल को आदर्श मानता है जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य मुनाफा की संस्कृति की बलि चढ़ जाए। हेल्थ स्ट्रक्चर में सरकारी निवेश से अधिक तवज्जो करदाताओं की गाढ़ी कमाई से चलाई जा रही बीमा योजनाओं के माध्यम से निजी सेक्टर को मुनाफा के अवसर देना इसी आर्थिक चिंतन का हिस्सा है।

हालांकि, कोरोना महामारी के दौरान अमेरिका तक में सार्वजनिक हेल्थ बीमा के माध्यम से चिकित्सा प्रणाली की विफलता उजागर हो चुकी है। हमारे देश में तो उस दौर की दुर्दशा की याद अभी भी अधिक पुरानी नहीं पड़ी। लेकिन उस दुर्दशा के बावजूद न नीति निर्माताओं ने कोई सीख ली, न जनता ने।

कोरोना संकट ने साबित किया कि दुनिया के जिस भी देश ने स्वास्थ्य में सरकारी संरचना को मजबूती दी है वही इस महामारी का बेहतर तरीके से सामना कर सका। लेकिन, कॉर्पोरेट संस्कृति इन सीखों पर भ्रम का आवरण चढ़ाने में देर नहीं लगाती। कारपोरेट नेशनलिज्म जब एक बार किसी सिस्टम पर काबिज हो जाता है तो आसानी से इसके तंबू नहीं उखड़ते। जब तक यह बकरों के खून को चूस सकता है, जब तक यह मानवता को तहस नहस कर सकता है, तब तक अंतिम दम तक यह फन काढ़कर खड़ा रहता है। बहुत सारे लोग, जिनमें कुछ नामचीन चिंतक पत्रकार भी शामिल हैं, उम्मीदें लगाए हैं कि 2024 शायद इनका विराम बिंदु साबित हो। लेकिन, यह इतना आसान नहीं। कोई राजनीतिक दल या दलों का समूह तब तक इन्हें अपदस्थ नहीं कर सकता जब तक जनता इनके तंबुओं के बांस उखाड़ने पर आमादा न हो जाए। फिलहाल तो ऐसी अधिक उम्मीद नहीं।

नौकरी और अच्छे भविष्य, अच्छी अर्थव्यवस्था और अच्छे दिनों के आश्वासनों के पुल पर चढ़ कर आया, नेशनलिज्म और ठेठ सांप्रदायिकता को अपने औजारों की तरह यूज करते कारपोरेट राज को असल चुनौती किसी राजनीतिक दल से नहीं, जनता से ही मिलती है और इसके कनात तब उखड़ते हैं जब तक चतुर्दिक त्राहि त्राहि नहीं मच जाती और बिलबिलाती जनता विरोध में मुट्ठियां नहीं कस लेती। इतिहास इस तथ्य का साक्षी है। हालांकि बिलबिलाती जनता जब विरोध में मुट्ठियां कस लेती है तो झूठे स्वप्नों का आख्यान रचते, देश और जनता को ठगते सिस्टम के अलंबरदारों की कैसी दुर्गति होती है यह भी इतिहास अनेक उदाहरणों से हमें बताता है। लगता नहीं कि भारत के मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अभी उस व्यामोह से बाहर निकल सका है जिसका वितान कारपोरेट नेशनलिज्म के सूत्रधारों ने रचा है। शायद अभी और फजीहतें बाकी हैं।

## प्रसंगवश

# विकास के अग्रदूत: श्रमिक



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जब बहुत बड़ा भार होता है, तब पांच-सात मजदूर मिल कर उसे खिसकाते हैं, उठाते हैं, खड़ा करते हैं और यथास्थान ले जाते हैं, तब वे एक स्वर में जिन शब्दों का उच्चारण करते हैं, वे शब्द मानो उनके जीवन की व्यथा-कथा हैं, विवशता और हिम्मत। निर्धन मजदूर का जीवन मानो इन शब्दों का ही आख्यान है -

पल्ले पर गई हे ईसा।/ कोई बात नहीं है हे ईसा।/ थोरी रह गयी हे ईसा।/ पार पकर लयी हे ईसा। जिन श्रमिकों ने सडकें बनायी हैं, समुद्र को पाटा है, पर्वतों को पीस कर खेत बनाए हैं, खानों में प्रवेश करके संपदा का दोहन किया है, अपनी जान हथेली पर लेकर बहुमंजिले महल बनाए हैं, जिनकी बदौलत उद्योग चल रहे हैं, वे श्रमिक ही विकास के अग्रदूत हैं, देश का असली निर्माण करने वाले तो वे श्रमिक ही हैं। परन्तु यह कैसी व्यवस्था है, यह कैसी विडंबना है कि इतने श्रम के बाद भी वे ही आवासहीन हैं, वे ही धनहीन हैं? उनका जीवन त्रासदियों से आकुल-व्याकुल है।

इन कमेरों के श्रम के बिना वह बाजार और बाजार की नियामक-शक्तियां, वह अर्थव्यवस्था, वे बैंक, वह पैसा उत्पादन नहीं कर सकता। निर्माण नहीं कर सकता। रक्षा नहीं कर सकता। बाजार की नियामक-शक्तियां सब मिल कर के भी बाजार को नहीं चला सकेंगी। श्रम के बिना बाजार नहीं चलेगा। यह अलग है कि श्रम अपने परिवेश और व्यवस्था में कितना सस्ता और कितना महंगा है। बाजार की शक्तियां मनुष्य की इस श्रम-शक्ति का यांत्रिक-विकल्प खोजती रहती हैं। बेरोजगारी जितनी अधिक होगी, श्रम उतना सस्ता होगा। उत्पादक को उत्पादन का लाभ न मिले और बिचौलिया मुनाफ़ा कमाए तो भला उत्पादन कैसे बढ़ेगा? प्राइवेट-स्कूल-कालेज हैं, अध्यापक और अध्यापिकायें पढ़ा रही हैं, उन्हें क्या मिल रहा है? दस हजार-पंद्रह -हजार? बाकी मुनाफा कौन ले रहा है? जो खेती कर रहा है, उसे क्या मिला? कितना मिला? बाकी मुनाफा किसे मिला? श्रमिक आधे पेट रहे और कारपोरेट का पेट फूलता जाय। इस विश्व बाजार-व्यवस्था में मनुष्य की श्रम शक्ति का महत्व दिन-प्रतिदिन घटता जा रहा है। मनुष्य की महिमा घट रही है।

# अर्थव्यवस्था की वैश्विक चुनौतियां



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

> अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हर देश अपने आयात एवं निर्यात का एक खाता रखता है। यह वैसा ही है जैसे हमारा बचत खाता सभी निकासी एवं जमा पैसों का अलग-अलग हिसाब रखता है।

अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक पंडितों को धता बताते हुए भारत, वैश्विक अपेक्षाओं से भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। इसी के फलस्वरूप पूरी दुनिया अब भारत को निर्विवाद रूप से तेज़ी से प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था मान चुकी है। परंतु इसी के साथ अपने प्रतिस्पर्धी एवं पड़ोसी देश चीन के साथ अपनी तुलना करने पर हमें कुछ कठोर यथार्थ का भी सामना करना पड़ता है। आज नहीं तो कल वैश्विक मंच पर चीन को पछाड़ने के लिए हमें कठोर यथार्थ को स्वीकार करते हुए उन सभी मुद्दों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, जहां हम चीन से पीछे रह गए हैं। एक ओर जहां चीन की प्रति कैपिटा इनकम 12 हजार अमेरिकी डॉलर से अधिक है। तो वहीं दूसरी और भारत की प्रति कैपिटा इनकम मात्र 2200 अमेरिकी डॉलर है। एक तरफ चीन ने अपने देश से गरीबी का उन्मूलन कर दिया है। तो वहीं दूसरी और भारत में गरीबी एक यक्ष प्रश्न है। देश की आजादी के समय भारत की स्थिति चीन से काफी बेहतर थी किंतु भारत की अर्थव्यवस्था के विकास में हुई कुछ भारी गलतियों के कारण हम चीन से विकास की रफ्तार में बहुत पीछे छूट गए थे।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हर देश अपने आयात एवं निर्यात का एक खाता रखता है। यह वैसा ही है जैसे हमारा बचत खाता सभी निकासी एवं जमा पैसों का अलग-अलग हिसाब रखता है। सभी आयात एवं निर्यात संबंधी गणना को 'बैलेंस ऑफ पेमेंट' के नाम से जाना जाता है। इसमें दो तरह के खाते होते हैं। जिसमें से पहला 'कैपिटल अकाउंट' और दूसरा 'करंट अकाउंट' के नाम से जाना जाता है। 'कैपिटल अकाउंट' में वह सभी ट्रांजैक्शन (लेन-देन) दर्ज होते हैं जो कि किसी दीर्घकालिक संपत्ति (एसेट) या फिर उत्तरदायित्व (लायबिलिटी) से संबंध रखते हैं। उदाहरण स्वरुप कोई कर्ज लेना एक लायबिलिटी है। तो कोई प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एसेट का निर्माण करता है। इसके इतर 'करंट अकाउंट' वह खाता है जहां दर्ज किए गए ट्रांजैक्शन किसी एसेट अथवा लायबिलिटी से संबंध नहीं रखते हैं। यह करंट अकाउंट दो भागों में विभाजित हो जाता है। पहला 'ट्रेड अकाउंट' जिसमें सभी वस्तुएं जैसे कि इलेक्ट्रॉनिक्स, पेट्रोलियम, कृषि संबंधित उत्पाद आदि शामिल रहते हैं। तथा दूसरा 'इनविजिबल अकाउंट' जिसमें सेवाएं, लाभांश, दान, उपहार, ब्याज आदि को दर्ज किया जाता है।

यदि करंट अकाउंट के इन्हीं ट्रेड एवं इनविजिबल खातों का कुल योग ऋणात्मक होता है, तो इसे 'करंट अकाउंट डेफिसिट' बोला जाता है। यही करंट अकाउंट डेफिसिट भारत की लगभग स्थाई समस्या बन चुकी है। आसान शब्दों में इसे समझें तो भारत लंबे समय से आयात की अपेक्षा निर्यात कम कर रहा है। और हम विश्व मंच पर एक आयात प्रधान देश बन कर रह गए हैं। केंद्र सरकार इस क्षेत्र को गंभीरता से लेते हुए अपने दूरगामी लक्ष्य पर जिस प्रकार से कार्य कर रही है, उसी का परिणाम है कि हमारा करंट अकाउंट डिफिसिट कम होने की ओर अग्रसर है। भारतीय रिज़र्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार भारत का चालू खाता घाटा अप्रैल-सितम्बर 2022 के 48.8 बिलियन डॉलर के मुकाबले आधे से अधिक घटकर वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में 17.5 बिलियन डॉलर का हो गया है। परंतु इस घाटे से उबर कर 'सरप्लस अकाउंट' बनने में अभी समय लगेगा।

भारत के साथ अच्छी बात यह है कि साल दर साल हमारे चालू खाते का घाटा देश के कैपिटल अकाउंट के सरप्लस से बैलेंस हो जाता है। और इस तरह से भारत का फॉरेन एक्सचेंज रिज़र्व लगातार मजबूत होता रहता है। परंतु कैपिटल अकाउंट को मजबूती विदेशी निवेश तथा कर्ज से मिलती है और इसलिए बहुत हद तक इस पर वैश्विक एवं घरेलू आर्थिक स्थितियों का नियंत्रण होता है। मंदी की चपेट में आते ही किसी देश का कैपिटल अकाउंट सरप्लस खत्म हो सकता है। ऐसी स्थिति में भारत के लिए अत्यंत आवश्यक खनिज तेल इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व प्राकृतिक गैस के आयात पर संकट उत्पन्न हो सकता है। और इस संकट का अर्थ है देश में गंभीर स्थितियां पैदा होना। साथ ही कैपिटल अकाउंट का मूल्यवर्धन होने का अर्थ लाभ ब्याज एवं डिविडेंड के रूप में पैसा बाहर जाना भी होता है। इसलिए कैपिटल अकाउंट के बढ़ने से यदि विदेशी मुद्रा कोष बढ़ रहा है, तो इसे स्वस्थ दृष्टिकोण नहीं माना जाना चाहिए। इसका अर्थ है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाला यह उपकरण भी पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है। भारत का बड़ा ऊर्जा आयातक होना इस घाटे में बड़ा रोल अदा करता है।

## सोशल फोरम

# हर मजदूर का एक मालिक

> मज़दूर दिवस पर बताने जैसी बात ये कि हमारे घर में एक बच्ची मालिक है और बाकी सब उसके मज़दूर। वो आगे आगे, सब उसके पीछे पीछे। सब मुंह ताकते हैं उसका। वह क्या सोच रही है?



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

हर मज़दूर का एक मालिक होता है। मालिक एक निश्चित तनख़्वाह के एवज में यह तय करता है कि मजदूर क्या करेगा, क्या नहीं करेगा, कब करेगा। मालिक खुद काम नहीं करता वो काम करवाता है। मालिक बात मनवाता है और मज़दूर बात मानता है। मालिक मन की बात करता है, मज़दूर सुनता है। मालिक की मर्ज़ी, चाहे जब उठे, चाहे जब सो जाए। जब मर्ज़ी हो मज़दूरों की तरफ देखे जब चाहे अनदेखा कर दे। पर मज़दूर को इस बाबत बुरा मानने का हक नहीं होता। पर ना मज़दूर की गति मालिक के बिना, और ना मालिक की हैसियत मज़दूरों के बिना। दोनों लड़े झगड़े या शांति से रहें, इन्हें साथ रहना ही होता है।

पर मालिक होता है चतुर। चतुर है इसीलिए मालिक है। बहुत बार वो मजदूर की तरफ़ मुस्कुरा कर निहार लेता है। पीठ थपथपा देता है, हाल चाल पूछ लेता है बच्चों के। मज़दूर इतने भर में निहाल हो जाते हैं और चतुर मालिक इसके एवज़ में मज़दूरों से वो सब भी करवा ले जाता है जिसे बेगार कहते हैं।

मज़दूर दिवस पर बताने जैसी बात ये कि हमारे घर में एक बच्ची मालिक है और बाकी सब उसके मज़दूर। वो आगे आगे, सब उसके पीछे पीछे। सब मुंह ताकते हैं उसका। वह क्या सोच रही है? उसे क्या चाहिए। इसके बदले में मुस्कुराती है सभी को देखकर और यदा कदा पप्पियों से नवाजती है। मजदूर राजी हैं इस तनख़्वाह से और मजे की बात यह कि काम के घंटे तय न होने के बावजूद राजी हैं। चूंकि मालिक मिलनसार और खुशमिजाज है, इसलिए वो उसकी हर ख़्वाहिश को सिर माथे पर लेने के लिए तैयार बने रहते हैं। मालिक मज़दूर दोनों एक दूसरे से खुश हों ऐसी व्यवस्था अमूमन होती नहीं। पर हमारे घर में है। और इस व्यवस्था के चलते सब राजी खुशी हैं और अमन चैन कायम है।

-फेसबुक वॉल से

# ढंग से जीने की आजादी देता है संविधान



हफीज किदवई
लेखक

> इन संविधान के न होने पर पता नही कोई हुकूमत कह दे कि हर दवा का पहला परीक्षण प्रत्येक परिवार के एक सदस्य पर होगा और आप देखते ही देखते चूहों की जगह ले लेंगे। संविधान है, इसलिए यह मनमानी तो नहीं हो सकती है।

अगर कोई आपको पकड़ कर कहे कि चलो उठो, तुम्हें फ़लाने नेता को खून देना है। तो आप उसे किस अधिकार से मना कीजिएगा। यही नहीं अगर कोई अधिकारी कह दे कि आपकी किडनी निकालकर फ़लाने को लगा दी जाए। तो आपके पास ऐसी कौन सी ताक़त है, जो यह करने से रोकिए।

अच्छा अगर कोई कहे कि सुबह आपको नाश्ते में पोहा, दोपहर खाने में बाटी चोखा और रात को हल्का खाना ढोकला ही खाना है। इसके अतिरिक्त कुछ नहीं खाया जा सकता, पीने के केवल दो विकल्प हैं, सत्तू या फिर पानी, बाकी कोई सॉफ्ट ड्रिंकन नहीं पी सकते हैं। तो ऐसा करने से मना करने की कौन सी ताक़त है आपके पास। अच्छा यह भी छोड़िए, अगर कोई आपसे कह दे कि आप सिर्फ फ़लाने तरीके की लड़की या लड़के से ही शादी कर सकते हैं। कोई दूसरे से नहीं, या फिर आप प्रेम सिर्फ अपने ही धर्म, मज़हब या फिर कॉलोनी में कर सकते हैं, तो वह कौन सी ताकत है, जिससे आप इस पाबंदी से निपटेंगे। मसला यह है कि आप जो रोजमर्रा की ज़िंदगी जीते हैं, अगर इसमें कोई अपना ज़बरन हस्तक्षेप करे, तो वह कौन सी ताक़त है, जो इसे रोकेगी।

जानते हैं यह ताकत क्या है। यह है हमारे देश का संविधान। इसमें लिखी हमारे अधिकार और कर्तव्यों की वह लाइन है, जो ऐसा हर काम करने से रोकती है यह है हमारी ताक़त। हमारे संविधान ने हमें दैहिक स्वतंत्रता दी है। इसलिए कोई भी,कभी भी, खड़ा होकर हमारी नसों से खून नहीं निकलवा सकता है, हमारी किडनी नहीं छीन सकता है, हमारी गाड़ी नहीं उठवा सकता है, हमारे खानों को सीमित नही कर सकता है, हमारे मनोरंजन पर पहरा नहीं बैठा सकता है।

लोग संविधान को केवल आरक्षण जैसे विषयों पर ही लाकर ख़त्म कर देते हैं। आरक्षण तो सिर्फ़ एक मामूली हिस्सा है, असली बात तो यह है कि हमारा संविधान, हमें, हमारे ढंग से जीने की आज़ादी देता है। अगर यह नहीं होगा, तो कोई भी ताकतवर आपको पकड़कर चार यूनिट खून ले लेगा और कोई अधिकार न होने पर, आप सिर्फ खून देंगे और रोएंगे। इसलिए ज़रूरी है संविधान, इसलिए ही बात हो रही है कि इसे बचा लो। आरक्षण के पन्ने से ज़्यादा यह बात महत्वपूर्ण है, जिसपर बात ही नहीं हो रही।

अभी वैक्सीन का तमाशा बाहर आया है। जानते हैं सुप्रीम अदालत में हुकूमत ने क्या कहा है कुछ रोज़ पहले, यही की उसने कभी भी वैक्सीन लगाना अनिवार्य नहीं किया था। यानि वैक्सीन वैकल्पिक थी। यह जानते हैं किस डर से कही गई बात है। संविधान का डर, क्योंकि वह ज़बरदस्ती से रोकता है। जबकि आपको पता है कि हर जगह पर वैक्सीन लगवाना अनिवार्य ही था मगर यह विभागीय स्तर पर हुआ था। हमारा संविधान इतना ही शक्तिशाली है कि उसमें हर कमज़ोर के लिए ताकत रखी गई है।

आपको हमेशा लगता होगा कि आप बड़े ताकतवर हैं। आपको संविधान की ज़रूरत ही क्या है। संविधान हमारी ज़िंदगी मे क्या ही रोल निभाता है। यह तो दलित और अल्पसंख्यक के लिए है। मगर जब कभी आप कमज़ोर पड़ते हैं, डॉक्टर के आगे, वकील के आगे, पुलिस के आगे, अधिकारी के आगे, दबंग के आगे, नेताओं के आगे,तब यही संविधान होता है, जो आपकी ताक़त बनकर इनका मुकाबला करता है। यह सिर्फ कुछ पन्नों की किताब नहीं है, इसकी अहमियत समझिए ।

यहां कोई यह नही कह सकता है कि फलानी कुर्सी पर सिर्फ काले रंग के लोग बैठेंगे। कोई यह नही कह सकता कि इस नल से केवल गोरे लोग पानी पिएंगे। यहां केवल छोटे कद के लोगों का इलाज होगा। यहां सिर्फ लंबे कद के लोगों की सुनवाई होगा। यहां हमारा संविधान हमें रंग, कद, वज़न, लिंग, धर्म, जाति, वर्ग से बराबर करता है और कुछ लोग कहते हैं मसला केवल आरक्षण है।

ज़रा ग़ौर कीजिये। संविधान नहीं रहेगा, तो सिर्फ आरक्षण ही नहीं जाएगा, बहुत कुछ जाएगा और नया क्या आएगा, आपको और हमें नहीं पता। इन संविधान के न होने पर पता नही कोई हुकूमत कह दे कि हर दवा का पहला परीक्षण प्रत्येक परिवार के एक सदस्य पर होगा और आप देखते ही देखते चूहों की जगह ले लेंगे। संविधान है, इसलिए यह मनमानी तो नहीं हो सकती है। इस बात की गंभीरता को समझिए। देश के संविधान का सम्मान कीजिए।

# बिहार: सनातन और कानून तार तार



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस समय देश में सनातन धर्म और संस्कृति की झंडाबरदार भाजपा सरकार है। बिहार में कुछ दिन पहले तो उसके मुखिया नीतीशकुमार कथित 'सेकुलर' पाले में थे और विशेष अवसरों पर पल्लेदार मुस्लिम टोपी भी लगा लेते थे, किंतु अब, जैसा कि वे कहते हैं, उनका स्थायी हृदय परिवर्तन हो गया है और वे भाजपाई खेमें में ही हमेशा रहेंगे। ऐसे में बिहार को भी भगवा मान लेना समीचीन होगा। वहां भाजपा का सत्ता में साझा है और उसके दो उप मुख्यमंत्री भी हैं। ऐसा होते हुए भी वहां हो रही घटनाएं विचलित कर देने वाली हैं, क्योंकि उनसे सनातन धर्म सांसें तोड़ रहा है और कानून की धज्जियां उड़ रही हैं। यहां के बांका जिले के सदर थाना क्षेत्रांतर्गत हिरमोती गांव में एक दामाद का अपनी सास से विवाह संपन्न हो गया। सिकंदर यादव का विवाह ढाई दशक पहले दिलेश्वर और गीता दंपति की बेटी के साथ हुआ था, जो दो बच्चों को जन्म देने के बाद परलोक सिधार गई। सिकंदर ने अन्यत्र शादी कर ली, लेकिन पटी उससे भी नहीं और तलाक़ हो गया। इस बीच सिकंदर का पहले वाली ससुराल आना जाना बना रहा और 45 वर्षीय सास गीता से प्रेम हो गया। प्रेम उभय पक्षीय था। बात बढ़ी और एक दिन ससुर ने दोनों को गलत हालत में देख लिया। पंचायत बुलाई गई। दोनों की पेशी हुई। दोनों ने परस्पर प्रेम प्रसंग को स्वीकारा। तब ससुर सहित सबने दोनों के विवाह का निर्णय लिया। लोग बुलाए गये और डंके की चोट पर दामाद ने सास की मांग में सिंदूर डाला और विदा कराकर अपने घर ले गया। यही नहीं, इस विवाह का प्रशासन तंत्र में पंजीकरण भी हुआ। क्षेत्र में खूब चर्चा हुई।

सनातन धर्म के सिद्धांतों और लोकमान्य संस्कृति के अनुसार यह विवाह घृणास्पद और गर्हित है। सास धर्म-माता होती है। अंग्रेज भी इसे 'मदर-इन-ला' कहते हैं, यानी विधानतः माता। तथ्य यह भी है कि कानून भी ऐसे विवाह की अनुमति नहीं देता। हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 5 को धारा 11 के साथ पढ़ने पर स्थिति साफ हो जाती है। कुछ रिश्तों में शादियां वर्जित हैं, जैसे मां बेटा, भाई बहन, ससुर बहू आदि इनमें सास और दामाद भी है। इसके अलावा जिन दो का विवाह हो रहा हो, यदि उनमें किसी का जीवन साथी जिंदा है, तो बिना तलाक़ हुए विवाह नहीं हो सकता। ज्ञातव्य है यह विवाह अवैध होने के कारण धारा 494 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत 7 वर्ष की सजा से दंडनीय है।

बिहार के सनातन धर्म के ध्वज वाहक कहां हैं? इन दिनों भाजपा 'मंगलसूत्र' को भी चुनावी मुद्दा बना रही है। तो क्या 400 पार का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु मोदी-नीतीश एक एक महिला को दो दो मंगल सूत्रों से सज्जित कर देंगे? यानी जीवित पतियों वाली नारियों के अमर्यादित विवाह होने देंगे?



## वोटों के बंटवारे और ध्रुवीकरण से
# खिल सकता कमल

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। पश्चिम बंगाल में सात मई को तीसरे चरण में मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण, जंगीपुर और मुर्शिदाबाद लोकसभा सीट पर वोट डाले जाएंगे। इससे पहले राज्य में पहले चरण में कूच बिहार अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी तथा दूसरे चरण में दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट में मतदान हो चुका है। तीसरे चरण के चुनाव वाला पूरा इलाका आर्थिक रूप से काफी पिछड़ा है। यहां के नौजवानों को काम की तलाश में कोलकाता जाना पड़ता है, तो बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने दूसरे राज्य भी जाते हैं। जाहिर है कि गरीबी और बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है। मालदा और मुर्शिदाबाद दोनों जिलों में गंदगी और जाम की समस्या भी विकराल है। गंगा नदी मालदा से होकर मुर्शिदाबाद में प्रवेश करती है। यह डेल्टा क्षेत्र है, जिसके कारण नदी तट कटाव भी बड़ी समस्या है। गंगा की कटान में पिछले कुछ वर्षों में कई सौ गांव समा चुके हैं और हजारों लोग विस्थापित होकर बेघर हैं। इस बार भी सभी राजनीतिक दल और उनके नेता पिछले चुनावों की ही तरह नदी कटाव से प्रभावित लोगों को आश्वासन दे रहे हैं कि चुनाव बाद ठोस कदम उठाए जाएंगे। सीएए मुद्दे की गूंज भी यहां कम नहीं है। तृणमूल कांग्रेस नेता कह रहे है कि सीएए का असल उद्देश्य मुसलमानों को शिविरों में भेजना है। तृणमूल ने सीएए-एनआरसी के मुद्दे पर 2021 में विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी।

**पं. बंगाल : मोदी बनाम ममता के बीच चुनाव**

**तीसरा चरण - 04 सीटें**

पिछला परिणाम

- टीएमसी 02
- भाजपा 01
- कांग्रेस 01




### टीएमसी, कांग्रेस और माकपा में मुस्लिम मतों के लिए घमासान, भाजपा कर रही जबरदस्त प्रचार

मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण, जंगीपुर और मुर्शिदाबाद लोकसभा सीटों पर मुस्लिमों की आबादी ठीक-ठाक है, यही वजह है कि तृणमूल, वामपंथी और कांग्रेस में मुस्लिम समुदाय का समर्थन हासिल करने की होड़ है। ऐसे में भाजपा की उम्मीद मुस्लिम वोटों के विभाजन और मतदाताओं के ध्रुवीकरण पर टिकी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इन चार सीटों में भाजपा ने मालदा उत्तर का चुनाव जीता था। कांग्रेस मालदा दक्षिण में विजयी रही थी, जबकि तृणमूल को जंगीपुर और मुर्शिदाबाद में सफलता मिली थी। इस बार भाजपा ने चारों सीटों पर जोरदार प्रचार अभियान छेड़ रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने मालदा में चुनाव प्रचार किया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मुर्शिदाबाद में रैलियां की हैं, तो तृणमूल की तरफ से ममता बनर्जी और पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी लगातार सक्रिय हैं। कांग्रेस जरूर प्रचार के मामले में थोड़ी पीछे नजर आ रही है।

### मालदा उत्तर : मुस्लिम वोट बंटने से भाजपा 2019 में पहली बार जीती, इस बार भी जीत का समीकरण वही

भाजपा नेता खगेन मुर्मू मालदा उत्तर से सांसद हैं। पार्टी ने उन्हें दोबारा मैदान में उतारा है। खगेन मूर्मू का इस बार मुकाबला पूर्व आईपीएस अधिकारी टीएमसी प्रत्याशी प्रसून बनर्जी से है। कांग्रेस ने यहां मुश्ताक आलम पर दांव लगाया है। कांग्रेस के इस बार मालदा दक्षिण से प्रत्याशी ईसा खान चौधरी 2019 के लोकसभा चुनाव में मालदा उत्तर से चुनाव लड़े थे, लेकिन जीत नहीं पाए थे। तृणमूल कांग्रेस ने उनकी फुफेरी बहन मौसम बेनजीर नूर को मैदान में उतार दिया था। आपस की लड़ाई और मुस्लिम वोट बंटने से दोनों को हार मिली थी और भाजपा ने पहली बार इस सीट पर कमल खिला दिया था।




### मालदा दक्षिण : पिछली बार मामूली अंतर से हारी भाजपा इस बार कांग्रेस के गढ़ में सेंध लगाने के प्रयास में

- भाजपा की श्रीरूपा मित्रा इस बार यह सीट जीतने में पूरा जोर लगाए हैं। पिछली बार वह आठ हजार वोटों के मामूली अंतर से कांग्रेस अबू हासेम खान चौधरी से हार गई थीं। टीएमसी ने यहां शाहनावाज़ अली रेहान को मैदान में उतारा है, तो कांग्रेस ने अपने मौजूदा सांसद की उम्र देखते हुए उनके पुत्र ईशा खान चौधरी पर दांव लगाया है, जो अपनी पारिवारिक विरासत को बनाए रखने के लिए जूझ रहे हैं। यह सीट कांग्रेस का गढ़ रही है। लेकिन इस बार संघर्ष त्रिकोणीय दिख रहा है। ईशा खान चौधरी के पिता अबू हासेम खान चौधरी पिछले तीन चुनाव से इस सीट पर जीत रहे थे। इससे पहले उनके चाचा स्व. एबीए गनी खान चौधरी कई बार सांसद चुने गए थे। कांग्रेस प्रत्याशी ईशा खान चौधरी इस लोकसभा क्षेत्र की वैष्णवनगर और सूजापुर सीट से विधायक रह चुके हैं। लेकिन 2021 के विधानसभा चुनाव में वह सूजापुर विधानसभा सीट पर तृणमूल कांग्रेस से हार गए थे।

**2019 का वोट शेयर**

| 35% | 34% | 27% |
| --- | --- | --- |
| कांग्रेस | भाजपा | टीएमसी |


### भाजपा ने झोंकी ताकत मोदी की फिर सभाएं

तीसरे चरण के चुनाव के साथ राज्य में चौथे और पांचवे चरण के मतदान का माहौल अपने पक्ष में बनाने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार राज्य का दौरा कर रहे हैं। एक दिन पहले उन्होंने मालदा में जोश भरा था। अब अगले दो दिनों में उनकी फिर राज्य में रैलियां हो सकती हैं। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के दौरे के बाद असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा भी सभाएं करने आएंगे।

### मुर्शिदाबाद : त्रिकोणीय मुकाबले में चौंकाने वाले परिणाम के कयास

मुर्शिदाबाद सीट पर सीपीआई-एम (माकपा) के राज्य सचिव और तेजतर्रार नेता मोहम्मद सलीम, तृणमूल कांग्रेस से मौजूदा सांसद अबू ताहेर खान और भाजपा के गौरी शंकर घोष के बीच तिकोना मुकाबला हो रहा है। भाजपा प्रत्याशी मुर्शिदाबाद विधानसभा सीट से 2021 में विधायक चुने गए थे, पार्टी ने लोकसभा का टिकट देकर मैदान में उतारा है। सीपीआई-एम का इस सीट पर 1980 से 1999 तक लाल झंडा फहराता रहा है। कांग्रेस ने 2004 और 2009 में जीत हासिल की थी, लेकिन सीपीआई-एम के बद्दरुद्दोज़ा खान ने 2014 में सीट वापस छीन ली थी। 2019 में तृणमूल के अबू ताहेर खान ने जीत हासिल की थी। मुर्शिदाबाद में रामनवमी जुलूस के दौरान हिंसा हुई थी। यहां वोटों का ध्रुवीकरण होने की आशंका जताई जा रही है, लोग मान रहे हैं कि परिणाम चौंकाने वाले हो सकते हैं।


**2019 का वोट शेयर**




### जंगीपुर : प्रणब दा के बेटे मैदान में नहीं, टीएमसी दूसरी जीत की कोशिश में

जंगीपुर को बीड़ी उद्योग के लिए जाना जाता है। लोकसभा सीट से दिग्गज कांग्रेस नेता पूर्व राष्ट्रपति स्व. प्रणब मुखर्जी ने 2004 और 2009 में चुनाव लड़कर जीता था। राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने सांसद पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद 2012 में हुए उपचुनाव में उनके बेटे अभिजीत मुखर्जी यहां से सांसद चुने गए। 2014 की मोदी लहर में भी अभिजीत यहां से चुनाव जीते थे। 2019 में टीएमसी के उम्मीदवार बीड़ी कारोबारी खलीलुर्रहमान यहां से विजयी हुए थे। उन्होंने भाजपा की माफूजा खातून को तीन लाख से ज्यादा वोटों से शिकस्त दी थी। अभिजीत को ढाई लाख से ज्यादा वोट मिले थे पर वह तीसरे स्थान पर पिछड़ गए थे। इस बार खलीलुर्रहमान फिर टीएमसी से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने भाजपा ने संगठन से जुड़े नेता धनंजय घोष को मैदान में उतार है, जबकि कांग्रेस ने अभिजीत मुखर्जी के स्थान पर मुर्तजा हुसैन पर दांव लगाया है।

**2019 का वोट शेयर**





## एनडीए के लिए साख और राजद की नाक का सवाल

चुनाव डेस्क

**बिहार तीसरा चरण 05 सीटें**

2019 का परिणाम

- एनडीए 05
- इंडिया गठबंधन 00



अमृत विचार। बिहार में सात मई को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में पांच सीटों मधेपुरा, झंझारपुर, सुपौल, अररिया और खगड़िया में वोट डाले जाएंगे। यहां एनडीए और इंडिया गठबंधन ने प्रचार मे अपनी ताकत झोंक रखी है। इन सभी पांच सीटों पर 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए ने जीत हासिल की थी। ऐसे में इस बार के चुनाव में एनडीए के सामने जहां इन सीटों पर कब्जा बनाए रखने की चुनौती है, वहीं इंडिया गठबंधन में खासतौर पर राजद जिसका पिछले लोकसभा चुनाव में खाता ही नहीं खुला था, इस बार कुछ सीटें छीनने की लड़ाई लड़ता नजर आ रहा है।

एनडीए में जदयू को तीसरे चरण में पांच में तीन वह सीटें मिली हैं, जिस पर उसके सांसद हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस सीटों पर अपने मौजूदा सांसदों को ही चुनाव मैदान में उतारा है। इस चरण में भाजपा और लोजपा (चिराग पासवान) ने एक-एक सीट पर प्रत्याशी उतारे हैं।

इसके मुकाबले इंडिया गठबंधन में राजद तीन सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। एक-एक सीट पर विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) का उम्मीदवार मैदान में है। इंडिया गठबंधन से चुनावी अभियान में अगुवा तेजस्वी यादव का साथ केवल मुकेश सहनी देते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस और वाम दलों के बड़े नेताओं के दौरे, रैली, रोड शो कुछ भी नहीं हुआ है। बिहार में राहुल गांधी की अब तक केवल एक सभा हो पाई है। इसके मुकाबले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच जनसभाएं कर चुके हैं। दो और रैलियों के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। गृह मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक पूरी ताकत लगाए हैं। इस तरह प्रचार में इंडिया गठबंधन पीछे नजर आ रहा है। लेंकिन पांचों सीटों पर यादव और मुस्लिम समीकरण लड़ाई दिलचस्प भी बना रहा है।

### मधेपुरा : जनता यहां यादव सांसद ही चुनती, इस बार मुकाबला बराबरी का

मधेपुरा तीसरे चरण की सबसे चर्चित सीट है। यहां से राजद प्रमुख लालू यादव, शरद यादव और पप्पू यादव चुनाव लड़ चुके हैं। यहां यादव मतदाता ही जीत-हार तय करते आए हैं। 2019 में इस सीट पर जदयू के दिनेश चंद्र यादव जीते थे। 2014 में राजद के टिकट पर पप्पू यादव जीते थे। इस बार जदयू ने मौजूदा सांसद दिनेश चंद्र यादव पर भरोसा जता है, तो राजद ने प्रो. कुमार चंद्रदीप को मैदान में उतारा है। 1998 के बाद से इस सीट पर तीन बार जदयू और तीन बार राजद ने जीत हासिल की है। दिलचस्प बात यह है कि यहां से अभी तक यादव जाति से ही सांसद चुने गए हैं। लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों में चार पर जदयू और एक-एक पर भाजपा व राजद का विधायक है।

**2019 में पप्पू यादव को दिया नाकार**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
| --- | --- | --- | --- |
| जदयू | दिनेश चंद्र यादव | 6,24,334 | 54.41 |
| राजद | शरद यादव | 3,22,807 | 28.14 |
| जेएपी | पप्पू यादव | 97,631 | 3.35 |

### झंझारपुर : बसपा की चुनौती से त्रिकोणीय संघर्ष होने के आसार

झंझारपुर में जदयू ने मौजूदा सांसद रामप्रीत मंडल को मैदान में उतारा है। इंडिया गठबंधन की ओर से मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के सुमन कुमार महासेठ चुनावी रण में ताल ठोंक रहे हैं। सुमन महासेठ पूर्व विधान पार्षद सदस्य हैं। विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं लेकिन लोकसभा का चुनाव पहली बार लड़ रहे हैं। यहां मुकाबला त्रिकोणात्मक बनाने को लेकर बसपा के गुलाब यादव पूरा जोर लगाए हैं। पिछले चुनाव में जदयू के रामप्रीत मंडल ने राजद के गुलाब यादव को हराया था। माना जाता है कि यहां की राजनीति पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग के सांसद ही करते रहे हैं। 2019 में रामप्रीत मंडल ने राजद के गुलाब यादव को तीन लाख से ज्यादा मतों से हराया था। 2014 में यहां पहली बार भाजपा जीती थी।

**2019 में बहुत पीछे था राजद उम्मीदवार**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
| --- | --- | --- | --- |
| जदयू | रामप्रीत मंडल | 6,02,391 | 56.80 |
| राजद | गुलाब यादव | 2,79,440 | 27.10 |

### सुपौल : अति पिछड़ा ही इस सीट पर तय करेंगे जीत और हार

सुपौल लोकसभा सीट पर सामान्य वर्ग के वोटरों का दबदबा रहता है। राजद ने अनुसूचित जाति के चंद्रहास चौपाल को यहां उम्मीदवार बनाया है, उनकी लड़ाई जदयू के दिलेश्वर कामत से है जो अति पिछड़ा समाज से आते हैं। अब दोनों उम्मीदवार में सामान्य वर्ग के वोट अपने पाले में जंग की छिड़ी है। मुकाबला कांटे का माना जा रहा है। सुपौल में अति पिछड़ा वोटरों की संख्या 40 प्रतिशत से ज्यादा मानी जाती है, जो चुनाव में जीत-हार तय करते हैं। यहां से 2014 में कांग्रेस की रंजीत रंजन जीती थीं और 2019 में चुनाव हार गई थीं।

**2019 में अति पिछड़ा वर्ग ने दिलाई जीत**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
| --- | --- | --- | --- |
| जदयू | दिलेश्वर कामत | 5,97,377 | 53.78 |
| कांग्रेस | रंजीत रंजन | 3,30,524 | 30.00 |

**2014** में कांग्रेस की रंजीत रंजन यहां जीती थीं चुनाव

**2019** में जदयू के दिलेश्वर कामत ने दी थी रंजीत रंजन को मात

### खगड़िया : लोजपा को बाहरी उम्मीदवार उतारना पड़ सकता भारी

इंडिया गठबंधन में माकपा को खगड़िया सीट मिली है। माकपा ने यहां से संजय कुमार को उतारा है। बसपा ने डॉ. रवि कुमार पर दांव लगाया है। एनडीए में यह सीट चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) को मिली है। पिछले दो चुनाव से लोजपा यहां जीत रही है। लोजपा ने राजेश वर्मा पर दांव लगाया है। राजेश वर्मा भागलपुर से आते हैं। इस कारण 'बाहरी उम्मीदवार' की चुनौती से निपटना पड़ रहा है। इस सीट से लोजपा के महबूब अली कैसर 2014 और 2019 में जीते थे। कहा जाता है कि यहां पिछड़े और अति पिछड़े चुनावी परिणाम प्रभावित करते रहे हैं। यादव बड़ी संख्या में हैं, पर राजद को सिर्फ एक बार ही जीत मिली है। राजद ने लोजपा के सांसद महबूब अली कैसर को शामिल करके लोजपा को बड़ा झटका दिया है।

**2019 में मुकेश सहनी रह गए बहुत पीछे**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
| --- | --- | --- | --- |
| लोजपा | चौ. महबूब अली | 5,10,193 | 52.8 |
| वीआईपी | मुकेश सहनी | 2,61,623 | 27.10 |

### अररिया : भाजपा सीट बचाने में जुटी राजद की राह भी नहीं आसान

- अररिया लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद प्रदीप कुमार सिंह को फिर चुनावी मैदान में उतारा है। राजद ने शाहनवाज आलम को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा के पास जहां अररिया में अपनी साख बचाने की चुनौती है, वहीं राजद की राह आसान नहीं दिख रही है। शाहनवाज पूर्व केंद्रीय मंत्री व मो. तस्लीमुद्दीन के पुत्र हैं। 2018 में तसलीमुद्दीन के निधन के बाद हुए उपचुनाव में राजद के सरफराज आलम और भाजपा-जेडीयू के प्रदीप सिंह में मुकाबला हुआ था। इसमें राजद प्रत्याशी को जीत मिली थी। लेकिन 2019 में भारतीय जनता पार्टी के प्रदीप सिंह ने बाजी मारी थी। उन्होंने राजद के उम्मीदवार सरफराज आलम को करीब एक लाख 37 हजार मतों से हरा दिया था।

**2019 में राजद ने खो दी थी यह सीट**

| दल | उम्मीदवार | प्राप्त मत | % |
| --- | --- | --- | --- |
| भाजपा | प्रदीप कुमार सिंह | 6,18,434 | 52.87 |
| राजद | सरफराज आलम | 4,81,193 | 41.14 |

## शिवसेना उद्धव को यहां मिली राकांपा से चुनौती

चुनाव डेस्क



उद्धव बालासाहेब ठाकरे।

अमृत विचार। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित उस्मानाबाद को अब धाराशिव नाम से जाना जाता है। हालांकि लोकसभा क्षेत्र का नाम अभी उस्मानाबाद ही है। उस्मानाबाद लोकसभा सीट पर कभी एक-दूसरे के सहयोगी रहे शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजित पवार के बीच मुकाबला होगा। शिवसेना (उद्धव) ने इस सीट से मौजूदा सांसद ओमप्रकाश राजेनिम्बालकर को राकांपा प्रत्याशी अर्चना पाटिल के खिलाफ मैदान में उतारा है। अर्चना पाटिल का यह पहला चुनाव है। बसपा ने संजय भागवत बाघमारे को टिकट दिया है। एआईएमआईएम से सिद्दीक इब्राहिम बाउदीवाले प्रत्याशी हैं।

उस्मानाबाद लोकसभा सीट पर 1952 से 1996 तक कांग्रेस का एकछत्र राज रहा। लेकिन कोई प्रत्याशी दोबारा नहीं चुना गया, कांग्रेस ने हर बार नया चेहरा दिया। 1984 से 1996 तक लगातार तीन बार कांग्रेस के टिकट से अरविंद कांबले सांसद बने। 2009 में एनसीपी के टिकट पर पद्मसिन्हा पाटील चुने गए थे। 2019 के चुनाव में इस सीट से शिवसेना के प्रत्याशी ओमप्रकाश भुपाल सिंह राजेनिम्बालकर को जीत मिली थी। राष्ट्रवादी कांग्रेस के राणा जगजित सिंह दूसरे नंबर पर रहे थे।

उस्मानाबाद सीट पर सात मई को मतदान होगा। इस सीट के अंतर्गत उस्मानाबाद, तुलजापुर, ओमेरगा, लोहारा, कलांब, भूम, परांडा और वाशी विधानसभा सीटें आती हैं।

शिवसेना (यूबीटी) नेता के अनुसार राजेनिम्बालकर लोगों की छोटी-छोटी समस्याओं को सुनकर उनका हल निकालते हैं, जिससे वह लोगों के प्रिय बन गए हैं। राजेनिम्बालकर का कहना है कि उनके पास चीनी कारखाने या कॉलेज नहीं हैं, इसलिए उनका समय पूरी तरह से अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए समर्पित है। पिछले चुनाव में हम (अविभाजित शिवसेना) भाजपा के साथ थे, इसलिए उन्हें लगता है कि मैं मोदी लहर के कारण जीता, लेकिन इन पांच सालों में मैंने लोगों के लिए काम किया है।

राजेनिम्बालकर के मुकाबले में उतरीं राकांपा अजित पवार की अर्चना पाटिल राकांपा से भाजपा में गए तुलजापुर के विधायक राणा जगजीतसिंह पाटिल की पत्नी हैं। अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और भाजपा का महायुति गठबंधन उन्हें जिताने के लिए एकजुट है।

अर्चना पाटिल का कहना है कि एक महिला यहां से चुनाव लड़ रही है और यह लोकसभा सीट देवी तुलजा भवानी का घर भी है। महायुति महिलाओं का सम्मान करती है। महिलाएं बड़ी संख्या में उनके लिए मतदान करने आएंगी




**समर्थन करें**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कोडरमा में पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

## इस सीट पर दूसरे चरण में पड़ने थे वोट, बसपा प्रत्याशी के निधन से अब सात मई को तीसरे चरण में होगा मतदान
# हैंडक्रॉफ्ट की नगरी में कांग्रेस को वनवास के खात्मे का इंतजार

**बैतूल संसदीय सीट**

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** ग्रीन सिटी के नाम से प्रसिद्ध और हैंडक्राफ्ट उत्पादों के लिए भारत में अलग पहचान रखने वाली बैतूल संसदीय सीट पर कांग्रेस 1996 से वनवास काट रही है। इस सीट से कांग्रेस के अंतिम सांसद प्रसिद्ध हाकी खिलाड़ी असलम शेर खान थे। उन्होंने 1991 में यहां राम लहर के बावजूद जीत दर्ज की थी। इसके बाद यहां के मतदाताओं को भगवा रंग ऐसा भाया कि वे कांग्रेस के हाथ के साथ जाने से परहेज करते रहे। कांग्रेस ने इस बार रामू टेकाम को मैदान में उतारा है तो भाजपा ने अपने सांसद दुर्गा दास उइके पर दांव लगा दिया है। बसपा मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए अर्जुन भलावी के साथ समर में उतरी है। इस सीट पर बसपा ने पहले उनके पिता को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन नामांकन के बाद उनका निधन हो गया था। इस कारण दूसरे चरण में होने वाला मतदान चुनाव आयोग ने रोक दिया था। अब यहां तीसरे चरण में सात मई को वोट डाले जाएंगे।

### 2019 में रामू टेकाम को मिली करारी हार

कांग्रेस ने 2019 में भी रामू टेकाम को उम्मीदवार बनाया था तब भाजपा के दुर्गा दास उइके ने उन्हें बड़े अंतर से हराया था। इस चुनाव में बसपा अशोक भलावी तीसरे नंबर में थे। हालांकि बसपा ने उनके निधन के बाद उनके बेटे अर्जुन भलावी को इस चुनाव में मैदान में उतार दिया है। अुर्जन भलावी लगातार पिता की समाजसेवा के सहारे वोट मांग रहे हैं। जबकि भाजपा मोदी की गारंटी के सहारे है तो कांग्रेस लोगों को यही बताने में जुटी है कि अगर भाजपा आई तो संविधान खत्म कर देगी। पांच गारंटी के बारे में भी लोगों को बताकर रामू टेकाम द्वारा वोट मांगने की कोशिश की जा रही है।

- भाजपा ने वर्तमान सांसद दुर्गा दास उइके पर दोबारा जताया है अपना विश्वास
- कांग्रेस से रामू टेकाम दे रहे टक्कर, बसपा ने प्रत्याशी के निधन के बाद पुत्र को उतारा

### विधान सभा चुनाव में क्लीन स्वीप नहीं कर पाई भाजपा

विधानसभा की यहां आठ सीटें हैं। भाजपा की कोशिश थी कि सभी सीटों को जीत लिया जाए, लेकिन दो सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार जीतने में कामयाब हो गए थे। विधानसभा चुनाव परिणाम पर भी गौर करें तो यहां भाजपा का पलड़ा भारी है।

1952 में जब पहला चुनाव हुआ था तब कांग्रेस के भीकूलाल चांडक जीते थे। इसके बाद पार्टी के नरेंद्र कुमार साल्वे लगातार दो बार सांसद चुने गए। जब 1977 में चुनाव हुआ तो इस सीट को जनता पार्टी ने कांग्रेस से छीन लिया। जब 1980 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने यहां से मुस्लिम चेहरे के रूप में गुफरान आजम को मैदान में उतार दिया। उन्होंने न सिर्फ इस सीट को कांग्रेस की झोली में डाल दी बल्कि पार्टी अगला चुनाव जब 1984 में लड़ी तो फिर उसे यहां से जीत मिली हालांकि तब कांग्रेस का चेहरा गुफरान नहीं बल्कि असलम शेर खान थे। 1989 में जब अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को लेकर आंदोलन शुरू हुआ तो कांग्रेस के लिए इस सीट पर जीतना मुश्किल हो गया। ऐसी लहर आई की भाजपा के आरिफ बेग ने कांग्रेस के हराया। हालांकि 1991 में राम मंदिर निर्माण आंदोलन की लहर होने के बाद भी भाजपा को यह सीट गंवानी पड़ी थी। तब असलम शेर खान फिर यहां से जीते। यह कांग्रेस के लिए जीत वाला अंतिम चुनाव था। 1996 से लगातार कांग्रेस इस सीट पर हार रही है।

इस सीट पर कांग्रेस हर बार चक्रव्यूह बनाती है लेकिन भाजपा उसे भेद देती है। 1996 में भाजपा के विजय खंडेलवाल जीते थे। उन्होंने इस सीट पर 1998, 1999 और 2004 में भी भाजपा की झोली में डाला। 2008 में उप चुनाव हुआ तो हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा को जीत दिलाई। इसी साल परिसीमन बदला और यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गई। फिर कांग्रेस ने तगड़ी व्यूह रचना की लेकिन उसका कोई भी दांव काम नहीं आया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 985 फ्लैग 1100 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 985 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1805, राज श्री 1290, फ़ॉर्चून कि. 1765, रविन्द्रा 1765, फॉर्चुन ली0 1595, जय जवान 1390, सचिन 1535, सूरज 1415, अवसर 1625, राग गोल्ड 1620, गृहणी 1550, क्लासिक (किलो) 1640, मोर 1535, चक्र टिन 1620, ब्लू 1670, आशीर्वाद मस्टर्ड 1670, स्वास्तिक 1775, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 29000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7275-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500-11400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10300, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14400, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000-15400, अरहर कोरी छोटी 16700, **चीनी**–डालमियां 4140, पीलीभीत 4100, नवाबगंज (नई) 4090, बहेड़ी (नई) 4100 रुपये।

# रियल एस्टेट क्षेत्र में तीन गुना बढ़ा निवेश

## परामर्श कंपनी सीएंडडब्ल्यू के अनुसार जनवरी-मार्च में 5,743 करोड़ रुपये पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी



आवासीय रियल एस्टेट खंड में निवेश मार्च तिमाही में तीन गुना से अधिक होकर 5,743 करोड़ रुपये हो गया। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी कुशमैन एंड वेकफील्ड (सीएंडडब्ल्यू) के अनुसार, यह कुल रियल एस्टेट क्षेत्र में कुल प्रवाह का 63 प्रतिशत है। सीएंडडब्ल्यू की बुधवार को जारी पूंजी बाजार की रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च तिमाही के दौरान रियल एस्टेट में निवेश बढ़कर 9,124 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल समान अवधि में 8,830 करोड़ रुपये था।

रिपोर्ट के अनुसार, कुल निवेश में से आवासीय खंड में निवेश बढ़कर 5,743 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल समान तिमाही में 1,735 करोड़ रुपये था। कार्यालय संपत्तियों में निवेश मामूली बढ़कर कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 2,248 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 2,180 करोड़ रुपये था। हालांकि, मिश्रित उपयोग वाली परियोजनाओं में निवेश मार्च तिमाही में घटकर 865 करोड़ रुपये रह गया, पिछले साल समान तिमाही में 1,645 करोड़ रुपये था। औद्योगिक और लॉजिस्टिक खंड में भी मार्च तिमाही में 268 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो पिछले साल की समान तिमाही में 2,170 करोड़ रुपये था। होटल परियोजनाओं में निवेशकों ने समीक्षाधीन तिमाही में कोई रुचि नहीं दिखाई।

हालांकि पिछले साल समान तिमाही में इस खंड में 1,100 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। सीएंडडब्ल्यू की मूल्यांकन, परामर्श और पूंजी बाजार खंड के प्रबंध निदेशक सोमी थॉमस ने कहा-चालू कैलेंडर की पहली तिमाही में भी रियल एस्टेट क्षेत्र में मजबूत पूंजी प्रवाह देखा गया। इसमें नए ग्राहक और निवेशकों के विश्वास के कारण आवासीय क्षेत्र का दबदबा रहा।

### मुंबई में संपत्तियों का पंजीकरण 11 प्रतिशत बढ़ गया

बृहन्मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र में मजबूत आवास मांग के दम पर संपत्तियों का पंजीकरण अप्रैल में 11 प्रतिशत बढ़कर 11,628 इकाई हो गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मुंबई में अप्रैल 2023 में 10,514 इकाइयों का पंजीकरण हुआ था। नाइट फ्रैंक के अनुसार–पिछले महीने 11,628 इकाइयों का पंजीकरण हुआ। मुंबई के बाजार में मकान खरीदने वालों के सकारात्मक रुख के बीच मुंबई में संपत्ति पंजीकरण 2024 में लगातार चौथे महीने 10,000 से अधिक रहा। कुल पंजीकृत संपत्तियों में से 80 प्रतिशत आवासीय इकाइयां हैं। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा–बाजार की सकारात्मक परिस्थितियों ने राज्य के खजाने को काफी बढ़ावा दिया, जिससे अप्रैल में राजस्व संग्रह अब तक का सर्वाधिक रहा। अप्रैल में संपत्ति पंजीकरण में तेजी आई है...यह सकारात्मक गति जारी रहने की उम्मीद है, जो मजबूत आर्थिक वृद्धि व स्थिर ब्याज दरों से प्रेरित है, जिनके स्थिर रहने की उम्मीद है।

## 11 प्रतिशत बढ़ गई बिजली की खपत

**नई दिल्ली।** देश में बिजली की खपत अप्रैल में सालाना आधार पर करीब 11 प्रतिशत बढ़कर 144.25 अरब यूनिट रही है। मुख्य रूप से तापमान बढ़ने से बिजली खपत बढ़ी है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। अप्रैल, 2023 में बिजली की खपत 130.08 अरब यूनिट थी। एक दिन में बिजली की अधिकतम मांग भी अप्रैल, 2024 में बढ़कर 224.18 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई, जबकि अप्रैल, 2023 में यह 215.88 गीगावाट थी। बिजली मंत्रालय ने गर्मियों के दौरान बिजली की अधिकतम मांग लगभग 260 गीगावाट रहने का अनुमान लगाया है। विशेषज्ञों ने कहा कि बिजली की खपत के साथ-साथ मांग में वृद्धि मुख्य रूप से तापमान बढ़ने और इस्पात तथा बिजली जैसे क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों में तेजी के कारण हुई।

## ई-वाणिज्य केंद्र विकसित करना नई सरकार के एजेंडे में हो सकता है शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) के महानिदेशक ने निर्यात को लेकर दी जानकारी



ऑनलाइन माध्यम से भारत के निर्यात को और बढ़ावा देने के लिए देश में ई-वाणिज्य केंद्र विकसित करने का मुद्दा नई सरकार के लिए वाणिज्य मंत्रालय के 100 दिन के एजेंडे में शामिल होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

वाणिज्य मंत्रालय की शाखा विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) पहले से ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और वित्त मंत्रालय सहित संबंधित मंत्रालयों के साथ ई-वाणिज्य माध्यम से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई कदमों पर काम कर रही है क्योंकि इस क्षेत्र में निर्यात के बड़े अवसर हैं। यह कवायद इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि मंत्रालयों को नई सरकार के लिए 100 दिन की योजना तैयार करने को कहा गया है। भारत में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को शुरू हुए। मतगणना चार जून को होगी। अधिकारी ने कहा कि ये केंद्र ई-वाणिज्य माध्यमों से निर्यात को और बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। उद्योग जगत के एक विशेषज्ञ के अनुसार, ऐसे केंद्र में निर्यात मंजूरी को सुगम बनाया जा सकता है। इसके अलावा इसमें भंडारण सुविधाएं, सीमा शुल्क मंजूरी, रिटर्न प्रोसेसिंग, लेबलिंग, टेस्टिंग और रीपैकेजिंग की भी सुविधा हो सकती है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 82,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,300-54,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 70,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 70,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 69,800 |
| चांदी पक्की | 800 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 70,800 |
| चांदी आभूषण | 80,700। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**–शरबती 68 मसूरी 59 अंगूरी 55 बासमती 105, **दाल दलहन**–काला चना 86 साबुत चना दाल 74 मूंग साबुत 125 राजमा 150 दाल उड़द 123 साबुत मसूर दाल 85 मसूर दाल 84 उड़द साबुत 127 काबुली चना 128 अरहर दाल 168-170 लोबिया/करमानी 115 सोयाबीन 66 मूंगफली 55 मटर (सूखी) 45 मक्का 18 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 –106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 रुपये।

## विदेशी निवेशकों ने शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये निकाले

नई दिल्ली, एजेंसी

- दो महीने बाद अप्रैल में एफपीआई फिर हुई बिकवाली

लगातार दो माह तक खरीदार रहने के बाद अप्रैल में विदेशी निवेशक शुद्ध बिकवाल बन गए और उन्होंने 8,700 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। मॉरीशस के साथ कर संधि में संशोधन से उपजी चिंताओं और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल लगातार बढ़ने से रुख में यह बदलाव देखने को मिला। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। लेकिन अप्रैल में यह रुझान पलट गया और एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी कर ली।

वर्ष 2024 के पहले चार महीनों में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई का कुल शुद्ध निवेश 2,222 करोड़ रुपये और ऋण या बॉन्ड बाजार में 44,908 करोड़ रुपये रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने भारतीय इक्विटी से 8,671 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है।

## बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री रफ्तार हुई सुस्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- अप्रैल में वाहन की 3.38 लाख इकाइयां बेची गईं



देश में यात्री वाहनों की बिक्री नए वित्त वर्ष (2024-25) के पहले महीने में स्थिर रही। अप्रैल में वाहन की 3.38 लाख इकाइयां बेची गईं। बिक्री पर उच्च तुलनात्मक आधार प्रभाव और आम चुनावों के कारण कम मांग का असर हुआ। यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में 1.77 प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,38,341 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 3,32,468 इकाई थी।

इस दौरान मारुति सुजुकी इंडिया, हुंदै और टाटा मोटर्स की घरेलू थोक बिक्री में मामूली वृद्धि हुई है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संवाददाताओं से कहा कि अप्रैल में सपाट वृद्धि पिछले साल उद्योग के उच्च तुलनात्मक आधार के कारण है। इसके अलावा चल रहे आम चुनावों का प्रभाव भी है। उन्होंने कहा-हमने इस साल बहुत ऊंचे आधार पर शुरुआत की है... अभी देश में चुनाव चल रहे हैं और आदर्श आचार संहिता लागू है...चुनाव के दौरान बाजार थोड़ा सुस्त है। एक बार चुनाव ख़त्म हो जाएं, तो मुझे लगता है कि हम एक अलग बाजार देखेंगे। मारुति सुजुकी की कुल घरेलू यात्री वाहन बिक्री अप्रैल में 1,37,952 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 1,37,320 इकाई थी। दूसरी ओर हुंदै मोटर इंडिया की घरेलू थोक बिक्री अप्रैल में एक प्रतिशत बढ़कर 50,201 इकाई रही, जो पिछले साल इसी माह 49,701 इकाई थी।

# राष्ट्रीय

# कांग्रेस लिखित में गारंटी दे कि वह धर्म के आधार पर नहीं देगी आरक्षण: नरेंद्र मोदी

## प्रधानमंत्री बोले-आपकी मंशा मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने की है

बनासकांठा (गुजरात), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दावा किया कि कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस और उसके गठबंधन में शामिल घटकों को लिखित में यह गारंटी देने की चुनौती दी कि वे ऐसा कभी नहीं करेंगे। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा-आपकी मंशा मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने की है।

लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद गुजरात में अपनी पहली चुनावी रैली में मोदी ने कहा



नरेंद्र मोदी गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए सार्वजनिक बैठक के दौरान। ● एजेंसी

कि जब तक वह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में हैं, तब तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को नौकरियों और शिक्षा में दिए गए आरक्षण की रक्षा की जाएगी। भाजपा के दिग्गज नेता ने जोर देकर कहा-मैं कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) के साथ-साथ उनकी पार्टी और समर्थकों को चुनौती देता हूं कि वे घोषणा करें कि कभी भी धर्म के नाम पर आरक्षण का दुरुपयोग नहीं करेंगे, न ही कभी संविधान के साथ खिलवाड़ करेंगे या कभी धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं देंगे। उन्होंने कहा-कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन लिखित में गारंटी दें कि वे धर्म के नाम पर कभी आरक्षण नहीं देंगे क्योंकि उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है।

## आवश्यक रस्मों के बिना हिंदू विवाह वैध नहीं: उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि हिंदू विवाह नाचने-गाने, खाने-पीने या वाणिज्यिक लेनदेन का अवसर नहीं है और वैध रस्मों को पूरा किए बिना किसी शादी को हिंदू विवाह अधिनियम के तहत मान्यता नहीं दी जा सकती है।

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि हिंदू विवाह एक संस्कार और पवित्र बंधन है जिसे भारतीय समाज में काफी महत्व दिया जाता है। हाल ही में पारित अपने आदेश में पीठ ने युवक-युवतियों से आग्रह किया कि वे विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले ही इसके बारे में गहराई से विचार करें क्योंकि भारतीय समाज में विवाह एक पवित्र बंधन है। पीठ ने दो प्रशिक्षित वाणिज्यिक पायलटों के मामले में अपने आदेश में यह टिप्पणी की।




**नई दिल्ली :** एयर मार्शल नागेश कपूर 1 मई को बेंगलुरु में एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (एओसी-इन-सी) ट्रेनिंग कमांड का पदभार संभालने के बाद अन्य लोगों के साथ मार्च करते हुए। ● एजेंसी

## एक नजर

### जम्मू के किश्तवाड़ में भूकंप के झटके

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के पहाड़ी हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने ' 'एक्स' ' पर एक पोस्ट में कहा कि दरमियानी रात को किश्तवाड़ जिले में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 मापी गयी। भूकंप 30 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। कम तीव्रता वाले इस भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई। भूकंप से अब तक किसी के घायल होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है।

### डॉ. अतुल वर्मा हिमाचल के नए डीजीपी नियुक्त

**शिमला।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1992 बैच के अधिकारी डॉ. अतुल वर्मा को हिमाचल प्रदेश का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति आईपीएस संजय कुंडू की सेवानिवृत्ति के बाद हुई है। डॉ. वर्मा, जो पहले सीआईडी, हिमाचल प्रदेश के महानिदेशक के रूप में कार्यरत थे, अब जनहित में राज्य पुलिस बल के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालेंगे। डॉ. वर्मा की नियुक्ति की अधिसूचना हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल द्वारा बुधवार यानी एक मई को तत्काल प्रभाव से जारी कर दी गई है।

## भाजपा न तो आरक्षण हटाएगी और न ही कांग्रेस को ऐसा करने देगी

कोरबा (छत्तीसगढ़), एजेंसी

- अमित शाह ने छत्तीसगढ़ की जनसभा में विपक्षी दल पर लगाया झूठ बोलने का आरोप

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि भाजपा न तो अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को हटाएगी और न ही कांग्रेस को ऐसा करने देगी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और कहा कि चार जून को वह अपनी हार का ठीकरा अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर फोड़ने वाली है।

शाह कोरबा लोकसभा क्षेत्र के कटघोरा कस्बे में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए देश में आतंकवाद और नक्सलवाद का पोषण करती रही है। शाह ने कहा-कांग्रेस पार्टी का एक सूत्र है- झूठ बोलो, जोर से बोलो, सार्वजनिक रूप से बोलो। वे कहते हैं कि मोदी जी को बहुमत मिलेगा तो आरक्षण हटा देंगे। उन्होंने मेरा एक 'फर्जी वीडियो' प्रसारित किया है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि 10 साल से आपके आशीर्वाद से मोदी जी के पास बहुमत है। मोदी ने ना आरक्षण हटाया, ना हटाएंगे।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुमत का उपयोग अनुच्छेद 370 हटाने, राम जन्मभूमि पर मंदिर



बनाने, सीएए लागू करने, तीन तलाक समाप्त करने और नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए किया। उन्होंने कहा-मैं आपको मोदी की गारंटी देने आया हूं, जब तक भारतीय जनता पार्टी का एक भी सांसद भारत की संसद में है, एसटी, एससी और ओबीसी आरक्षण को ना हम हटाएंगे, ना ही कांग्रेस को हटाने देंगे। भाजपा नेता ने कोरबा लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी सरोज पांडेय को वोट देने की अपील की। इस सीट पर सात मई को मतदान है।

कांग्रेस अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा-खरगे साहब! क्यों एक परिवार के लिए झूठ बोल रहे हैं? चार जून (चुनाव परिणाम) को हारने के बाद हार का ठीकरा आप पर ही फूटने वाला है। आपको नहीं पता ये किसी के नहीं होते।

## दिल्ली की अदालत ने की प्रवर्तन निदेशालय की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा-मजबूत नेता और एजेंसियां जिनकी रक्षा की जिम्मेदारी उठाते हैं, उन्हें ही बनाते हैं शिकार

दिल्ली की एक अदालत ने धनशोधन मामले में एक आरोपी का इलाज करने वाले डॉक्टरों के बयान दर्ज करने के लिए सख्त पीएमएलए कानून का उपयोग करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आलोचना करते हुए कहा कि इतिहास सिखाता है कि मजबूत नेता, कानून और एजेंसियां आम तौर पर जिनकी रक्षा का संकल्प लेते हैं उन्हीं को पलटकर निशाना बनाते हैं।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने यह टिप्पणी अमित कत्याल द्वारा दाखिल एक आवेदन पर फैसला करते हुए की, जिसमें रेलवे नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में चिकित्सा आधार पर पांच फरवरी को दी गई अंतरिम जमानत को बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। न्यायाधीश ने 30 अप्रैल को अंतरिम जमानत के विस्तार को यह देखते हुए अस्वीकार कर दिया कि कात्याल स्पष्ट रूप से ठीक होने की राह पर हैं और जेल परिसर के भीतर निर्धारित जीवन शैली का पालन कर सकते हैं। न्यायाधीश ने हालांकि कहा कि कात्याल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास पाहवा ने उन डॉक्टरों के बयान दर्ज करने में ईडी द्वारा पीएमएलए की धारा 50 के उपयोग पर आपत्ति जताई थी।

## कांग्रेस के दो पूर्व विधायकों ने छोड़ी पार्टी आप के साथ गठबंधन पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** आप से गठबंधन के विरोध में कांग्रेस के दो पूर्व विधायकों नीरज बसोया और नसीब सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने पद से इस्तीफा दे दिया था। लवली द्वारा आप के साथ गठबंधन का हवाला देकर इस्तीफा देने और राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस उम्मीदवारों के बयानों के बाद पार्टी की दिल्ली इकाई में दरारें उजागर हुई थी। इन घटनाक्रम के बाद कांग्रेस ने मंगलवार को पूर्व विधायक देवेंद्र यादव को अपनी दिल्ली इकाई का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्रों में नीरज बसोया और नसीब सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस कार्यकर्ता परेशान हैं और आप से गठबंधन के कारण अपमानित महसूस कर रहे हैं।

## कोर्ट ने मिशेल की जमानत याचिका पर सीबीआई और ईडी का रुख पूछा

नई दिल्ली, एजेंसी

**अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला**




दिल्ली उच्च न्यायालय ने 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की खरीद से संबंधित 3,600 करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में नियमित जमानत का अनुरोध करने वाले कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की याचिका पर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से उनका रुख व्यक्त करने के लिए कहा है।

न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने ब्रिटिश नागरिक की जमानत याचिकाओं पर जांच एजेंसियों को नोटिस जारी किया, जिसे दिसंबर 2018 में दुबई से प्रत्यर्पण के तहत लाया गया था और बाद में कथित घोटाले में भूमिका के लिए उसे गिरफ्तार किया गया था। न्यायाधीश ने 22 अप्रैल को पारित दो अलग-अलग आदेशों में सीबीआई और ईडी के वकील से तीन सप्ताह में अपनी स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा। इस मामले की अगली सुनवाई 16 मई को होगी। पिछले साल सात फरवरी को शीर्ष अदालत ने जेम्स को जमानत देने से इनकार कर दिया था। जेम्स फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। शीर्ष अदालत ने जेम्स की उस दलील को खारिज कर दिया था जिसमें कहा गया था कि उसे इस आधार पर रिहा किया जाए कि वह इस मामले में दी जाने वाली अधिकतम कारावास की सजा का आधा हिस्सा जेल में बिता चुका है। इसके पहले उच्च न्यायालय ने मार्च 2022 में सीबीआई और ईडी, दोनों से ही जुड़े मामलों में उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। कथित घोटाला अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की खरीद से जुड़ा है। सीबीआई ने अपने आरोपपत्र में आरोप लगाया कि वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की आपूर्ति के लिए 8 फरवरी, 2010 को हस्ताक्षरित सौदे के कारण सरकारी खजाने को लगभग 2,666 करोड़ रुपये का अनुमानित नुकसान हुआ।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने अदालत के विस्तार की मांग वाली याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को उस याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा जिसमें अदालत, अदालत कक्षों, वकीलों के कक्षों, पार्किंग स्थान और बुनियादी ढांचे के विस्तार का अनुरोध किया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने याचिका पर केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों तथा कानून एवं न्याय मंत्रालय और उच्च न्यायालय के प्रशासनिक पक्ष को नोटिस जारी किया। यह याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन द्वारा दायर की गई है। इस याचिका में केंद्र को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि उच्च न्यायालय के विस्तार के लिए ढांचागत जरूरतों के मद्देनजर यहां बापा नगर की पूरी जमीन का कब्जा सौंप दिया जाए। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा–परेशानी यह है कि उच्च न्यायालय यहीं है। हमें अगल-बगल की भूमि की आवश्यकता होगी। हम इस पर गौर करेंगे और देखेंगे कि हम क्या कर सकते हैं। वस्तुत: आज हमारे पास कोई जमीन नहीं है। मामले मे अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी। इस मामले में केंद्र का प्रतिनिधित्व स्थायी वकील अनुराग अहलूवालिया ने किया, वहीं दिल्ली उच्च न्यायालय के प्रशासन पक्ष का प्रतिनिधित्व वकील रावी बीरबल ने किया।



**आज का मुकाबला**

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
राजस्थान रॉयल्स
शाम 7:30 बजे

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 09 | 509 |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 09 | 14 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 09 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |

# टी-20 विश्व कप के लिए बेहतर एकादश बनाने में जुटी सभी टीमें

## जेक फ्रेजर मैकगुर्क को नहीं मिली ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह

**सिडनी, एजेंसी**

अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में होने वाले आगामी टी-20 विश्वकप के लिए ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को मिचेल मार्श की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। आईपीएल ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने वाले युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगुर्क और स्टीव स्मिथ को टीम में जगह नहीं मिली है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने बुधवार की सुबह मिचेल मार्श को टी-20 कप्तान भी नियुक्त कर दिया है।

मार्श इससे पहले तीन टी-20 सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी कर चुके हैं। उस वक्त वह तकरीबन 12 महीनों के लिए टीम के कार्यवाहक कप्तान थे। विश्वकप के लिए टीम के तेज गेंदबाजी क्रम में पैट कमिंस, जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस के अलावा टीम में युवा गेंदबाज नाथन एलिस को भी जगह दी गई है। वहीं विकेटकीपिंग में जोश इंग्लस को पहली पसंद के कीपर मैथ्यू वेड के बाद रिजर्व विकेटकीपर के तौर पर चुना गया है। बल्लेबाजी क्रम में चयनकर्ताओं ने अनुभवी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर पर फिर से भरोसा जताया है। इसके अलावा ट्रेविस हेड भी टीम में हैं। मध्यक्रम में ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टॉयनिस और टिम डेविड का साथ शायद विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर मैथ्यू वेड देंगे। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बताया कि एगर और ग्रीन को अन्य खिलाड़ियों से पहले टीम में तरजीह दी गई। ऑस्ट्रेलियाई टीम में मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर और एडम जैम्पा शामिल हैं।

## अफगानिस्तान ने किया टीम का ऐलान

**काबुल, एजेंसी**


अफगानिस्तान ने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए राशिद खान की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। चयनकर्ताओं ने अफगानिस्तान की टीम में केवल चार बल्लेबाजों रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, नजीबुल्लाह जदरान और बैकअप विकेटकीपर मोहम्मद इशाक को शामिल किया है। टीम में अजमतुल्लाह उमरजई, नबी, गुलबदीन नईब, करीम जनत और नांगेयालिया खरोटे के रूप में छह ऑलराउंडर्स को जगह दी गई है। अफगानिस्तान की स्पिन गेंदबाजी की जिम्मेदारी मुजीब और नूर, राशिद पर होगी। इसके अलावा टीम में नबी और खरोटे भी टीम में हैं। वहीं तेज गेंदबाज के तौर पर नवीन उल हक एकमात्र दाहिने हाथ के गेंदबाज हैं। उनके अलावा बाएं हाथ के गेंदबाज फजलहलक फारूकी और फरीद अहमद भी टीम में हैं। नूर, जनत और इशाक के लिए यह पहला टी-20 विश्वकप होगा। इसके अलावा हजरतउल्लाह जजई भी 15 सदस्यीय टीम में नहीं हैं। उन्हें रिजर्व के तौर पर टीम में शामिल किया गया है।

## न्यूयॉर्क में फ्लोरिडा से लाई जा रही हैं 'ड्रॉप इन' पिचें

**न्यूयॉर्क।** आगामी टी20 विश्व कप के लिये फ्लोरिडा से 'ड्रॉप इन' पिचें न्यूयॉर्क लाई जा रही हैं जहां बाकी मैचों के अलावा नौ जून को भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण का मैच भी होना है। ये ऐसी पिच होती है, जिसे मैदान या वेन्यू से दूर कहीं बनाया जाता है और बाद में स्टेडियम में लाकर बिछा दिया जाता है। फ्लोरिडा में दिसंबर से दस ड्रॉप इन पिचें बनाई जा रही थी। ये पिचें एडीलेड ओवल टर्फ सोल्यूशंस के मार्गदर्शन में बनाई जा रही हैं जिसकी अगुवाई एडीलेड ओवन के मुख्य क्यूरेटर डेमियर हॉग कर रहे हैं। आईसीसी की विज्ञप्ति के अनुसार चार पिचें नासाउ स्टेडियम में लगाई जाएंगी जबकि छह आसपास अभ्यास परिसर में लगेंगी। टूर्नामेंट के दौरान एडीलेड ओवल टर्फ सोल्यूशंस टीम न्यूयॉर्क में ही रहेगी ताकि पिच के रख रखाव में मदद कर सके। टूर्नामेंट दो से 29 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा।

# चेन्नई ने पंजाब को दिया 163 रन का लक्ष्य

## सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज ने खेली 62 रन की शानदार पारी, धोनी ने बनाए 14 रन



अर्धशतक पूरा करने बाद दर्शकों का अभिवादन करते चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़। >>



**चेन्नई, एजेंसी**

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (62) और अजिंक्य रहाणे (29) की शानदार पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने बुधवार को आईपीएल के 49वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को जीत के लिए 163 रनों का लक्ष्य दिया है।

एम ए चिदंबरम स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की ऋतुराज गायकवाड़ और अजिंक्य रहाणे की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 64 रन जोड़े। हालांकि इस जोड़ी के बाद कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो सकी।

नौवें ओवर में हरप्रीत बराड़ ने पहले अजिंक्य रहाणे 24 गेंदों में (29) और इसी ओवर में शिवम दूबे (शून्य) पर आउटकर पंजाब को दोहरी सफलता दिलाई। इसके बाद रवींद्र जडेजा (2) और समीर रिजवी (21) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। मोईन अली (15), एमएस धोनी(14) रन बनाकर आउट हुए। ऋतुराज गायकवाड़ ने 48 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुये सर्वाधिक (62) रन बनाए। डैरिल मिचेल एक रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 162 रनों का स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की ओर से हरप्रीत बराड़ और राहुल चाहर ने दो-दो विकेट लिये। कगिसो रबाडा और अर्शदीप सिंह एक-एक विकेट मिला।

**64** रनों की साझेदारी कर सलामी जोड़ी ने दिलाई बेहतर शुरुआत के बाद लड़खड़ाया मध्यक्रम

**चेन्नई 162/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 18

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का रोसेयु बो बराड़ | 29 | 24 | 5/0 |
| रुतुराज गायकवाड़ बो अर्शदीप | 62 | 48 | 5/2 |
| शिवम दुबे पगबाधा बराड़ | 0 | 1 | 0/0 |
| रविंद्र जडेजा पगबाधा चाहर | 2 | 4 | 0/0 |
| समीर रिजवी का हर्षल बो रबाडा | 21 | 23 | 1/0 |
| मोईन अली बो राहुल चाहर | 15 | 9 | 1/1 |
| महेंद्र सिंह धोनी रन आउट | 14 | 11 | 1/1 |
| डेरिल मिचेल नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** रबाडा 4-0-23-1, अर्शदीप 4-0-52-1, कुरेन 3-0-37-0, बराड़ 4-0-17-2, राहुल चाहर 4-0-16-2, हर्षल 1-0-12-0

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.096 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.810 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.075 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.272 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

**खेल डायरी**

### घोषणा में देरी का कारण खिलाड़ियों की फिटनेस

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कुछ खिलाड़ियों की फिटनेस और प्रदर्शन संबंधी समस्याओं के कारण अपनी विश्व कप टीम की घोषणा को मई के अंत तक टाल दिया है। पीसीबी ने कहा कि पाकिस्तान 23 या 24 मई को अपनी टी20 विश्व कप टीम की घोषणा करेगा जो आईसीसीद्वारा प्रतिस्पर्धी टीमों के लिए विश्व कप तकनीकी समिति से अनुमति के बिना अपनी टीम में बदलाव करने के लिए निर्धारित समय सीमा भी है। प्रबंधन और चयनकर्ता मुहम्मद रिजवान, आजम खान, इरफान खान नियाजी और हारिस राउफ की मामूली चोटों से चिंतित हैं और आयरलैंड तथा इंग्लैंड में उनके प्रदर्शन पर नजर रखेंगे। चयनकर्ता गुरुवार को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए टीम की घोषणा करेंगे। टीम प्रबंधन और चयनकर्ता विश्व कप टीम की घोषणा करने से पहले चयनित खिलाड़ियों की फिटनेस और प्रदर्शन का आकलन करेंगे। अब तक भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड ने अपनी विश्व कप टीमों की घोषणा की है।

### मुंबई पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**लखनऊ।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दूसरी बार टीम की ओवरगति धीमी रहने के कारण 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। इंपैक्ट खिलाड़ी समेत बाकी खिलाड़ियों पर छह छह लाख रूपये या मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया। मुंबई को लखनऊ ने चार विकेट से हराया। आईपीएल ने कहा मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर टाटा इंडियन प्रीमियर लीग के 48वें मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया गया है। इसमें कहा गया यह इस सत्र में धीमी ओवर गति संबंधित टीम का दूसरा अपराध था तो पंड्या पर 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया है। बाकी सदस्यों पर छह छह लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

### महिला हॉकी लीग में हरियाणा-महाराष्ट्र जीते

**रांची।** हरियाणा ने राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के पहले चरण के दूसरे दिन बुधवार को यहां मणिपुर को 8-0 जबकि महाराष्ट्र ने मिजोरम को 3-0 से हराया। हरियाणा के लिए एकतरफा जीत में शशि खासा (49वें, 50वें और 56वें मिनट) ने हैट्रिक बनाई जबकि रितिका ने दो गोल दागे। टीम के लिए पूजा (दूसरे मिनट), मंजू चौरसिया (20) और भतेरी (37) ने एक-एक गोल किया। महाराष्ट्र को भी मिजोरम के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। तनुश्री दिनेश काडू ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके महाराट्र को बढ़त दिलाई जबकि मोनिका टिर्की ने 26वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। कप्तान अश्विनी कोलेकर (50वें मिनट) ने दूसरे हाफ में गोल दागकर टीम की 3-0 से जीत सुनिश्चित की।

### सेमीफाइनल में पहुंचे चार भारतीय मुक्केबाज



**अस्ताना (कजाखस्तान)।** भारतीय मुक्केबाजों आर्यन, यशवर्धन सिंह, प्रियांशु और साहिल ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। आर्यन ने 51 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के जुराएव शाकरबाय को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। यशवर्धन (63 .5 किग्रा) ने पहले दौर में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ईरान के मिराहमादी बाबाहेदारी को 4-1 से हराया। दूसरी तरफ प्रियांशु (71 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) को अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा और उन्होंने क्रमश: चीनी ताइपे के वू यू एन और तुर्कमेनिस्तान के यकलीमोव अब्दिरहमा के खिलाफ रैफरी के मुकाबला रोकने (आरएससी) के फैसले के साथ अगले दौर में प्रवेश किया। युवा वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले शुक्रवार को खेले जाएंगे। आर्यन (92 किग्रा), निशा (52 किग्रा), आकांक्षा फलसवाल (70 किग्रा) और रुद्रिका (75 किग्रा) बुधवार रात अपने-अपने युवा वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में उतरेंगे।

# जीत के ढर्रे पर आना चाहेगी हैदराबाद

**हैदराबाद, एजेंसी**



लक्ष्य का पीछा करते हुए भटकने वाली सनराइजर्स हैदराबाद शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने अभियान को ढर्रे पर लाना चाहेगी। रॉयल्स का प्लेआफ में स्थान लगभग पक्का है लेकिन सनराइजर्स के लिए इस मैच में बहुत कुछ दाव पर है।

कुछ दिन पहले तक शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए मिली हार का खामियाजा भुगतना पड़ा है। इन पराजयों के बाद टीम शीर्ष चार से बाहर हो गई।

पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करते हुए नाकाम रहे हैं जिससे कोच डेनियल विटोरी को स्वीकार करना पड़ा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए अति आक्रामक खेलने की रणनीति गलत रही।

दूसरी ओर रॉयल्स का अब तक का सफर बेदाग रहा है । पहले सत्र की विजेता टीम ने हर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया है। उसके पास जोस बटलर, यशस्वी और कप्तान सैमसन जैसे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी में उनके पास चहल, बोल्ट का अनुभव और आवेश, संदीप का जोश है।

**मैड्रिड ओपन में आखिरी बार खेलते हुए हार के बाद भावुक हुए नडाल**

# ये यादें साथ रहेंगी : राफेल



**मैड्रिड।** बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन राफेल नडाल मैड्रिड ओपन के चौथे दौर में मिली हार के बाद भावुक हो गए चूंकि यहां वह आखिरी बार खेल रहे हैं। पांच बार के चैंपियन नडाल को 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने हराया। हार के बाद नडाल ने कहा यह काफी कठिन दिन है लेकिन यही हकीकत है। मेरा शरीर और जिंदगी काफी समय से संकेत दे रहे हैं। मैं इस कोर्ट को अलविदा कह रहा हूं और मेरे लिए यह बहुत भावुक पल है। यहां की यादें सदैव मेरे साथ रहेंगी। नडाल के हमवतन स्पेन के ही कार्लोस अल्काराज तीन घंटे तक चले मैच में जान लेनार्ड स्ट्रफ को हराकर अगले दौर में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर ने कारेन खाचानोव को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदव ने अलेक्जेंडर बुबलिक को हराया। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने बीट्रिज हदाद माइया को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना अमेरिका की मेडिसन कीस से होगा। जिन्होंने ओंस जबाउर को हराया।

**बॉलीवुड हलचल**

## राजामौली ने बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड का किया ऐलान



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली ने अपने आगामी प्रोजेक्ट बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड का ऐलान कर दिया है। बाहुबली, बाहुबली 2 और आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने के बाद, फैंस और दर्शक निर्देशक एसएस राजामौली की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। राजामौली ने अपने आगामी प्रोजेक्ट बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड एनिमेटेड सीरीज का एलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक क्लिप के जरिए अपने प्रोजेक्ट के टाइटल का खुलासा किया है। एसएस राजामौली ने अपने ऑफिशियल एक्स (ट्विटर) पर अपने आगामी प्रोजेक्ट का खुलासा करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है और कैप्शन में लिखा है, जब महिष्मति के लोग उनका नाम जपते हैं, तो ब्रह्मांड की कोई भी ताकत उन्हें वापस लौटने से नहीं रोक सकती। बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड, एक एनिमेटेड सीरीज का ट्रेलर, जल्द ही आएगा। वीडियो में टाइटल को धुएं से निकलते हुए दिखाया गया है। बैकग्राउंड में लोगों को बाहुबली के नारे लगाते हुए सुना जा सकता है।

## दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में अक्षय-अरशद शुरू करेंगे जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग



**मुंबई।** बॉलीवड अभिनेता अक्षय कुमार और अरशद वारसी दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। वर्ष 2013 में सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी 'जॉली एलएलबी' में अरशद वारसी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके बाद वर्ष 2017 में जॉली एलएलबी की सीक्वल प्रदर्शित हुई, जिसमें अक्षय कुमार की मुख्य भूमिका थी।लंबे समय से इस फ्रेंचाइजी के फैंस को इसके तीसरे पार्ट का इंतजार है। कहा जा रहा है कि जॉली एलएलबी 3 में अक्षय और अरशद एक साथ दिखेंगे। बताया जा रहा है कि जॉलीएलएलबी 3 की शूटिंग राजस्थान में शुरू हो चुकी है। कहा जा रहा है कि अक्षय और अरशद जल्द ही दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में जॉलीएलएलबी 3 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। शूटिंग जून से जुलाई तक 30-40 दिनों तक चल सकती है। बताया जा रहा है कि 2024 में फिल्म की शूटिंग पूरी हो जाएगी और 2025 में फिल्म थिएटर्स में दस्तक दे सकती है।

**एमएसके प्रसाद बोले-काफी होंगे तीन तेज गेंदबाज, अमेरिका और वेस्टइंडीज में धीमी पिचों की उम्मीद**

# क्या विश्व कप की चुनौती में सफल हो पाएंगे अर्शदीप और सिराज

- आईपीएल के इस सत्र में अब तक महंगे साबित हुए हैं दोनों की भारतीय तेज गेंदबाज



**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत की टी20 विश्व कप टीम में चार स्पिनरों से पता चलता है कि भारतीय चयनकर्ताओं को अमेरिका और वेस्टइंडीज में स्पिन की अनुकूल धीमी पिचों की उम्मीद है लेकिन क्या उन्होंने 15 सदस्यीय टीम में केवल तीन तेज गेंदबाजों को चुनकर कोई गलती की है। तेज गेंदबाजी में पसंद पर भी सवाल उठे हैं। आईपीएल शुरू होने से पहले तेज गेंदबाजी विभाग में सिर्फ जसप्रीत बुमराह का चयन तय था जबकि अन्य तेज गेंदबाजों को लीग में खुद को साबित करना था।

मंगलवार को चुनी गई टीम को देखते हुए चयनकर्ताओं ने सुरक्षित रुख अपनाया और एक जून से शुरू होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट में बुमराह का साथ देने के लिए मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह को चुना। भारत के लिए सिराज ने 10 और अर्शदीप ने 44 टी20 अंतर्राष्ट्रीय खेले हैं। इन दोनों का मौजूदा आईपीएल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा लेकिन भारत के लिए उनके अतीत के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें टीम जगह मिली है।

सिराज ने 9.50 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए हैं जबकि अर्शदीप महंगे साबित हुए हैं और उन्होंने प्रति ओवर 9.63 रन की दर से रन लुटाए हैं। अर्शदीप ने हालांकि नौ मैच में 12 विकेट चटकाए हैं। पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद की राय में विश्व कप में तीन तेज गेंदबाजों को ले जाना काफी होगा और उन्हें चुने गए खिलाड़ियों से भी कोई दिक्कत नहीं है। वहां की पिचों से धीमे गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है और इसीलिए वे चार स्पिन विकल्पों के साथ जा रहे हैं। प्रसाद ने टीम को संतुलित बताया, हालांकि उन्हें लगता है कि राहुल इसमें जगह पाने के हकदार थे। बल्लेबाजी के नजरिए से यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राहुल जैसा खिलाड़ी चूक गया है लेकिन मुझे यकीन है कि वह जोरदार वापसी करेगा।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# चुनाव के दांव-पेच सीखने भारत आए 10 देशों के दल

नई दिल्ली, एजेंसी

● ऑस्ट्रेलिया, रूस समेत 18 राजनीतिक दल चुनावी प्रक्रिया को समझने भारत दौरे पर आए

देशभर में चल रहे लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को देखने और समझने के लिए पूरी दुनिया से लोग भारत आए हैं। भाजपा के विदेश विभाग के प्रभारी डॉ. विजय चौथाईवाले ने बताया कि भारत के चुनावी इतिहास में पहली बार 10 देशों के कई राजनीतिक दल भाजपा के निमंत्रण पर एक से पांच मई तक भारत दौरे पर रहेंगे।

लोकसभा चुनाव का शुरुआती अनुभव लेने के लिए सत्तारूढ़ पार्टी के निमंत्रण पर 10 देशों के 18 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भारत की यात्रा पर आए हैं। इस दौरान यह लोग भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित भाजपा के कई नेताओं से बातचीत करेंगे। डॉ. विजय चौथाईवाले ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, मॉरीशस, नेपाल, रूस, श्रीलंका, तंजानिया, युगांडा और वियतनाम सहित 10 देशों से आने वाले प्रतिनिधि भारतीय चुनावी प्रक्रिया के साथ-साथ भाजपा की चुनाव अभियान रणनीतियों को समझने के लिए नई दिल्ली में वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। ऑस्ट्रेलिया की लिबरल पार्टी, वियतनाम की वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी, बांग्लादेश की अवामी लीग, इजराइल की लिकुड पार्टी, युगांडा की नेशनल रेसिस्टेंस मूवमेंट, तंजानिया की चामा चा मापिनदुजी और रूस की यूनाइटेड रशिया पार्टी उन राजनीतिक दलों में शामिल हैं।



## अमेरिका : प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया

न्यूयॉर्क, एजेंसी

फिलिस्तीनी समर्थक छात्र अमेरिका भर के विवि में प्रदर्शन कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के कैंपस में तंबू लगाकार कई दिनों से छात्र विरोध प्रदर्शन करने में जुटे हुए हैं। पुलिस बार-बार छात्रों से अपील कर रही है कि वे तत्काल कैंपस से हट जाएं। वहीं, कोलंबिया विश्वविद्यालय पर छात्रों ने कब्जा कर लिया था, इसके बाद छात्रों को निलंबित करना शुरू कर दिया है। पुलिस कार्रवाई के दौरान कई छात्रों को हिरासत में लिया है। पुलिस अधिकारियों ने कैंपस को खाली करने के लिए कई कड़े कदम उठाए हैं। छात्रों द्वारा प्रदर्शन कर रहे बने तंबुओं को भी उखाड़ दिया। बता दें, इस महीने की शुरुआत में कोलंबिया में विरोध प्रदर्शनों की शुरुआत हुई जो अब कैलिफोर्निया से लेकर मैसाचुसेट्स तक फैल चुका है। जैसे-जैसे मई के शुरुआत में होने वाले समारोह नजदीक आ रहे हैं, प्रशासकों को अतिरिक्त दबाव का सामना करना पड़ रहा है।

# एआई की रेस में भारतीय कंपनियां सबसे आगे

**60%**
अग्रणी देशों में कंपनियों के पास एआई प्रोजेक्ट चल रहे हैं

### कौनसा देश किसी स्थिति में

- भारत : 70% कंपनियां एआई प्रोजेक्ट संचालित कर रही हैं।
- सिंगापुर : 57% कंपनियों के पास एआई प्रोजेक्ट।
- अमेरिका : 53% कंपनियां एआई प्रोजेक्ट से लैस हो चुकी हैं।
- जापान : 19% कंपनियां ही एआई प्रोजेक्ट पर चला रही हैं।

*आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने दुनिया को अग्रणी और पिछड़े देशों में विभाजित कर दिया है। डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी नेटएप की रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई की रेस में भारत, सिंगापुर, ब्रिटेन और अमेरिका अग्रणी हैं। स्पेन, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी पिछड़े देशों में से हैं। अग्रणी देशों में 60% कंपनियों के पास एआई प्रोजेक्ट चल रहे हैं। जबकि भारत में 70% कंपनियां एआई प्रोजेक्ट संचालित कर रही हैं। पीछे रहने वाले ने देशों में 36% कंपनियों के पास ही ऐसे प्रोजेक्ट हैं नेटएप ने यह रिपोर्ट सवंता के साथ साझेदारी में की गई स्टडी से तैयार की है।*

### अपनाने में कौन आगे

- 70 फीसदी टेक्नोलॉजी
- 55 फीसदी बैंकिंग और फाइनेंशियल
- 50 फीसदी मैनुफैक्चरिंग
- 38 % हेल्थकेयर
- 25% मीडिया और एंटरटेनमेंट

- 10 देशों के 1,300 से अधिक अधिकारियों से सवाल पूछे गए। रोचक बात यह है कि भारत की 91% कंपनियों की योजना एआई प्रोजेक्ट को ट्रेन्ड करने के लिए अपना डेटा इस्तेमाल करने की है। वैश्विक स्तर 20/ भारतीय कंपनियों का 53% भारत कि वे आईटी की जगह एआई की मदद लेंगी।



### इससे लाखों लोगों की जा सकती है नौकरी

फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक के आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा नौकरी कॉल सेंटर्स में मिलती है लेकिन अगले दो साल में यह नजारा कुछ और होने वाला है। तमाम कॉल सेंटर्स में एआई का इस्तेमाल बड़े स्तर पर होने लगेगा और इंसानों की जरूरत नहीं होगी। ऐसे में अगले दो साल में यानी 2025 तक दुनियाभर में कॉल सेंटर्स के लाखों लोग बेरोजगार होंगे। उन्होंने कहा कि एआई इनकमिंग कॉल को आसानी से हैंडल कर सकते हैं और उनके जवाब दे सकते हैं। कॉल सेंटर में इंसानों की जरूरत नहीं होगी।

### कई क्षेत्रों में हो रहा एआई का इस्तेमाल

आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल आज कई क्षेत्रों में हो रहा है। मोबाइल से लेकर टीवी तक में एआई का सपोर्ट मिल रहा है। एआई का इस्तेमाल तब खतरनाक हो जा रहा है जब यह इंसानों को रिप्लेस करने लग रहा है। एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि अगले दो साल में कॉल सेंटर्स में इंसानों की जरूरत नहीं होगी। लोगों की जगह एआई काम करेंगे।

## एक नजर

### ब्रिटेन में भारतीय मूल की लेखिका को डॉक्टरेट की उपाधि

**लंदन।** कोलकाता में जन्मी इतिहासकार-लेखिका श्राबणी बासु को साहित्य तथा साझा ब्रिटिश भारतीय इतिहास के अध्ययन के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए लंदन विश्वविद्यालय ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की है। सर्वाधिक बिकने वाली जीवनी संबंधी पुस्तकों की लेखिका बासु ने मंगलवार को एक दीक्षांत समारोह में 'डॉक्टर ऑफ लिटरेचर' की अपनी मानद उपाधि ग्रहण की। विक्टोरिया एंड अब्दुल : द ट्रू स्टोरी ऑफ क्वीन्स क्लोजेस्ट कॉन्फिडेंट' पर एक फिल्म भी बनी है जिसे ऑस्कर के लिए नामित किया गया था और उसमें डेम जूडी डेंच ने अभिनय किया था। ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय की बहन प्रिंसेज रॉयल ने विवि की कुलाधिपति के तौर पर बासु को यह डिग्री प्रदान की।

### अमेरिका में मेट्रो ट्रेन-बस की टक्कर में 55 लोग घायल

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के लॉस एंजिल्स में मंगलवार को मेट्रो ट्रेन और एक बस की टक्कर में 55 लोग घायल हो गए। लॉस एंजिल्स अग्निशमन विभाग ने कहा कि दोपहर के आसपास, लॉस एंजिल्स मेट्रो ट्रेन शहर के एक्सपोज़िशन पार्क क्षेत्र में दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय की बस से टकरा गई। बस में गंभीर रूप से घायल हुए दो लोगों के अलावा, 16 लोगों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया और 37 लोगों का घटनास्थल पर ही इलाज कर दिया गया। ट्रेन में करीब 150 यात्री सवार थे।

### कोलंबिया में हजारो गोले और 37 मिसाइलें सैन्य अड्डे से हुईं चोरी

**बोगोटा।** एक मई (एपी) कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने मंगलवार को कहा कि देश के दो सैन्य अड्डों से हजारों गोलों (ग्रेनेड) और गोलियों की चोरी हुई है। पेट्रो ने कहा कि सेना ने इस माह निरीक्षण किया और पाया कि हजारों गोलियां, हजारों गोले और तोप रोधी 37 मिसाइलें सैन्य अड्डों से चुराई गई हैं। इन सैन्य अड्डों में से एक देश के मध्य भाग में जबकि दूसरा कैरेबियाई तट के निकट स्थित है। राष्ट्रपति ने कहा कि हो सकता है कि ये गोला-बारूद कोलंबियाई विद्रोही संगठनों के हाथ लगे हों या उन्हें अन्य देशों में आपराधिक समूहों को अवैध रूप से बेच दिया गया हो जिनमें हैती के विद्रोही भी शामिल हैं।

### तमिलनाडु: पत्थर खदान में बड़ा धमाका, चार की मौत, आठ घायल

**चेन्नई।** तमिलनाडु के विरुद्धनगर जिले में करियापट्टी इलाके में एक पत्थर खदान में हुए विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई। घटनास्थल पर राहत और बचाव दल ने मौके पर पहुंचकर घटना पर काबू पाया। अग्निशमन विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही। इससे पहले तमिलनाडु में मंगलवार शाम को हुए एक अन्य सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई थी और 15 लोग घायल हुए थे। दरअसल एक निजी बस यात्रियों को लेकर यरकौड से सेलम जा रही थी। सेलम में यरकौड घाट रोड पर बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई।

# भारतीय दूतावास पर हमले में शामिल 10 खालिस्तानियों पर होगी कार्रवाई

## अमेरिका में मार्च 2023 में सैन फ्रांसिस्को स्थित दूतावास पर हुआ था हमला

न्यूयॉर्क, एजेंसी

पिछले साल मार्च में सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हुए खालिस्तान समर्थकों के हमले को लेकर अब अमेरिकी सरकार एक्शन में आ गई है। अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) दूतावास हमले में शामिल 10 आरोपियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने की तैयारी में है।

एफबीआई के एक अधिकारी ने बताया है कि, लुकआउट नोटिस यह सुनिश्चित करेगा कि अमेरिकी एजेंसियां सक्रिय रूप से हमले में शामिल 10 आरोपियों को हिरासत में लेगी। अमेरिकी अधिकारियों और बाद में भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा उनसे पूछताछ, पहचान और गिरफ्तारी की तैयारी में लग जाएंगी। गौरतलब है कि भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला 18 और 19 मार्च 2023 की मध्यरात्रि को हुआ था। जब कुछ कथित खालिस्तान समर्थकों ने अवैध रूप से वाणिज्य दूतावास में प्रवेश किया और आग लगाने का प्रयास किया। दूतावास की इमारत को क्षतिग्रस्त कर दिया और दूतावास के अधिकारियों को घायल कर दिया था। इसके अलावा 18 जून 2023 को कनाडा के सुरीं में अलगाववादी खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद 1 और 2 जुलाई 2023 की मध्यरात्रि में कुछ आरोपी फिर से वाणिज्य दूतावास में घुस गए और उसे जलाने की कोशिश की थी।

### खालिस्तानी प्रदर्शनकारी नहीं, अब इन्हें अपराधी माना जाएगा

खालिस्तानी समर्थकों के लेकर अमेरिका जांच एजेंसियों के रुख में बड़ा बदलाव आया है। एफबीआई



के एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिका में भारतीय दूतावास पर हमले में शामिल खालिस्तानी संगठनों को अब प्रदर्शनकारी नहीं माना जाएगा, बल्कि इन्हें अपराधी मानते हुए कार्रवाई की जाएगी। एफबीआई कथित तौर पर ऐसे समूहों के खिलाफ आपराधिक कानूनों के अनुसार कार्रवाई की योजना बना रही है और उसने कई लोगों के नाम भी तय कर लिए हैं। इससे पहले, ऐसे खालिस्तानी समर्थक संगठनों की गतिविधियों को अमेरिका के द्वारा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में रखा जाता था।

### खालिस्तानी संगठनों की फंडिंग पर लगेगी रोक

खालिस्तानी संगठनों की फंडिंग को ट्रैक कर इस पर रोक लगाई जाएगी एफबीआई खालिस्तानी संगठनों की फंडिंग की भी जांच कर रही है। अमेरिका ने इन संगठनों की वित्तीय सहायता को ट्रैक करने और रोकने प्रयासों को तेज कर दिया है। एफबीआई और एनआईए की जांच में यह भी पता चला कि खालिस्तानी संगठनों के कई समर्थक ऑनलाइन कट्टरपंथ से प्रभावित थे और तस्करी जैसे अपराधों में शामिल हैं। एफबीआई अधिकारियों ने एनआईए से कहा है कि खालिस्तानी अपराधियों के नाम और पासपोर्ट के अलावा बायोमेट्रिक्स भी प्रदान करें। भारतीय एजेंसियां इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस का अनुरोध करते समय आरोपी का नाम, पासपोर्ट विवरण साझा करती हैं। एफबीआई के मुताबिक बायोमेट्रिक्स डेटा से अपराधियों का तलाश आसान होगी।

## जेल में बंद नेताओं को डिजिटल प्रचार की नहीं मिली अनुमति

**नई दिल्ली।** जेल में बंद नेताओं को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने जेल में बंद नेताओं को लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार करने की अनुमति देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि यह अर्जी बहुत ही दुस्साहसिक और कानून के मौलिक सिद्धांतों के विरुद्ध है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी. एस. अरोड़ा की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि अदालतें नीतिगत निर्णय नहीं लेती हैं और ऐसे मुद्दों पर निर्णय लेना संसद का काम है।

पीठ ने कहा, हम ऐसे किसी भी व्यक्ति को चुनाव प्रचार करने की अनुमति नहीं दे सकते जो हिरासत में है। अन्यथा, सभी बलात्कारी, हत्यारे चुनाव से महज पहले राजनीतिक दल बनाने लगेंगे। उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को जुर्माना लगाने की चेतावनी दी। अदालत विधि छात्र अमरजीत गुप्ता की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। गुप्ता निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता की घोषणा किए जाने के बाद नेताओं, खासकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, की गिरफ्तारी के समय को लेकर आहत हैं।

# जज को तो शनिवार-रविवार को भी अवकाश नहीं मिलता

नई दिल्ली, एजेंसी



● अदालतों और हाईकोर्ट के जजों की छुट्टी को लेकर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की छुट्टी को लेकर एक टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जो लोग न्यायालय और न्यायाधीशों की लंबी छुट्टियों को लेकर आलोचना करते हैं, उन्हें यह नहीं पता कि न्यायाधीशों को तो शनिवार और रविवार को भी छुट्टी नहीं मिलती।

छुट्टी का मुद्दा तब सामने आया, जब सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के एक मामले में दलीलों के लिए गुरुवार का दिन तय किया। अदालत ने दोनों पक्षों से कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 20 मई से गर्मियों की छुट्टियों पर जाने से पहले दलीलें पूरी कर ली जाएं। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सीबीआई पर राज्य से पूर्व अनुमति लिए बिना जांच करने का आरोप लगाया गया है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा, 'जो लोग यह आलोचना करते हैं कि शीर्ष अदालत और हाईकोर्ट लंबी छुट्टियां लेते हैं, उन्हें नहीं पता कि न्यायाधीश कैसे काम करते हैं।' उन्होंने केंद्र का पक्ष रखते हुए पीठ से कहा, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश रोजाना 50 से 60 मामले देखते हैं और वह छुट्टियों के हकदार हैं।

### सिंध में जबरन हो रहा हिंदू लड़कियों का धर्म परिवर्तन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी हिंदू नेता और सीनेट के सदस्य दानेश कुमार पलयानी ने सिंध प्रांत में गंभीर मानवाधिकार संकट पर चिंता जताते हुए कहा कि हिंदू समुदाय की लड़कियों को जबरन इस्लाम में परिवर्तित किया जा रहा है। दानेश कुमार पलयानी ने कहा कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा हिंदू लड़कियों से जबरन इस्लाम धर्म कबूल करवाया जा रहा है। जिन इलाकों में हिंदू बसे हुए हैं, वहां लड़कियों का धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। सीनेट में अपनी बात रखते हुए पलयानी ने कहा कि पाकिस्तान हमें यह अधिकार देता है कि कोई भी किसी को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर नहीं कर सकता। कुरान में भी इस बात का जिक्र किया गया है कि धर्म में कोई जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए।

### बर्फ हटाने में जुटे सैनिक



**चमोली :** उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा के पैदल यात्रा मार्ग से सैनिकों ने बर्फ हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। 25 मई से शुरू हो को लेकर सेना के जवान प्रतिकूल मौसम के बीच घांघरिया और लोकपाल साहिब के रास्ते से बर्फ हटाने में जुटे हुए हैं। हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए 22 मई को ऋषिकेश से पंज प्यारों की अगुवाई में पहला जत्था रवाना होगा। यात्रा मार्गों पर पैदल रास्तों के चौड़ीकरण और सुधारीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। ● एजेंसी

## चीन के ग्वांगदोंग में राजमार्ग ढहा, वाहन फंसे, 24 की मौत

**बीजिंग।** दक्षिणी चीन में बुधवार को राजमार्ग का एक हिस्सा ढह गया, जिससे कई वाहन फंस गए और 24 लोगों की मौत हो गई। चीनी मीडिया के अनुसार, राजमार्ग का 17.9 मीटर (58.7 फीट) हिस्सा ढह गया 18 वाहन नीचे गिर गए।

अधिकारियों ने बताया है कि, बीते दो हफ्तो में ग्वांगदोंग प्रांत के हिस्सों में भारी बारिश और ओलावृष्टि हो रही है, जिससे बाढ़ जैसे हालात हैं। मीझोऊ के कुछ गांवों में अप्रैल में बाढ़ आई और हाल के दिनों में शहर में भारी बारिश हुई है। स्थानीय मीडिया को बताया कि बचावदल मौके पर पहुंच गया है। फंसे लोगों में निकाला जा रहा है, 30 लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# ब्रिटेन में छात्र वीजा के बदलाव से आश्रितों की संख्या घटी

लंदन, एजेंसी

● सख्त नियमों का दिखा असर, 80 प्रतिशत तक दर्ज हुई गिरावट



ब्रिटेन में छात्र वीजा को लेकर इस साल सख्त नियम जारी किए गए हैं। ऐसे में अब विदेशी छात्रों के साथ जाने वाले आश्रितों की संख्या में महत्वपूर्ण गिरावट देखने को मिली है, जिसका ब्रिटेन सरकार ने स्वागत किया है। ब्रिटेन के गृह विभाग का कहना है कि पिछले साल की तुलना में इस साल जनवरी से लेकर मार्च के महीने में छात्रों के साथ आने वाले आश्रितों की संख्या में 80 प्रतिशत तक गिरावट देखने को मिली है। इसके अलावा दुनियाभर से 26,000 से कम छात्रों ने वीजा के लिए आवेदन किया है। बीते कुछ वर्षों में वीजा आवेदन के मामले में भारतीय छात्र अगृणी रहे हैं लेकिन इस बार के आंकड़े कुछ अलग कहानी बयां कर रहे हैं। वीजा आवेदन में गिरावट का मतलब है कि इस बार कम भारतीय छात्रों ने यूके के विश्वविद्यालयों को चुना है।

जनवरी से प्रभावी नियमों के तहत रिसर्च कोर्स करने वाले छात्रों को छोड़कर अधिकांश छात्र अपने परिवार के सदस्यों को स्टूडेंट वीजा पर साथ नहीं ला सकते। इसके अलावा वे अपना कोर्स पूरा करने से पहले वीजा नहीं बदल सकते।

## ताइवान से तनाव के बीच चीन का उन्नत विमानवाहक पोत लांच

**बीजिंग।** चीन ने अपने सबसे उन्नत और तीसरे विमानवाहक पोत फुजियान का समुद्री परीक्षण शुरू कर दिया है। फुजियान के चीनी सेना में शामिल होने के बाद ड्रैगन की ताकत काफी ज्यादा बढ़ जाएगी। ताइवान और दक्षिण चीन सागर में जारी विवाद के बीच चीन ये परीक्षण कर रहा है।

बुधवार से शुरू हो रहे परीक्षण में पोत के स्थायित्व, और इलेक्ट्रिक सिस्टम का प्राथमिक तौर पर परीक्षण किया जाएगा। चीन ने साल 2022 में फुजियान विमानवाहक पोत को लॉन्च किया था। अभी तक फुजियान पोत अपने मूरिंग परीक्षण और अन्य तकनीकी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर चुका है। विमानवाहक पोत के परीक्षण के चलते चीन ने यांग्जी नदी में यातायात परिवहन रोक दिया है।

# साइफर मामले में इमरान के विरुद्ध ठोस सबूत नहीं: कोर्ट

इस्लामाबाद, एजेंसी

● गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में पूर्व पीएम को राहत



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को राहत मिलने की उम्मीद है। दरअसल, इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के पास इस बात का कोई सबूत नहीं है कि जेल में बंद खान के पास गोपनीय दस्तावेज (साइफर) था और यह उनके पास से गायब हुआ।

इमरान और तत्कालीन विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने साइफर मामले में आरोप सिद्ध होने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर मंगलवार को फिर से सुनवाई शुरू हुई। इस्लामाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की खंडपीठ ने सवाल किया कि क्या एजेंसी के पास कोई सबूत है, जो साबित कर सके कि पूर्व पीएम के पास गुप्त दस्तावेज थे। साल 2022 मार्च में अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान से पहले एक जनसभा के दौरान पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान ने जेब से एक कागज निकालकर लहराया था और दावा किया था कि उनकी सरकार गिराने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साजिश रची जा रही है। आरोप है कि साल 2022 में वाशिंगटन से पाकिस्तान स्थित दूतावास में एक केबल भेजा गया था, जो लीक हो गया और इमरान खान ने कथित तौर पर उसे ही जनसभा के दौरान लहराया था।

**विज्ञान** तारों की उत्पत्ति व विकास का रहस्य समझने में मील का पत्थर साबित होगी यह तस्वीर

# कैमरे में कैद हुई निहारिका की भीतरी संरचना

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** स्याह अंधकार के बीच चमकती निहारिका की भीतरी संरचना को कैमरे में कैद करने की सफलता जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने हासिल की है। इस निहारिका का नाम हॉर्सहेड नेब्यूला है, जो हमसे 13 सौ प्रकाशवर्ष दूर है।

तारों की उत्पत्ति व विकास का रहस्य समझने के लिए यह तस्वीर मील का पत्थर साबित होगी। नासा के अनुसार यह निहारिका धूल और गैस की अशांत लहरों का विशाल समुद्र है। जिसे बरनार्ड 33 के नाम से भी जाना जाता है। इस निहारिका की तस्वीर में नई रोशनी नज़र आती है। जिससे निहारिका के एक क्षेत्र की जटिलता को आसानी से समझा जा सकता है। नई जानकारी के अनुसार यह निहारिका विभिन्न पदार्थों के ढहते अंतरतारकीय बादल से बनी है और बेहद चमकती है । साथ ही यह भी पता चलता है कि इसके आसपास के गैस के बादल समाप्त हो चुके हैं। जैसे ही प्रकाश धूल के बादल को वाष्पित करता है, धूल के कण गर्म गैस के साथ बादल से दूर चले जाते हैं।

इससे निहारिका बादलों के नेटवर्क का पता लगाया है। साथ ही धूल के अवरुद्ध होने और प्रकाश उत्सर्जन की जानकारी मिलती है। इसके अलावा नेबुला के बहुआयामी आकार को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है। इतना ही नही इससे निहारिका में मौजूद सामग्री के भौतिक और रासायनिक गुणों के विकास में अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। जिस कारण यह खोज बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी में यह शोध गत दिवस प्रकाशित हुआ है।



हॉर्सहेड निहारिका।

### करिश्माई है वेब टेलीस्कोप

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप वास्तव में करिश्माई है। जिसने खगोल विज्ञान को अंतर्दृष्टि दी है। यह टेलीस्कोप अभी तक ब्रह्मांड के अनेक पदार्थों का रहस्य उजागर करने में बेहद मददगार साबित हुई है। खगोल वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इस टेलीस्कोप के जरिए निकट भविष्य के ब्रह्मांड के अनेक राज उजागर हो सकेंगे।

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा को 27 देशों के सैन्य कमांडर एकजुट

नई दिल्ली, एजेंसी

● सम्मेलन में शामिल हुए सीडीएस सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा



27 देशों के वरिष्ठ सैन्य कमांडर हिंद प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर वर्चुअल सम्मेलन में शामिल हुए। इस आयोजन में भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भी भाग लिया।

मंगलवार को अमेरिका की इंडो पैसिफिक कमांड के कमांडर एडमिरल जॉन सी एक्विलिनो समेत अन्य ने सैन्य सहयोग बढ़ाने, साझा सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग, हिंद प्रशांत क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही उद्देश्यों की पूर्ति संबंधी समीक्षा भी की गई।

हिंद प्रशांत महासागर का क्षेत्र अमेरिका की सामरिक रणनीति का केंद्र है और अमेरिका इस क्षेत्र में भारत के साथ व्यापक सहयोग का हिमायती है। हिंद प्रशांत महासागर में चीन का प्रभाव भी लगातार बढ़ रहा है, जिसकी वजह से अमेरिका इस क्षेत्र के देशों के साथ लगातार सहयोग बढ़ा रहा है। वर्तमान में हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में 38 देश शामिल हैं, जो दुनिया के कुल सतह क्षेत्र का 44 प्रतिशत हैं। यहीं पर दुनिया की 65 प्रतिशत आबादी रहती है और आर्थिक तौर पर बात करें तो दुनिया की कुल जीडीपी में से 62 प्रतिशत हिस्सा हिंद प्रशांत क्षेत्र से ही आता है।